February 2021

Vol.20, Issue 4 | Annual Subscription ₹ 420

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

रोटरी समाचार

INDIA

www.rotarynewsonline.org



Rotary

RIPE शेखर मेहता ने की अपने थीम की घोषणा

जीवन परिवर्तित करने के लिए सेवा करें



विषयसूची

10 समय है,हमारे प्रदर्शन को उत्कृष्ट करने का: शेखर मेहता
आभासी रोटरी इंस्टिट्यूट, द ओडिसी, को संबोधित करते हुए RIPE शेखर मेहता ने नवनिर्वाचित मंडल गवर्नरों से बड़ा सोचने का आग्रह किया।

14 आइए हम डिजिटल युग को समाविष्ट करें : होल्गर नेक
अपने दीक्षांत सम्बोधन GETS में रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक ने DGEयों से कहा कि रोटेरियनों को तकनीकी उपकरणों का अधिक इस्तेमाल करना चाहिए।

20 महामारियाँ उम्मीद भी देती है: ट्रस्टी अध्यक्ष रवींद्रन
ट्रस्टी प्रमुख के आर रवींद्रन समझाते है कि कैसे महामारी के दौरान समुदायों की मदद करने के लिए TRF ने त्वरित प्रतिक्रिया दी।

22 कोविड महामारी से मिले अहम सार्वजनिक स्वास्थ्य सबक
डबल्यूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन बीमारियों को रोकने एवं नियंत्रित करने हेतु सार्वजनिक स्वास्थ्य में निवेश की जरूरत को चिन्हित करती है।

24 हमारी विविधता हमें प्रतिभाशाली और दैदिप्यमान बनाती है: जेनिफर जोन्स
सिनर्जी अलाइअन्स और रोटरी क्लब मद्रास द्वारा आयोजित दो आभासी बैठकों में RIPN जेनिफर जोन्स ने एकता, समानता एवं विविधता के मंत्र पर जोर दिया।

48 हर बूंद कीमती है
हम आपके लिए एक मासिक कॉलम 'गो ग्रीन' लेकर आए हैं, जिसमें व्यावहारिक सुझाव दिए गए हैं कि हम सभी अपने ग्रह को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से क्या कर सकते हैं।

51 सभी क्लबों के पास पैन एवं उन्हें केवाईसी अनुपालक होना चाहिए
रो ई निदेशक भरत पांड्या और कमल संघवी भारत के सभी रोटरी क्लबों से भारत सरकार द्वारा स्वैच्छिक क्षेत्र के लिए लाए गए नए नियमों का पालन करने का अनुरोध करते है।

64 रवि शंकर, अद्वितीय सितारवादक
प्रसिद्ध सितारवादक के जीवन एवं काम के बारे में पढ़िए

कवर पर: ज़ोन इंस्टिट्यूट द ओडिसी में मानसी करांजी और उनके दल की एक नृत्य प्रस्तुति। चित्र: विवेक अडवाणी

महामारी पर एक उत्कृष्ट संपादकीय

जब मैंने इस पत्रिका का जनवरी अंक खोला, ठीक अंदर के पृष्ठ पर टीसीए श्रीनिवास राघवन द्वारा लिखित लेख LBW जिसका शीर्षक था *मजबूत विचारों की अनुपस्थिति...* देखकर एक मानवीय चरित्र जिसने मुझे हिला दिया वो है लचीलापन।

संपादकीय में रशीदा के शब्द: ''अगर इस वायरस ने हमें कुछ सबक सिखाया है और हमें बेहतर इंसान बनने में मदद की है...'' मेरी उम्मीद भी है। आइए हम प्रार्थना करें कि हम सभी इस महामारी से सही सबक सीखें। चेन्नई कार्यालय में आपको और आपकी टीम को नया साल मुबारक हो।

नन नारायणन

रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट - मंडल 3000

आपका जनवरी का संपादकीय पढ़कर अच्छा लगा। एक बात तो तय है कि यह महामारी रोटरी के लिए एक वरदान है क्योंकि हम दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मौजूद है और हमें एक-दूसरे को जानने और इतने लोगों के साथ जुड़ने और उनसे रूबरू होने का मौका नहीं मिला होगा। व्यक्तिगत रूप से नहीं परंतु आभासीय रूप से निश्चित ही हमने दुनिया के अधिकांश हिस्सों में अपने समकक्षों को देखा है।

आशा है कि ये आभासी बैठकें सभी प्रमुख मंडल आयोजनों का हिस्सा होंगी, बेशक नि:शुल्क नहीं, लेकिन एक मामूली भुगतान के साथ जो केवल संबंधित मंडलों के रोटेरियनों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए खुली होंगी।



आर मुरली

रोटरी क्लब कोयंबटूर वेस्ट - मंडल 3201

एसआर मधु द्वारा मोहम्मद रफी पर लिखित लेख अपने मनमोहक प्रस्तुतीकरण, प्यारे किस्सों और तस्वीरों से मंत्रमुग्ध कर रहा था जिसने मुझे मेरे कॉलेज के दिनों की याद दिला दी। मेरे लिए अतीत की ललक से भरा एक पठन।

लेखक और संपादकीय टीम को धन्यवाद जिन्होंने हमें नए साल का इतना सुंदर उपहार दिया!

गुरु दत्त,

रोटरी क्लब डोंबिवली ईस्ट - मंडल 3142

संपादक ने अपने संपादकीय इस *महामारी से हमने क्या सीखा* में कोरोना के बाद की दुनिया के बारे में विस्तार से बताया है। उसने इसे वास्तविकता और संवेदनशीलता दोनों के साथ लिखा है। इस महामारी ने हमारी जीवन शैली और दैनिक दिनचर्या में भारी बदलाव किया है क्योंकि हमने अपने परिवारों के साथ बढ़िया समय बिताया है। हम अधिक तकनीक प्रेमी भी बन गए है। हम वीडियो कॉल/व्हाट्सएप के माध्यम से अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से जुड़े और इंटरनेट का उपयोग करके घर से काम किया।

हमने अधिक समावेशी सामाजिक दृष्टिकोण विकसित किया क्योंकि हम कठिन समय के दौरान एक दूसरे की, विशेषकर वंचित परिवारों की मदद करने के लिए एक साथ आए।

इन सबसे ऊपर, महामारी ने हमारे आसपास के वातावरण को ठीक करने में मदद की। हमने एक स्वच्छ वातावरण देखा क्योंकि हम अपने घरों में ही कैद थे और प्रकृति ने अपनी मौलिक सुंदरता को वापस पा लिया। हमने अपने पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को भी जाना।

राज कुमार कपूर

रोटरी क्लब रूपनगर

मंडल 3080

अफगानिस्तान और मोहम्मद रफी पर लेख

अफगानिस्तान पर लेख उस युद्ध-ग्रस्त देश में मौजूदा सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालती है। तालिबान के शासन में महिलाओं ने क्रूरता का खामियाजा उठाया है। इस क्रूर शासन ने बच्चों की शिक्षा को कभी महत्व नहीं दिया। हम अफगानिस्तान के इस किस्से के दूसरे भाग की प्रतीक्षा कर रहे है। शुभकामनाएं।

आर वसुदेवन,

रोटरी क्लब कुंबकोणम सेंट्रल

मंडल 2981

जैसे ही डाकिये ने जनवरी अंक पहुंचाया, मैंने जल्दी से सरसरी निगाह डालने के लिए इसे खोला। कवर, लेख की गुणवत्ता, प्रिंट और चित्र शानदार है जिसका श्रेय संपादक रशीदा भगत और उनकी टीम को जाता है।

मैंने पन्नों को पलटकर देखा और कई लेखों को विस्तार से पढ़ना चाहा। और आखिरी पेज (कवर के अंदर) ने मुझे कुछ लघु लेख जैसे *बैग में दिल और वैज्ञानिकों ने गले में नए अंग की खोज की* पर रुकने के लिए मजबूर कर दिया। इसने मुझे तुरंत उन लेखों को पढ़ने पर मजबूर कर दिया। अन्य लेखों में अफगानिस्तान और मोहम्मद रफ़ी पर लिखे गए लेखों ने अच्छे लेख पढ़ने की मेरी प्यास बुझाई। रोटरी न्यूज़ टीम को नए साल की शुभकामनाएं।

दर्शन सिंह बैद

रोटरी क्लब खरार - मंडल 3080

अपने बेटे के अंगों को दान करने के लिए रोटेरियन चक्रवर्ती को सलाम

जनवरी अंक की कवर फ़ोटो उत्कृष्ट थी। लेख जब तस्वीरें बोलती है की तस्वीरें जीवंत है। अपने मृतक

एक बढ़िया ढंग से संकलित जनवरी अंक के लिए सम्पादक रशीदा को बधाई। सभी लेख पढ़ने में दिलचस्प है। रो ई निदेशक भरत पंड्या का लेख आशा और अवसर का मौसम उत्कृष्ट है क्योंकि यह महामारी के दौरान दुनिया भर में लोगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को उजागर करता है। संपादक द्वारा मैमोग्राफी उपकरण पर लिखे गए लेख से पता चलता है कि एक दिमाग से चलने वाले कई हाथ चमत्कार कर सकते है और निरंतर प्रयासों से बड़ी उपलब्धियां प्राप्त हो सकती है। एक शोकग्रस्त रोटेरियन युगल पर लिखित लेख मार्मिक है।

वी मत्तुकुमारण द्वारा लिखित लेख रोटरी क्लब रासीपुरम ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन को बदलने हेतु किया गायों का दान वास्तव में प्रेरणादायक है और एक नवीन परियोजना का विचार भी प्रस्तुत करता है। एस आर मधु ने गायक मोहम्मद रफी के अतुलनीय गुणों और उनकी आवाज के जादू को बहुत खूबसूरती के साथ वर्णित किया है। संपादकीय टीम को शुभकामनाएं।

श्रद्धा वी पाई

रोटरी क्लब ठाणे ग्रीन सिटी

मंडल 3142

पुत्र श्रीकांत के अंगों को दान करने के लिए रोटेरियन बिक्रीना चक्रवर्ती को सलाम। आदिवासी लड़कियों को दिए गए सार्थक दान के लिए रोटरी क्लब बॉम्बे महाकाली हाइट्स को सलाम।

डॉ पोन मुथाइयाँ

रोटरी क्लब अदुथुराई – मंडल 2981

रोटरी सहित जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए रणनीतिक योजना आवश्यक है, जैसा कि रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक ने कहा था। रो ई निदेशक भरत पांड्या ने उचित रूप से कहा है कि चलिए हम अपने आप को बेहतर बनाएं ताकि हम अपने क्लबों को बेहतर बना सकें और समुदाय को रहने के लिए एक बेहतर जगह बना सकें। रोटेरियन बिक्रीना चक्रवर्ती ने अपने दिमागी तौर पर मृत पुत्र श्रीकांत के अंगों को दान कर दिया है जिससे चार व्यक्तियों को नया जीवन मिला है। इस परिवार को सलाम।

यह उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब मैसूरु पिछले 17 वर्षों से सिलाई और सौन्दर्य प्रसाधक पाठ्यक्रम चला रहे है जिनके लिए न्यूनतम 1000 प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाता है। मैसूरु में अब तक 1,500 वंचित महिलाएं उद्यमी बन चुकी है। क्लब को बधाई।

एस मुनियांदी

रोटरी क्लब डिंडीगुल फोर्ट – मंडल 3000

एक गैर रोटेरियन से प्रशंसा

मैं आपको एक शानदार *रोटरी न्यूज़* पत्रिका लाने के लिए बधाई देता हूँ। मुझे हाल ही में जनवरी अंक मिला और मुझे आपका संपादकीय, सम्पूर्ण सामग्री और विशेष रूप से लेख *अफगानिस्तान: जवाब से ज्यादा सवाल* पसंद आया। कृपया हमें पत्रिका प्राप्त करने के लिए अपनी डाक प्रेषण सूची में एक विशेष अतिथि के रूप में शामिल करें। आपको 2021 की बहुत सारी शुभकामनाएं।

डॉ श्रीकांत के पाणिग्रही, महानिदेशक, भारतीय सतत विकास संस्थान (IISD)

चेन्नई के फूल विक्रेता: क्या रोटरी आगे आएगी?

दिसंबर अंक में चेन्नई के फूल विक्रेताओं पर कवर स्टोरी वास्तव में दिल को छूने वाली है क्योंकि इससे हमें यह एहसास हुआ कि कोविड महामारी में अभी भी कई लोग आर्थिक एवं मानसिक रूप से पीड़ित है।

आपने इन महिलाओं की वास्तविक जीवन की स्थिति को चित्रित किया है, लेकिन इस लेख में उन कदमों के बारे में भी लिखा जाना चाहिए जिन्हें महामारी से पीड़ित ऐसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए रोटेरियनों द्वारा उठाए जाने की आवश्यकता है। ताकि हम इस कठिन समय में उनकी वित्तीय और मानसिक स्थिति में सुधार करने हेतु उपाय कर सकें।

मुझे लगता है कि सभी लेख पढ़ेंगे, इसकी सराहना करेंगे और कुछ समय बाद इस मुद्दे को भूल जाएंगे। बेहतर यह होगा कि ऐसी महिलाओं को फूलों से अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे उन्हें अच्छे दामों पर बेच सकें।

रोटरी क्लबों को फूल विक्रेताओं को प्रशिक्षित करने, उन्हें काम दिलाने, उनके व्यवसाय को वित्तपोषित करने और अपनी आजीविका चलाने के लिए अपनी उपज का विपणन करने की पहल करनी चाहिए। इसके अलावा, रोटरी अगरबत्ती का विपणन किया जा सकता है जो इन महिलाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार करेगा और रोटरी की सार्वजनिक छवि में वृद्धि करेगा।

राजेश एस परदेसी

रोटरी क्लब अहमदनगर सेंट्रल – मंडल 3132

We welcome your feedback. Write to the Editor:
rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com.
Mail your project details, along with hi-res photos,
to **rotarynewsmagazine@gmail.com**

Messages on your club/district projects, information and links on zoom meetings/ webinar should be sent only by e-mail to the Editor at **rushbhagat@gmail.com** or **rotarynewsmagazine@gmail.com** WHATSAPP MESSAGES WILL NOT BE ENTERTAINED.

Click on **Rotary News Plus** in our website **www.rotarynewsonline.org** to read about more Rotary projects.

अध्यक्ष की ज़बानी

शांति निर्माण : रोटरी की कार्रवाई शब्दों से ज़ियादा बोलती हैं

रोटरी में, 23 फरवरी को हमारी वर्षगांठ होती है, और फरवरी के महीने में ही हम शांति को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते है। इसके पीछे एक कारण होता है: हमारे शुरुआती दिनों से ही शांति एवं अंतर्राष्ट्रीय समझ में योगदान देना हमारे लिए एक उच्च प्राथमिकता रही है।

हमसे अक्सर पूछा जाता है: अब हम शांति में कैसे सम्मिलित हो सकते है? रोटरी में शांति तक जाने वाले अनेक रास्ते है। हमारे युवा कार्यक्रम हमें सकारात्मक शांति की दिशा की ओर ले जाते है, उसी दिशा में अन्तर्देशीय समितियाँ और रोटरी एक्शन ग्रुप फॉर पीस भी काम करते है।

एक अन्य तरीका है रोटेरियन पीस प्रोजेक्ट्स इन्क्यूबेटर (RPPI), जो रोटेरियनों, रोटरेक्टरों, और रोटरी शांति निर्माताओं एवं भूतपूर्व छात्रों के मध्य एक प्रेरक सहयोग है। स्विटजरलैंड और लिख्टेंस्टाइन में रोटेरियनों के नेतृत्व में, RPPI ने 48 वैश्विक परियोजनाओं को डिजाइन किया है जिसका समर्थन कोई भी क्लब प्रत्यक्ष रूप से या रोटरी संस्थान के वैश्विक अनुदानों के माध्यम से कर सकता है। बैंकाक, थाईलैंड, के चूलॉन्गकोर्न विश्वविद्यालय में रोटरी पीस सेंटर के पूर्व छात्र नीनो लोटिशविल्ली और मैथ्यू जॉन्सन कई स्वयंसेवकों में से दो है।

मेरी रोटरी शांति यात्रा के दौरान, मैंने सीखा है कि व्यक्तिगत लचीलापन किस तरह आंतरिक शांति बनाने और स्थायी बाहरी शांति निर्माण में मदद करता है। यह दक्षिण काकेशस परियोजना के लिए महिला शांति राजदूतों के पीछे प्रेरणा थी, जो जॉर्जिया में मेरे क्षेत्रीय अनुसंधान पर आधारित है। रोटेरियनों और शांति साथियों की RPPI टीम ने मिश्रित-जातीय परिवारों की महिलाओं की अविश्वसनीय क्षमता को पहचाना जो सीमावर्ती इलाकों में रहती है और अपने समुदायों के भीतर और बाहर शांति की रोल मॉडल बनती है। कहानी कहने की शक्ति का प्रयोग करते हुए आंतरिक एवं बाहरी शांति निर्माण पर कार्यशालाओं के माध्यम से, 40 प्रतिभागी अपनी कहानियों को साझा करेंगे और लगभग 400 विस्तारित परिवारों एवं सामुदायिक सदस्यों तक पहुंचेंगे। ये प्रेरणादायक किन्तु अधिकारहीन महिलाएं जमीनी स्तर पर शांतिरक्षकों के रूप में अपनी आंतरिक शक्ति को पुनः प्राप्त करेंगी। इस तरह, हम न केवल अपने क्षेत्र में, बल्कि पूरे विश्व में, स्थायी, शांतिपूर्ण समाज की दिशा में कदम उठाएंगे जिसकी हमें अत्यधिक आवश्यकता है। - नीनो लोटिशविल्ली

मैं शांति इनक्यूबेटर परियोजना में शामिल होने के लिए एवं इन प्रस्तावों को विकसित करने के लिए अतीत और वर्तमान शांति साथियों के साथ काम करके रोटरी के शांति समुदाय के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्साहित था। मेरी टीम ने पाँच प्रस्ताव लिखे - तीन बांग्लादेश में, एक इराक में, और एक पोलैंड में - जो कला पर और धार्मिक विभाजनों के बीच संवाद उत्पन्न करने और युवा लोगों में कट्टरता को कम करने की शिक्षा पर केंद्रित है। मैं इस बात से प्रेरित था कि कैसे महामारी के बावजूद, हम विचारों को विकसित करने, उसका परीक्षण करने और उन्हें मजबूत करने एवं ऐसे कार्यात्मक समाधानों को बनाने के लिए तकनीक के माध्यम से एक साथ आए जिनका समर्थन दुनिया भर के क्लब शांति स्थापित करने के लिए कर सकते है। मैं इन परिकल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए रोटरी के शांति समुदाय के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। - मैथ्यू जॉन्सन

यहाँ पर फिर से साबित होता है कि रोटरी में हम कहने के बजाय करने पर विश्वास करते है। मैं आपको *rppi.ch* पर जाकर परियोजनाओं को देखने एवं उनका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

हम अपनी मजबूत नैतिकता, स्वयं से बढ़कर सेवा के हमारे जुनून और समस्या-समाधान के प्रति हमारे अद्वितीय दृष्टिकोण के कारण 116 साल से टिके हुए है। हमारी सबसे बड़ी ताकत यह है कि कैसे हम हमारे समुदायों एवं राष्ट्रीय, जातीय, धार्मिक और राजनीतिक विभाजनों में मौजूद सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करने एवं दूसरों की मदद करने के लिए पहुंचते है। इस महीने, आइए हम अपने इतिहास और उन तरीकों का जश्न मनाएं जिससे कि रोटरी विश्व समझ, सद्भावना और शांति को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करती है।

होल्गर नेक
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

नीनो लोटिशविल्ली
संस्थापक और CEO, शांति अनुसंधान केंद्र त्बिलिस और माइंडफुल जॉर्जिया

मैथ्यू जोन्सन
प्रोफेसर एमिरेट्स और सह-निदेशक, सामाजिक नवाचार केंद्र, वॉरचेस्टर राज्य विश्वविद्यालय, मैसाचुसैट्स

संपादक
का संदेश

जहाँ स्कूल लड़कियों के लिए नाज़ुक 'जीवनरेखा' हैं

जब रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक, ज़ोन इंस्टीट्यूट, बिलकुल उपयुक्त शीर्षक 'द ओडिसी' में आगामी मंडल अध्यक्षों को डिजिटल युग को आत्मसात करने की सलाह दे रहे थे, वहीं इसके आयोजक एक शानदार, कारगर आभासी इंस्टीट्यूट का आयोजन कर रहे थे। रोटरी इंडिया की तिकड़ी में शामिल रो ई निदेशक कमल संघवी, रो ई निदेशक निर्वाचित महेश कोटबागी जिन्होंने GETS (गवर्नर्स इलेक्ट ट्रेनिंग सेमीनार) की अध्यक्षता की और इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष पीडीजी खेमका ने अपने अथक परिश्रम से इसे आभासी की अपेक्षा वास्तविक इंस्टिट्यूट जैसा अनुभव देने के लिए इसके सृजन में रचनात्मक तकनीक का प्रयोग बड़ी चतुराई से किया था। आपने लॉग इन किया, आभासी रूप से टहलते हुए केंद्रीय सभागार के साथ साथ अन्य क्षेत्रों का भी भ्रमण किया। टेक्नोलॉजी की सहायता से संभव हुए निरंतर नवाचारों के समस्त अनुभवों ने आपको आश्चर्यचकित कर दिया था।

उस विशिष्ट आयोजन में, जैसे जैसे सत्र पार करती गई, मुझे संघवी की कही बात कि सर्वश्रेष्ठ महिला वक्ताओं को आमंत्रित करने के लिए इंस्टिट्यूट की टीम ने भरपूर प्रयास किया था, रोटरी के लक्ष्य के अनुरूप, केवल महिलाओं की सदस्यता ही नहीं बढ़ानी बल्कि महिला नेतृत्व भी, सत्य लगी। कुछ महिला वक्ताओं, से पेशेवर और जातिगत दोनों दृष्टिकोण से महामारी की कड़वी सच्चाई सुन कर हम वास्तव में चकित रह गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन ने अपने उद्बोधन में, बिना लाग लपेट के, प्रतिनिधियों को विस्तार से बताया कि कुछ सर्वाधिक विकसित देशों में कोविड़ संक्रमण की और मृत्यु की दर ऊंची क्यों रही और इसके पीछे क्या कारण थे। विश्वव्यापी महामारी से प्रभावशाली तरीके से निपटने के लिए वे राष्ट्र एक मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में पर्याप्त निवेश करने में विफल रहे थे। उनका मतलब साफ़ था – इस तरह के निवेश के परिणाम प्रत्यक्ष नज़र नहीं आते लेकिन ढेर सारी बीमारियों की रोकथाम और उनके नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सौम्या और यूनिसेफ इंडिया की प्रमुख, यास्मीन अली हक, दोनों ने इंस्टिट्यूट में मौजूद रोटरी नेताओं को चौंका देने वाले मर्मस्पर्शी आंकड़ों के साथ बताया कि यह महामारी लड़कियों और महिलाओं पर कितनी तकलीफदेह गुजरी है। सौम्या ने इंगित किया कि घरेलू हिंसा और महिलाओं की तस्करी दोनों ही कोविड –19 के दौरान किस खतरनाक तरीके से बढ़ गई थी और उन्होंने वहां मौजूद रोटेरियनों और वैश्विक नेताओं से कोरोना बाद के हालातों से निपटने में सहानुभूति बरतने का भी आग्रह किया। यास्मीन ने इस से सम्बन्धित एक चिंताजनक परिदृश्य की प्रस्तुति दी कि इस दौरान लड़कियों की शिक्षा कितनी बुरी तरह प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा यूनेस्को का अनुमान है कि महामारी की वजह से स्कूली शिक्षा में हुए इस अभूतपूर्व व्यवधान के कारण वैश्विक स्तर पर करीब **11 मिलियन** लड़कियां इस वर्ष वापस स्कूल में नहीं लौट पाएंगी।

महामारी से पहले भी, ''भारत में अनुमानित 30 मिलियन बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित थे; जिसमें 40 प्रतिशत किशोर लडकियां थीं।'' साथ ही, भारत में, लड़कियों को स्कूल में सिर्फ 4.4 साल मिलते हैं जबकि लड़कों को 7 साल। लैंगिक समानता के लिए दशकों से किये जा रहे अथक प्रयासों के लिए ये आंकड़े खतरनाक हैं और लड़कियों को किशोरावस्था में ही गर्भधारण, अल्पायु में विवाह और हिंसा जैसे जोखिम की ओर धकेलते है। संदिग्ध रूप से, हम दुनिया में सबसे अधिक बालवधू वाले राष्ट्रों में से एक हैं और महामारी के बाद इसके बढ़ने की संभावना अधिक है। जून और जुलाई 2020 में सिर्फ चाइल्ड लाइन इंडिया पर ही लड़कियों की कम उम्र में शादी से सम्बंधित कॉल्स 17 प्रतिशत बढ़ गई थीं। ये सुन कर रोने का मन हो आया जब उन्होंने कहा: ''कई लड़कियों के लिए, स्कूल, बेहतर भविष्य की कुंजी से भी अधिक महत्व रखता है। उनके लिए यह एक जीवन रेखा है, हालांकि बहुत नाजुक।'' ज़रा सोचें ...

और उसी प्रकार लड़कों की तुलना में लड़कियों को डिजिटल शिक्षा सीखने के साधन उपलब्ध करवाने में भी पक्षपात किया जाता है और यह उस युग में कितना दुर्भाग्यपूर्ण होगा, भविष्य में, जब ज़्यादातर पढ़ाई ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर स्थानान्तरित हो जाएगी।

नाजुक होने के बावजूद, आइये अपनी लड़कियों को हम शिक्षा की जीवनरेखा उपलब्ध करवाएं और सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने और आशा से परिपूर्ण भविष्य के लिए उनका हाथ थामें।

रशीदा भगत

Governors Council

RI Dist 2981	DG R Balaji Babu
RI Dist 2982	DG K S Venkatesan
RI Dist 3000	DG A L Chokkalingam
RI Dist 3011	DG Sanjiv Rai Mehra
RI Dist 3012	DG Alok Gupta
RI Dist 3020	DG Muttavarapu Satish Babu
RI Dist 3030	DG Shabbir Shakir
RI Dist 3040	DG Gajendra Singh Narang
RI Dist 3053	DG Harish Kumar Gaur
RI Dist 3054	DG Rajesh Agarwal
RI Dist 3060	DG Prashant Harivallabh Jani
RI Dist 3070	DG CA Davinder Singh
RI Dist 3080	DG Ramesh Bajaj
RI Dist 3090	DG Vijay Arora
RI Dist 3100	DG Manish Sharda
RI Dist 3110	DG Dinesh Chandra Shukla
RI Dist 3120	DG Karunesh Kumar Srivastava
RI Dist 3131	DG Rashmi Vinay Kulkarni
RI Dist 3132	DG Harish Motwani
RI Dist 3141	DG Sunnil Mehra
RI Dist 3142	DG Dr Sandeep Kadam
RI Dist 3150	DG Nalla Venkata Hanmanth Reddy
RI Dist 3160	DG B Chinnapa Reddy
RI Dist 3170	DG Sangram Vishnu Patil
RI Dist 3181	DG M Ranganath Bhat
RI Dist 3182	DG B Rajarama Bhat
RI Dist 3190	DG B L Nagendra Prasad
RI Dist 3201	DG Jose Chacko Madhavassery
RI Dist 3202	DG Dr Hari Krishnan Nambiar
RI Dist 3211	DG Dr Thomas Vavanikunnel
RI Dist 3212	DG P N B Murugadoss
RI Dist 3231	DG K Pandian
RI Dist 3232	DG S Muthupalaniappan
RI Dist 3240	DG Subhasish Chatterjee
RI Dist 3250	DG Rajan Gandotra
RI Dist 3261	DG Fakir Charan Mohanty
RI Dist 3262	DG Saumya Rajan Mishra
RI Dist 3291	DG Sudip Mukherjee

Printed by PT Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by PT Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions – original content – is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced with permission and attributed to RNT.

रो ई निदेशकों

आमने-सामने

हवा में उड़ना, या पानी पर चलना जादू नहीं है
बल्कि जमीन पर अच्छी तरह चलना असली जादू है।

रोटरी हमें अपनी सांसारिक यात्रा को विशिष्ट बनाने का अवसर देती है। और ऐसा करने के उसके सबसे अच्छे तरीकों में शामिल है शांति, सद्भावना और विश्व समझ के क्षेत्र में किए गए हमारे काम। मेरा मानना है कि रोटरी आशा के बारे में है। भावी पीढ़ियों के लिए एक उज्जवल भविष्य और बेहतर दुनिया की उम्मीद। संघर्ष, युद्ध, आतंकवाद और अंधकार से भरी दुनिया में, शांति और सद्भावना के लिए काम करके रोटरी आशा की एक किरण प्रदान करती है। शांति के लिए हमारा काम केवल सम्मेलनों और सेमिनारों में ही नहीं होता है। यह व्यक्तिगत संबंधों, सेवा, बुनियादी मानवीय जरूरतों की पूर्ति एवं संघर्षों को हल करने के लिए एक साथ काम करने के माध्यम से होता है। यह सीमाओं और महाद्वीपों से परे जाकर उन परिस्थितियों को विकसित करने में मदद के माध्यम से होता है जो शांति को पनपने देती है।

वैश्विक संघर्ष ने अनुमानित 68.5 मिलियन शरणार्थियों के साथ एक बड़ा संकट पैदा किया है। 2019 में वैश्विक अर्थव्यवस्था पर हिंसा का आर्थिक प्रभाव क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के अनुसार 14.5 ट्रिलियन डॉलर था। यह आंकड़ा दुनिया की आर्थिक गतिविधि (सकल विश्व उत्पाद) के 10.6 प्रतिशत या प्रति व्यक्ति 1,909 डॉलर के बराबर है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, 2019 में 81 देश अधिक शांतिपूर्ण हो गए जबकि 80 देश अशांत हो गए। पिछले 12 वर्षों में से लगातार नौ वर्षों से शांति साल-दर-साल कम होती जा रही है। यह कुछ ऐसा है जिसे हम रोटरी में कर सकते है और इसके बारे में हमें कुछ करना भी चाहिए। रोटरी के पीस स्कॉलर्स कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक संघर्ष के मुद्दों से निपटना है।

शांति समानता की एक अवस्था है जो हिंसा की अनुपस्थिति, भय से मुक्ति और जीवन की अच्छी गुणवत्ता से परिभाषित होती है। सेवा दूसरों की भलाई के लिए की जाने वाली गतिविधि है। व्यक्तिगत रूप से वे आसमान प्रतीत होते है, लेकिन बारीकी से देखने पर समझ आता है कि वे आपस में जुड़े हुए है। जब बुनियादी जरूरतें - भोजन, पानी, आश्रय, स्वास्थ्य - पूरी नहीं होती तब शांति प्राप्त करना मुश्किल होता है। जब लोग भूखे होते है, बेघर होते है तो परिणामस्वरूप लड़ने और हड़पने की प्रवृत्ति पैदा होती है जिससे संघर्ष शुरू होता है। सकारात्मक शांति के लिए तीन बी - ब्रेड, बेड एंड बेसिक एजुकेशन (रोटी, मकान और बुनियादी शिक्षा) की आवश्यकता होती है। समुदाय की जरूरतों को पूरा करके रोटरी सकारात्मक शांति के लिए काम कर रही है। रोटरी सेवा कार्रवाई में शांति है।

सहिष्णुता, अखंडता और सेवा सकारात्मक शांति की तीन आधारशिलाएं है। रोटरी के शांति के प्रयास एक की ताकत के उदाहरण है - एक रोटेरियन, एक क्लब, एक मंडल जो कई गुना बढ़ जाते है। इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाए। रोटरी का आनंद ले, स्वयं आनंदित रहे।

डॉ भरत पांड्या
रो ई निदेशक, 2019-21

का संदेश

वैश्विक शांति को प्रोत्साहन

प्रिय रोटरी नेतृत्वकर्ताओं,

संघर्ष एवं हिंसा ने दुनिया भर में लाखों लोगों को विस्थापित किया है। हम रोटेरियनों को एक जीवनशैली के रूप में संघर्ष को स्वीकार करने से इनकार करना चाहिए, क्योंकि हमारी सामुदायिक सेवा परियोजनाएं ऐसा प्रशिक्षण प्रदान करने का प्रयास करती है जो समझ को बढ़ावा देती है और ऐसे संघर्षों का समाधान करने हेतु कौशल प्रदान करती है।

रोटरी ना केवल अपनी सेवा परियोजनाओं से, बल्कि शांति फ़ेलोशिप के माध्यम से भी दुनिया में शांति को बढ़ावा देती है और दुनिया भर में संघर्ष और तनाव को कम करती है। हमारे सदस्य और विद्वान दोनों ही संघर्ष के अंतर्निहित कारणों जिनमें गरीबी, असमानता, जातीय तनाव, शिक्षा तक पहुंच की कमी और संसाधनों के असमान वितरण शामिल है, को दूर करने के लिए लगातार कार्यवाही कर रहे है।

मेरे लिए शांति का अर्थ भूखों को भोजन, विकलांगों को अंग, नेत्रहीनों को आँखें, बेघरों को घर, प्यासे को पानी और अनपढ़ों को सीखने का अवसर प्रदान करना है। ज़रा सोचिए जब एक अनोखी कोविड-19 महामारी ने दुनिया भर में इतनी तबाही मचाई तब हम रोटेरियनों ने इनमें से कितना कुछ किया। चूंकि देश लंबे समय तक बंद रहे और आर्थिक गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लग गया, लोग अपनी आजीविका के लिए संघर्ष करते रहे। व्यवसाय प्रभावित हुए और हजारों लोगों को अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा। इस वायरस से संक्रमित हुए हमारे समुदायों के वंचित तबके को पर्याप्त उपचार प्राप्त करने हेतु संघर्ष करना पड़ा। जरा सोचिए उस समय भूखों और बेघरों को खाना खिलाने और सरकार एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए भारी संख्या में मास्क, सैनिटाइटर और पीपीई किट प्रदान करने, अस्पताल के उपकरणों को सशक्त बनाने, वेंटिलेटर स्थापित करने और बीमार एवं भूखे लोगों को आराम पहुंचाने हेतु जो भी बन सके करने के लिए दुनिया भर के रोटेरियन किस तरह से आगे आए।

जहाँ एक तरफ रोटरी शांति केंद्र कार्यक्रम शांति विद्वानों का निर्माण करते है जो संघर्ष का समाधान करने हेतु काम करते है और शांति को बढ़ावा देते है, वहीं कोविड काल में, हम सभी अच्छा करने के लिए अपने उत्साह के माध्यम से विश्व शांति के प्रवर्तक बने।

आइए हम सभी इस महामारी के परिणामों से जूझने वाले लोगों की सहायता करने के अपने प्रयासों को जारी रखने की कसम खाएं, हमारी सरकारों को हमारे लोगों को टीका लगाने में मदद करें और इस कठिन समय के दौरान आशा और शांति का प्रकाश स्तम्भ बनें।

कमल संघवी
रो ई निदेशक, 2019-21

Board of Permanent Trustees & Executive Committee

PRIP Rajendra K Saboo	RI Dist 3080
PRIP Kalyan Banerjee	RI Dist 3060
RIPE Shekhar Mehta	RI Dist 3291
PRID Panduranga Setty	RI Dist 3190
PRID Sushil Gupta	RI Dist 3011
PRID Ashok Mahajan	RI Dist 3141
PRID P T Prabhakar	RI Dist 3232
PRID Dr Manoj D Desai	RI Dist 3060
PRID C Basker	RI Dist 3000
TRF Trustee Gulam A Vahanvaty	RI Dist 3141
RID Dr Bharat Pandya	RI Dist 3141
RID Kamal Sanghvi	RI Dist 3250
RIDE A S Venkatesh	RI Dist 3232
RIDE Dr Mahesh Kotbagi	RI Dist 3131

Executive Committee Members (2020–21)

DG Sanjiv Rai Mehra Chair – Governors Council	RI Dist 3011
DG Sudip Mukherjee Secretary – Governors Council	RI Dist 3291
DG Sangram Vishnu Patil Secretary – Executive Committee	RI Dist 3170
DG Prashant Harivallabh Jani Treasurer – Executive Committee	RI Dist 3060
DG S Muthupalaniappan Member – Advisory Committee	RI Dist 3232

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

Editor
Rasheeda Bhagat

Senior Assistant Editor
Jaishree Padmanabhan

ROTARY NEWS / ROTARY SAMACHAR

ROTARY NEWS TRUST
3rd Floor, Dugar Towers,
34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India.
Phone : 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org
Website: www.rotarynewsonline.org

Now share articles from *rotarynewsonline.org* on WhatsApp.

THE ODYSSEY
ROTARY INSTITUTE 20-21

समय है हमारे प्रदर्शन को उत्कृष्ट करने का :

शेखर मेहता

रशीदा भगत

नयनाभिराम कोचि के सुरम्य वातावरण में गर्मजोशी से हाथ मिलाने और आगोश में भर लेने की कसक दिल में रह गई, लेकिन नए सामान्य में, इस उत्कृष्ट इंस्टिट्यूट का आयोजन आभासी किया गया है। मानवीय साहस ,जोश ने कोविड महामारी की चुनौती को सहनशीलता, धैर्य, अनुशासन और सबसे बढ़कर आशा के साथ स्वीकार किया है, जो एक शक्तिशाली चीज है। यह हमें असंभव कार्य करने के लिए प्रेरित करती है और कठिन समय में आगे बढ़ने में सहायक होती है'' रोटरी इंटरनेशनल ज़ोन इंस्टीट्यूट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए रो ई अध्यक्ष (निर्वाचित) शेखर मेहता ने कहा।

उन्होंने आभासी इंस्टिट्यूट 'द ओडिस' में आये प्रतिभागियों से कहा कि क्षितिज पर कई तरह के वैक्सीन की झलक नज़र आने के साथ यह आशा अब यथार्थ में बदलती दिख रही है, ''अपने जीवनकाल की सबसे बड़ी आपदा के खिलाफ, ये वैक्सीन रिकॉर्ड समय में बनाई गई है।'' रोटरियनों से ईश्वर में विश्वास और मानवता का जश्न मनाने का आग्रह करते हुए, मेहता ने कहा कि आशा से लोगों को ''इस भयावह वर्ष में विषम परिस्थितियों को झेलने के बावजूद जीवित रहने, अनुकूलन और बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। राशी और मेरे लिए, बेहतर है हम यह साल भूल जाएँ; हमने अपनी प्रिय माँ और और पिता को खो दिया। हमारी अपनी प्रिय बिनोता दी (पूर्व रो ई अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी की पत्नी) और हमारे परम मित्र यश (पूर्व रो ई निदेशक यश पाल दास) भी इस दुनिया को छोड़ गए।''



RIPE शेखर मेहता

रोटरी इंटरनेशनल के दो सबसे बड़े समारोह - कन्वेंशन और इंटरनेशनल असेंबली का - आयोजन आभासी होना पड़ा जिसने ''हजारों रोटेरियन की फेलोशिप, नेटवर्किंग और कुछ नया सीखने की खुशी पर पानी फेर दिया था, और इसके बावजूद हमें एक स्वस्थ दुनिया का इंतज़ार हैं।''

मेहता ने घोषणा की कि रोटेरियन टीकाकरण प्रक्रिया में ''सरकारों की मदद करने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।'' भारत में, PRIP राजेंद्र साबू, उन्होंने अन्य रोटरी नेताओं के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और नीति आयोग के आधिकारीयों से मुलाकात की थी। यूपी, कर्नाटक और अन्य स्थानों में जमीनी स्तर पर काम शुरू हो गया है, ''जहां इन राज्यों द्वारा पोलियो टीकाकरण में अनुभव रखने के कारण रोटरी को आमंत्रित किया गया था।''

उन्होंने कहा कि एक रोटेरियन के रूप में, ''कोविड की रोकथाम में हम बहुत कुछ कर सकते हैं। हम टीका वितरण में मदद कर सकते हैं, टीका लगाने वालों को प्रशिक्षण दे कर उनका प्रमाणीकरण कर सकते हैं। हम अपने अस्पताल, ब्लड बैंक, स्कूल आदि को टीकाकरण केंद्र बनाने के लिए उपलब्ध करा सकते हैं और समाज के लोगों को जुटाने, टीकाकरण के प्रचार, प्रसार आदि में भी मदद कर सकते हैं।''

मेहता ने कहा: ''पिछले साल पोलियो ने हमें उम्मीद की किरण दिखाई थी और अफ्रीका को पोलियो मुक्त घोषित करने के साथ ही हम पोलियो का जड़ से सफाया करने के बिलकुल करीब हैं। मैराथन का अंतिम चरण सबसे महत्वपूर्ण और

रोटेरियन अपने अस्पताल, ब्लड बैंक, स्कूल आदि को टीकाकरण केंद्र बनाने के लिए उपलब्ध करा सकते हैं और समाज के लोगों को जुटाने, टीकाकरण के प्रचार, प्रसार आदि में भी मदद कर सकते हैं।

RIPE **शेखर मेहता**

दर्दनाक होता है लेकिन धावक की नजरें फिनिशिंग लाइन पर होती हैं न कि दर्द पर। आइए हम अपने सर्वश्रेष्ठ कदम आगे बढ़ाएं और पोलियो के लिए TRF में योगदान करें क्योंकि हमारे योगदान TRF और गेट्स फाउंडेशन द्वारा कई गुणा बढ़ जाते हैं।''

महामारी की चुनौती ने ''हमें अधिक सक्रिय, फुर्तीला, तर्कसंगत और लगभग सर्वव्यापी बना दिया है। आप सभी की तरह, मैंने भी ज़ूम पर कई सभाएं आयोजित की हैं, कभी-कभी एक ही दिन में कई महाद्वीप। की बात है, मैं अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, अमेरिका, यूरोप और दक्षिण एशिया हर जगह मौजूद था।''

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब दिल्ली साउथ वैस्ट 20 वर्षों से एक प्रतियोगिता सिट-एंड-ड्रॉ का आयोजन कर रहा है। पिछले साल उसमें 6,000 प्रतिभागी थे; इस वर्ष वर्चुअल (आभासी) प्रतियोगिता में 20 देशों के 12,000 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिसमें वे भी सम्मिलित हुए थे। ''महामारी से मिला हुआ सबक अब रोटेरियन को आभासी और भौतिक दोनों दुनिया का सर्वोत्तम प्राप्त करने में सहायक होगा।'' हमारी बैठकें आयोजित करने और निर्णय लेने की गति में काफी वृद्धि हुई है, उन्होंने कहा। रो ई बोर्ड अब हर दूसरे महीने मुलाक़ात करता है और ट्रस्टी इससे एक कदम आगे हैं। ''वे हर महीने मिलते हैं और आपस में सामंजस्य बढ़ने की वजह से दक्षता बढ़ गई है जिस का परिणाम हैं त्वरित निर्णय।''

महामारी के दौरान रोटेरियनों को उनकी उदारता के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि PM CARES फंड में काफी बड़ा योगदान देने के अलावा, ''आपने जमीनी स्तर पर बहुत काम किया है, मास्क, सैनेटाइज़र्स, चिकित्सा उपकरण, भोजन, आदि उपलब्ध कराना, कुल मिला कर भारत में दोनों का संयुक्त मूल्य 30 मिलियन डॉलर के लगभग है, जिसमें PM CARES फंड में योगदान भी शामिल है। और हाँ, इसने हमारे टीआरएफ में योगदान को प्रभावित नहीं किया है। हमने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।''

आगामी रो ई अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साल हमारे सभी जोन में रोटरी के सभी फोकस क्षेत्रों के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा परियोजनाएं निष्पादित की गईं। चाहे वृक्षारोपण, सौर परियोजनाएं, ब्लड बैंक, डायलिसिस सेंटर, बच्चों की हृदय शल्य चिकित्सा हो या ग्रामीण शौचालयों का निर्माण, WinS इत्यादि, कई शानदार कार्य किए गए। ''विशेष रूप से RILM द्वारा किए गए कार्यों पर मुझे बहुत गर्व है। हमने भारत सरकार को लगभग 1,500 घंटे की जो ऑडियो-विज़ुअल सामग्री उपलब्ध करवाई है, स्वयं सरकार के अनुसार उसकी गुणवत्ता उच्च कोटि की है। अन्य सामग्री के साथ, इसे 400 मिलियन हिट मिले हैं, ये संख्या अपनेआप में गुणवत्ता का प्रमाण है।''

जहां नेपाल और पाकिस्तान में भी रोटरी इन कार्यक्रमों को अपना रही थी, ''GoI अब अफ्रीकी देशों के साथ काम कर रही है और सीखने के लिए इस के अलावा अतिरिक्त सामग्री के साथ भी सहायता करना चाहती है।''

यह कहते हुए कि इस महामारी ने ''हमें अपने औज़ार पैने करने का समय और अवसर दिया है'', मेहता ने रोटरियनों से अति विशाल और दूरगामी परिणाम डालने वाली परियोजनाओं को हाथ में लेने का आग्रह किया। ''दक्षिण एशिया में किये गए अद्भुत सेवा कार्य, विकास और जिस तरह का प्रभाव रोटरी डाल रही है उस पर मुझे बहुत गर्व होता है। मुझे उम्मीद है कि अगले 18 महीनों में आप (ईच वन ब्रिंग वन) की चुनौती स्वीकार करेंगे।''

बढ़ती सदस्यता के साथ, अधिक लचीलेपन के साथ क्लबों की स्थापना करने की आवश्यकता भी थीसैटेलाइट क्लब, ''प्रयोजन आधारित क्लब आदि। अवसर बहुत हैं। पूर्व में हमने अपनी पहुंच का बहुत विस्तार किया है, यही समय है हमारे प्रदर्शन को समृद्ध करने का।''

उन्होंने कहा: ''टीआरएफ में हमारे द्वारा दान की गई राशि भी पहले से अधिक बढ़ा दें, उतनी जितनी पहले कभी नहीं दी। वर्तमान ट्रस्टी अध्यक्ष के आर रवींद्रन हमारे ही जोन से हैं, और 1 जुलाई से, रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष भी हमारे जोन



इंस्टिट्यूट के संयोजक रो ई निदेशक कमल संघवी।

से होंगे। ऐसे हालात में हमने ढठऱ में दान दे कर हमेशा शानदार प्रदर्शन किया है। आओ अपना ध्यान एनुअल फण्ड और पोलियो फण्ड पर केंद्रित करने के साथ इसे एक बार फिर से दोहराएं।''

एक आशावान कथन के साथ समाप्त करते हुए, उन्होंने कहा कि आशा जीवन का अमृत है। ''यह हमें नवाचार, खोजों और उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। हम पूर्ण साक्षर दक्षिण एशिया के प्रति आशान्वित हैं, अपनी सरकारों के साथ मिल कर समुदायों में पानी उपलब्ध कराने, स्वच्छता और उन्हें सशक्त करने के प्रति आशान्वित हैं जिससे हमारी दुनिया शांति की ओर अग्रसर हो।''

इंस्टिट्यूट के संयोजक और रो इ निदेशक कमल संघवी ने अपने भाषण के शुरु में कहा कि इतना कष्ट देने के साथ कोरोना महामारी ने कुछ भला भी किया था। हमने अपने घरों की और वातावरण की सफाई नियमित रूप से शुरू कर दी है और प्रकृति उपचार कर रही है और धन्यवाद है, हमारी न्यूनतम गतिविधियों, को उसे एक उचित विराम मिला है। फ्लेमिंगोज़ ने मुंबई को गुलाबी रंग में रंग दिया और अब हिमालय के दर्शन जालंधर से किये जा सकते हैं। दिल्ली का आसमान नीला हो चला है। पारिवारिक रिश्ते मजबूत हुए हैं क्योंकि इस महामारी ने हमें अपने परिवारों के साथ अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित किया है।''

टेक्नोलॉजी इस नई वास्तविकता का एक अभिन्न अंग थी और शिक्षण पद्धति को बेहतर बनाने में ये सहायक हुई है। शिक्षा का अंकीकरण (डिजिटलाइजेशन) पहले से ही चल रहा था ''लेकिन इस संकट ने इस की गति में वृद्धि की है। और RILM ने NCERT और HRD मंत्रालय के साथ दुनिया भर में शायद विश्व का सबसे बड़ा ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है, जिससे सम्पूर्ण भारत में लगभग 15 करोड़ बच्चे लाभान्वित हुए हैं।''

RILM ने वयस्क युवाओं को कुशल बनाने के लिए, रोजगार देने की गारंटी के साथ *सक्षम भारत* नामक कौशल प्रशिक्षण का एक पायलट कार्यक्रम भी शुरू किया था। उन्होंने घोषणा की कि उसी दिन 51 वयस्क युवा नियुक्ति पत्र के साथ स्नातक हुए थे और ''जल्द ही अगले 100 स्नातक होंगे; इस कार्यक्रम के तहत इस वर्ष हम 5,000 लोगों को कौशल प्रवीण करना चाहते हैं।''

संघवी का कहना था कि वर्चुअल प्लेटफॉर्म ने मीटिंग और कनेक्शन दोनों में इज़ाफ़ा किया है। ''दुनिया की जरूरतें पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं। यह ठीक खड़े पहाड़ की चढ़ाई करने जैसा है फिर भी पहाड़ पर चढ़ना पड़ता है।'' इंस्टिट्यूट की टीम ने सभी बाधाओं को पार करते हुए *द ओडिसी* की रचना की थी, जिसमें दुनिया के कुछ महान ''सफल व्यक्तियों, व्यापारियों, कर्ताओं, वक्ताओं और विचारकों को वक्ता रूप में आमंत्रित किया गया था; 14 सीईओ, शिक्षक, पर्यावरणविद, वकील, अभिनेता, कवि, मनोरंजनकर्ता और बैंकर हमसे बात करेंगे, ताकि इसे ज्ञान, विद्या और सूचना की इंस्टिट्यूट बनाया जा सके।''

निश्चय ही, उन्होंने कहा, ''इसकी अंतिम बाधा पार कर, पूरी दुनिया से पोलियो को मिटा कर दौड़ पूरा करने की खुशी से ज़्यादा और कोई खुशी हो ही नहीं सकती, हम इसे मिटायेंगे और इस दौड़ को खत्म करेंगे।''

इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष, पीडीजी संजय खेमका ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इंस्टिट्यूट को केरल के हरे-भरे बैकवाटर क्षेत्र से वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर ले जाना बहुत ही मुश्किल भरा था और हमने ये किया।

जैसा कि उन्होंने बताया कि वक्ताओं को सुनने आये, इंस्टिट्यूट के प्रतिभागियों को एक वास्तविक सभागार जैसा अनुभव देने के लिए सर्वोत्तम तकनीक का इष्टतम उपयोग किया गया था, इसके विज़ुअल अद्भुत और प्रभावशाली थे। खेमका ने कहा कि प्रतिनिधियों को एक उपहार के माध्यम से केरल की महक मिलेगी जो पूरी तरह प्राकृतिक उत्पादों से तैयार किया गया था और जिसे *वाइल्ड आइडियाज़* नामक एक संगठन की वंचित महिलाओं के समूह द्वारा बनाया गया था।

संस्थान में आभासी स्टॉल भी लगाए गए थे और उन्होंने प्रतिभागियों से उन स्टॉल पर जाने का आग्रह किया।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

इंस्टिट्यूट अध्यक्ष PDG संजय खेमका।

कोरोना महामारी ने कुछ भला भी किया था। हमने अपने घरों की और वातावरण की सफाई नियमित रूप से शुरू कर दी है। फ्लेमिंगोज़ ने मुंबई को गुलाबी रंग में रंग दिया और अब हिमालय के दर्शन जालंधर से किये जा सकते हैं। दिल्ली का आसमान नीला हो चला है।

रो ई निदशक **कमल संघवी**

आगे बढ़ने की संतुष्टि



देना बस एक गतिविधि ही नहीं है। यह जीने का एक तरीका है और मुश्किल समय में आशा की तलाश में एक प्रकाशस्तंभ की तरह काम करता है। आज काफी उथल-पुथल मची हुई है, लेकिन ये कोई असाधारण समय नहीं है, विशेषरूप से मानव इतिहास के लिए तो बिल्कुल भी नहीं। इतने युगों की समझ हमारा मार्ग एवं उद्देश्य निर्धारित करने में मदद करने के लिए विशेषरूप से महत्वपूर्ण है। ऐसी समझ हमें 12वीं सदी के दार्शनिक मैमोनिडीस में देखने को मिलती है। कॉरडोबा, स्पेन, में जन्म लेने के बाद, वह और उनका परिवार धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए मोरक्को में निर्वासित हो गया। एक युवा के रूप में, उन्होंने अरस्तू, खगोल विज्ञान और बाद में चिकित्सा में महारत हासिल की। कायरो जाने के बाद, मैमोनिडीस शहर के सबसे बड़े रब्बी के रूप में पहचाने जाने लगे जिन्होंने टोरा पर अनेक पुस्तकें लिखी, और उन्होंने अपने अंतिम दिन एक सुप्रसिद्ध चिकित्सक के रूप में बिताए। लेकिन मानवता के लिए उनका सबसे बड़े उपहार स्वयं देने के बारे में उनके विचार है। उनकी 'ऐट लेवल्स ऑफ चैरिटी' (परोपकार के आठ स्तर) एक उत्कृष्ट कृति है जो हमें सिखाती है कि देने का मतलब क्या होता है और ऐसा करने के लिए हमें क्या चीज प्रेरित करती है।

जब हम पोलियो के खिलाफ बच्चों का टीकाकरण करते है, तो हमें संभावित बीमारी की आशंका होती है। हम अन्य प्रयासों के साथ भी ऐसा करते है, जैसे कि रोटरी परियोजनाएं जो मलेरिया या सर्वाइकल कैंसर की घटनाओं को कम करती है।

जब हम किसी को एक पेशे के लिए प्रशिक्षित करते है जो उन्हें जीविकोपार्जन करने में सक्षम बनाता है, तो हम आठवां चरण लागू करते है। माइक्रोफाइनेंस से लेकर शिक्षा तक, रोटरी संस्थान हमें आत्मनिर्भरता का उपहार देने में मदद करती है।

ऐसे सभी अच्छे काम हमारी प्रतीक्षा में रहते है ठीक उसी प्रकार नवजात शिशुओं की सहायता, पानी के स्रोतों की सफाई, कोविड-19 महामारी से उबरना जैसे अनगिनत अन्य प्रयास भी रहते है।

मुझे यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि बहुत से रोटेरियन गुमनाम रहकर अपने उपहार संस्थान के साथ साझा करते है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

एक संगठन के रूप में, रोटरी भी उस सीढ़ी को चढ़ता है। आपका हर एक दान हमें उच्चतम स्तर पर पहुँचने में मदद करता है। जब हम इस सीढ़ी पर एक साथ चढ़ते है, तो हमें एक व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त होता है। हम उन सभी लोगों को देख पाते है जिन्हें ऊपर उठाने की आवश्यकता होती है और साथ ही उनकी मदद करने के लिए रोटरी में मौजूद अनगिनत अवसरों को भी देख पाते है। और जब हम ऐसा करते है, तो हमें अपना अर्थ और मकसद मिल जाता है।

Ravi

के आर रवींद्रन

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष

TRF में योगदान दें



प्रिय रोटरी सदस्यो,

क्या आपने कभी सोचा है कि नेतृत्वकर्ताओं के लिए मुसीबत में फंसे लोगों और ना के बराबर उम्मीद देने वाले हालातों में प्रोत्साहित कर देने वाले शब्दों का चयन करना कितना मुश्किल होता होगा? वैक्सीन के वादे के बावजूद भी, हम अभी भी महामारी का सामना कर रहे है।

एक बात जो स्पष्ट हो गई है वह यह है कि हम जिस तरह से रहते है और काम करते है वैसा अब हम नहीं कर सकते - हमें नए सामान्य को दिशा देकर आगे बढ़ने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है। हम में से अधिकांश लोगों की जीवन शैली संगठित है। हम हर सुबह उठते है, निर्धारित रूटीन का पालन करते है और कुछ निर्धारित लोगों के साथ ही मेल-जोल करते है। हालांकि, नियमित दिनचर्या आराम का स्रोत हो सकती है, परंतु यह हमारी इंद्रियों को सुस्त कर देती है। हमें उत्तेजना की भी आवश्यकता है - एक ताजगी की जो एक नीरस अस्तित्व में जान डालती है। यही रोटरी करती है। यह हमें प्रभावी नेतृत्वकर्ता बनने के अवसर प्रदान करके हमें बदलती है और दुनिया में परिवर्तन लाने एवं अच्छा करने के लिए एक मंच प्रदान करती है। नेतृत्वकर्ताओं के रूप में, हम टीआरएफ में योगदान करने हेतु दूसरे रोटेरियनों को प्रेरित करने के लिए अपने फाउंडेशन के आभारी है।

एक युवा मकान मालिक अपने वृद्ध किरायेदार को किराया ना चुकाने पर बेदखल करने की धमकी देता है। किरायेदार, एक दुकानदार, समझाते है कि समय मुश्किल है, व्यापार नहीं हो रहा है और विचारशील होने का आग्रह करते है लेकिन मकान मालिक अशिष्टता से उन्हें मना कर देता है। उस शाम मकान मालिक अपनी बहन के घर खाने के लिए जाता है, खाने की प्रशंसा करता है और बाद में उसे पता चलता है कि उसकी बहन की नौकरी चली गई है और मेज पर जो खाना है वह उसके किराने के दुकानदार की दया के कारण है।

मकान मालिक को शर्मिंदगी महसूस हुई और उन्होंने किराया माफ कर दिया। इस कहावत में कितने सचाई है कि जैसा पेड़ आप बोते है, वैसा ही फल आपको प्राप्त होता है।

अनिश्चितता के इस दौर में लोगों की सहायता करने के लिए संस्थान में दान करने से बेहतर तरीका और क्या हो सकता है। सुरक्षित रहिए, स्वस्थ रहिए!

गुलाम ए वाहनवटी

ट्रस्टी, द रोटरी फौउंडेशन

आइए हम डिजिटल युग को समाविष्ट करें:
होल्गर नेक

रशीदा भगत

कोविड महामारी ने पूरी दुनिया को कष्ट और इतनी यंत्रणा देने के साथ, रोटरी को विभिन्न माध्यमों से अवसरों के द्वार खोलने में समर्थ भी बनाया है, उदाहरण के तौर पर इस इंस्टिट्यूट और वर्चुअल (आभासी) बैठकों का आयोजन। ये अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की रणनीति बनाने हेतु विचार-मंथन के लिए नेताओं को ये एक मंच पर लाती हैं। आज हम उस समय में है जहाँ तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं और इस कठिन समय में हमें मिल कर काम करना होगा ताकि इन विषम परिस्थितियों में रोटरी एक मजबूत संगठन बन कर उभरे, ये कहना था रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक का, GETS के दीक्षांत समारोह में रो ई ज़ोन्स 4, 5, 6 and 7 को संबोधित करते हुए।

इस पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, ''रोटरी की स्थापना एक ऐसी दुनिया में की गई थी जो वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक नहीं है, आज की दुनिया बिकुल अलग है जो तेजी से आगे बढ़ रही है और इसे समझना मुश्किल है। इसके प्रबंधन में काफी अड़चनें हैं। पर इसके बावजूद यह हमें नए अवसर प्रदान करती है।''

उन्होंने कहा कि इस विपदा से पहले भी, लोग विभिन्न माध्यमों से दोस्तों के संपर्क में रहते थे। ''सोशल मीडिया और ऑनलाइन कनेक्शन भी पहले से ही मौजूद थे, लेकिन आज वे अधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो गए हैं। अब हम सभी आभासी काम करने के अभ्यस्त हो गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस दुनिया में युवा पीढ़ी के मन में सेवा करने और तालुकात बढ़ाने की तीव्र उत्कंठा है।''

लेकिन नेतृत्व करने के लिए युवा अपनी पारी और समय का इंतजार नहीं करना चाहते। ''वे आज सार्थक भूमिका निभाना चाहते हैं। और यदि रोटरी उन्हें एक मंच प्रदान नहीं कर सकती तो वे खुद के बलबूते पर संपर्क बनाएंगे और अवसर खोज लेंगे। हमारे लिए यह दुनिया अपनी गति को धीमी नहीं करेगी, आइए रोटरी का विस्तार करने के लिए हम इन क्षणों का का उपयोग कर, इसे शक्तिशाली बनाएं, अधिक उपयुक्त और अनुकूल बनाएं और हमारी आज की दुनिया के अनुरूप बनायें।''



आगामी मंडल अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कि कोविड के बाद की दुनिया में आने वाली चुनौतियों का सामना करना है, नेक बोले कि रोटरी के महत्वपूर्ण मूल्यों, जैसे कि फेलोशिप, सत्यनिष्ठा, नेतृत्व, सेवा और विविधता, हमेशा से बने रहेंगे। लेकिन रोटरी को बदलना होगा और ये बदलेगी भले ही कुछ साथी रोटेरियन को शिकायत हो कि आज वे पुरानी रोटरी की तरह पहले जैसा महसूस नहीं करते, पर हम बदलेंगे।

मंडल अध्यक्षों को अपने डिस्ट्रिक्ट में नेतृत्व के लिए मिले इस अनूठे अवसर के लिए बधाई दी और कहा कि इस का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। ''ये हम सभी पर निर्भर है कि हम इन परिस्थितियों के लिए रोटरी का पुनर्निर्माण करें और पूरे दिल से युवाओं के आदर्श और प्रतिबद्धताओं को अपनाएं जो अपने आदर्श और धारणाओं के लिए बड़ी आतुरता से एक मंच की तलाश में है। हमें एक ऐसा संगठन बनना चाहिए जो डिजिटल युग को आत्मसात करता है, इसे अपने सभी कार्य कलापों का हिस्सा बनाएं और समाविष्ट करें। आज यह ज़रूरी हो गया है कि नई पीढ़ी और नए युग के लिए हम एक नई रोटरी का निर्माण करें। रोटरी वो क्लब नहीं है जिसके आप सिर्फ सदस्य बनते हैं, यह विशाल और ऐतिहासिक परियोजनाओं को आकार देने के अनगिनत अवसरों का एक निमंत्रण है, जैसे पोलियो की समाप्ति और साथ ही क्लब के स्तर पर छोटी बड़ी सामुदायिक परियोजनाऐं करने का अवसर है।''

परिवर्तन के लिए सुझाव

रोटरी में किस प्रकार परिवर्तन किये जा सकते हैं इस पर उन्होंने कई सुझाव रखते हुए कहा कि ''हमें नए और अलग तरह के क्लब के प्रारूप का सृजन करना होगा। युवा पीढ़ी इन नए क्लबों की वास्तुकार हो सकती है। हमें नए दृष्टिकोणों को स्वीकार कर उसे अपनाने

के लिए तैयार रहना होगा। कुछ नए क्लब रोटरी के फोकस क्षेत्रों को ध्यान में रख कर बनाये जा सकते हैं। प्रत्येक मंडल में अपने पूर्व सदस्यों का अलग से एक क्लब बनाया जा सकता है या नए क्लब किसी कॉरपोरेट् या संगठन से संबद्ध हो सकते हैं। संभावनाएं अपार हैं और अवसर असीम हैं। मैं रोटरेक्टर्स, युवा रोटेरियन और आगामी अध्यक्षों को इस परिवर्तन के शिल्पी बनने के लिए उनका आह्वान कर रहा हूं। मैं चाहूंगा कि उनमें छिपी इस सृजनात्मकता को वे सामने लाएं और क्लब में नए रोटेरियनों को आमंत्रित करने के नए तरीके तलाश करें जो उनकी रूचि और आवश्यकताओं के अनुरूप हो।''

इसके अलावा, विविधता को भी अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए, रो इ अध्यक्ष ने कहा कि ''विविधता के लिए अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण होना बहुत ज़रूरी है'' और मंडल के नेताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि ''हर क्लब विविधता के लिए वो तरीके अपनाता है जो सदस्यों और संस्कृतियों के लिए सार्थक हों। इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है रोटरी के हर क्षेत्र में महिलाओं की संख्या। मुझे यह कहते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है कि जेनिफर जोन्स को रो ई अध्यक्ष मनोनीत (RIPN) चुना गया है और रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता के कार्यकाल में, रो इ बोर्ड के नौ पदों पर महिलाएं आसीन होंगी। यह प्रगति शानदार है और हमें अपने क्लबों में इसी को दोहराने की जरूरत है।''

यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि और अधिक महिला सदस्यों के साथ रोटरी उन्नति करे। ''आइए जो सदस्य क्लब में उपेक्षित महसूस करते हैं उन लोगों तक पहुंचने के लिए हम एक ठोस प्रयास करें और उन्हें रोटरी परिवार का हिस्सा महसूस कराने के लिए नए उपायों की खोज करते हैं।'' संगठन के आतंरिक ढाँचे के निर्माण में, प्रत्येक स्तर पर नेतृत्व के पदों के लिए, सदस्यों का चयन उनकी प्रतिभा और उनमें नेतृत्व करने की आंकाक्षा के आधार पर किया जाना चाहिए, ''उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारा संगठन एक ऐसा अद्भुत संगठन है जिसने दुनिया के सभी हिस्सों से लोगों को साथ लाने के लिए बहुत कुछ किया है। हमारा दृष्टिकोण एक ऐसी दुनिया के लिए है जहां लोग एकजुट हो कर हमारे समुदायों में और स्वयं के भीतर शाश्वत परिवर्तन लाने के लिए प्रयासरत रहें'', उन्होंने आगे कहा।

बाएं से: RID कमल संघवी, अमिता और RIDE महेश कोटबागी।

नेक ने प्रत्येक रोटरी क्लब से अपनी योजना और दृष्टिकोण निर्धारित करने का आग्रह किया। ''मैं चाहूंगा कि प्रत्येक रोटरी क्लब, रणनीति बनाने के लिए साल में कम से कम एक बैठक अवश्य आयोजित करे और सदस्यों से पूछे कि पाँच साल बाद वो अपने क्लब को कहाँ देखना चाहते हैं और ये परिभाषित करें कि अपने सदस्यों के लिए क्लब कितना महत्त्व रखते हैं। रोटेरियन ये भली भांति जानते हैं कि रोटरी कितनी विशिष्ट है लेकिन हमारे समाज को भी रोटरी के मूल्य और रोटरी के साथ जुड़ने वाले सदस्यों को मिलने वाले अवसरों के बारे में जानकारी देने की जरूरत है। यह एक ऐसी चुनौती थी जिसकी ज़िम्मेदारी सभी रोटेरियनों को उठाने की ज़रुरत है।''

रो ई निदेशक कमल सांघवी ने GETS के चेयर महेश कोटबागी का शुक्रिया अदा किया और कहा कि, ''मैंने उन्हें RIDE बनने से पहले ही GETS का नेतृत्व करने के लिए चुना था। मैं उन्हें इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन में इतनी अच्छी तरह से और बारीकी से किए गए शानदार काम के लिए धन्यवाद देता हूँ।''

आने वाले गवरनरों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''आप में से प्रत्येक को अपने जिले और समुदायों में फ़र्क लाने का एक बड़ा अवसर मिला है, जैसा कि रो ई नियुक्त अध्यक्ष, शेखर मेहता ने आपको सलाह दिया, कि उस ऊंचाई तक उड़िए जहाँ तक एक बाज़ हिम्मत करता है, और अपनी बात पर चलकर दिखाइए। रोटरी हम में से प्रत्येक को हमारे सपनों को जीने का अवसर देता है। बड़ा सोचने का और अपने अच्छे कामों से दुनिया में फ़र्क लाने का अवसर भी देता है।''

उन्हें दिए गए एक मूल्यवान वर्ष में सबसे अधिक परिणाम लाने का आग्रह करते हुए कि संघवी ने कहा, ''आप अपने जिलों और समुदाय से चुने गए हैं। आप न केवल रोटरी बल्कि अपने समुदाय के भी भविष्य के नेता हैं और अब जिम्मेदारी आपके कंधों पर है कि आपमें में निवेश किए गए विश्वास को उचित ठहराएँ। अपने भीतर के नेतृत्व को एक उच्च मंच पर ले जाएँ। अपने को विकसित करें, आगे बढ़ें और सुनिश्चित करें कि आप में दिखाया गया विश्वास बिलकुल जायज है।''

उन सभी गवरनरों को जो अपने पति-पत्नी के साथ पारंपरिक वेशभूषा में GETS के आभासी बैठक में शामिल हुए थे, उन्हें अध्यक्ष नेक ने ऑनलाइन स्नातक प्रमाणपत्र दिए।

स्नातकों को संबोधित करते हुए GETS चेयर महेश कोटबागी ने उनसे कहा कि गवरनर के रूप में जो उन्हें यह एक साल मिला है, उसका अत्यधिक सदुपयोग करें क्योंकि यह साल दोबारा लौटकर नहीं आनेवाला है। ■

नेतृत्व के पाठ

जयश्री

गवर्नर्स-इलेक्ट और गवर्नर्स-नॉमिनी ट्रेनिंग सेमिनार (GETS और GNTS) ने रोटरी ज़ोन इंस्टीट्यूट का गठन किया, जो इस साल वर्चुअली चला। ट्रेनिंग सेशन जूम प्लेटफॉर्म पर छोटे-छोटे सेशंस में थे और इनका नाम राशि चिन्हों के नाम पर रखा गया था। 7-10 जनवरी को GETS, GNTS और पार्टनर्स सेशन के बाद एक घंटे मनोरंजन किया गया। इन प्रशिक्षण आयोजनों को जुड़ने वाले लोगों के लिए यादगार और प्रभावी बनाने के लिए GETS के चेयर RIDE महेश कोटबागी और उनकी टीम ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।

हम अपनी कहानियों को किसी पदक के लिए नही, बल्कि दूसरों में सेवा की आग को प्रज्वलित करने के उद्देश्य से बताते हैं।

कमल संघवी
रो ई निदेशक

शेखर और उनके साथी

आने वाले रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता द्वारा डीजीई को बताया गया: ''याद रखें कि ये कठिन समय है; इस वर्ष को अपने आसपास के लोगों के लिए समर्पित करें। लेकिन हमेशा परिवार का ख्याल पहले रखें। आप एक 115 साल पुराने संगठन का हिस्सा हैं, जिसके पास पोलियो उन्मूलन और दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को बदलने की विरासत है। आप उस देश के वासी हैं जो रोटरी के मुकुट का कोहिनूर है। इसलिए, आपके सपने और आपकी योजनाएँ विशेष होनी चाहिए।'' मेहता के कार्यकाल के दौरान रो ई अध्यक्ष के रूप में ये जिला गवर्नर होंगे।

उन्होंने डैन पैलोटा की पुस्तक *Uncharitable* से उन पंक्तियों का उल्लेख किया, जो वह हाल में पढ़ रहे हैं। यह एक NGO का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति और एक कॉर्पोरेट के सीईओ के बीच, एनजीओ प्रमुख की तनख्वाह कम होती है। लेकिन NGO समाज के अधिकांश मुद्दों को संभालते हैं जबकि एक कॉर्पोरेट अपने लाभ को बढ़ाने में लगा रहता है। एक NGO का नेता होने के नाते उतना श्रेय नही मिलता लेकिन यह एक आत्मा के लिए संतोषजनक कार्य है।''

आने वाले नेताओं को बड़े सपने देखने का आग्रह करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे नए रोटेरियन के रूप में, उन्होंने नादानी में अपने गुरु द्वारा पूछे गए एक सवाल के उत्तर में कहा था की उनका ''लक्ष्य एक अच्छा गवर्नर बनना था।'' उन्होंने मुझसे कहा, ''शेखर, यह एक लक्ष्य नहीं है। आपका लक्ष्य निश्चित और उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए। इसलिए, मैं वापस गया और अपने लक्ष्यों को फिर से लिखा और आज तक काफी सफल रहा।''

उन्होंने अपने जिले की टीमों का समर्थन पाने के लिए DGE और DGN की काउंसलिंग की। ''उन्हें काम करने और क्रेडिट दूसरों को देने में शामिल करें। मेरे गुरु ने हमेशा कहा कि एक डीजी का काम क्लब अध्यक्षों के अहंकार को कम करना है। और यह सच है। एक नेता के रूप में, आपको काम बाटना होगा। अगर आपको लगता है कि आप सब कुछ कर सकते हैं, तो आप असफल रहेंगे।''

समापन करते हुए, आने वाले रो ई अध्यक्ष ने मुस्कुराते हुए कहा: ''आपके नेता का पसंदीदा नारा है। ना सोऊंगा और न ही सोने दूंगा जब तक की काम पूरा नहीं हो जाता। इस एक वर्ष के लिए, हमें दूसरों के लिए जीना चाहिए। चील बनो, इतनी ऊंची उड़ान भरो कि किसी की हिम्मत पड़े आप तक पहुँचने की। वर्ष के अंत में, जब आप पीछे मुड़कर देखेंगे तो कहेंगे, मवे मेरे जीवन के सबसे खूबसूरत 365 दिन थे।

भागीदारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''आपको भी रोटरी की सेवा में

GETS अध्यक्ष RIDE महेश कोटबागी

RIPE शेखर मेहता

आपके नेता का पसंदीदा नारा है। ना सोऊंगा और न ही सोने दूंगा जब तक की काम पूरा नहीं हो जाता।

शेखर मेहता
रो ई अध्यक्ष निर्वाचित

शामिल होना होगा और आपकी सराहना से, आपका जीवनसाथी वास्तव में एक अच्छा गवर्नर होगा।''

सार्वजनिक छवि को बढ़ाते हुए

संस्थान के संयोजक रो ई निदेशक कमल संघवी ने डीजीई और डीजीएन से आग्रह किया कि वे ''अपने मानकों को उच्च स्तर पर स्थापित करें। अपनी टीम का विश्वास जीतने से पहले आपको पहले अपने आप से जीतना होगा। अपनी सेवा गतिविधियों और सदस्यता और टीआरएफ योगदान के लिए उत्साहित बनें। अपने स्वयं के बेंचमार्क बनाएं और उसका पालन करें।'' उन्होंने सार्वजनिक छवि के महत्व पर बल देते हुए कहा कि रोटेरियंस को अपनी सेवा गतिविधियों और रोटरी अनुभवों को सोशल मीडिया पर लोकप्रिय बनाना चाहिए। ''हम अपनी कहानियों किसी पदक के लिए नही, बल्कि दूसरों में सेवा की आग को प्रज्वलित करने के उद्देश्य से बताएं। आई कैंप आयोजन करने के बाद खबर प्रकाशित करने के बजाय कैंप से पहले खबर प्रकाशित करें। वहां लिखें, 'वे सभी जो हमारी मदद करने के लिए शामिल होना चाहते हैं, उनका स्वागत है।' लोग आपसे हाथ मिलाएंगे। हमें नए सदस्यों को आकर्षित करने और मौजूदा लोगों को रखने के लिए समुदाय में एक सकारात्मक छवि की आवश्यकता है। रोटरी के जीवित रहने के लिए ये दोनों बेहद महत्वपूर्ण हैं।''

इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष संजय खेमका ने आने वाले मंडल नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें इस ट्रेनिंग सेमिनार में उन सभी के साथ क्षितिज पर पहुंचना है जो उन्होंने यहां सीखा हैं। RIDE कोटबागी ने देखा कि यह वर्ष एक चुनौतीपूर्ण होगा और यात्रा प्रतिबंधों के साथ यह जिले के नेताओं के लिए एक विशालकाय कार्य होगा। उन्होंने DGE यो 'शेखर और उनके मूवर्स' नामकरण किया। हालांकि, हम कोच्चि में पहले से तय योजना के अनुसार नहीं मिल सके, लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि आप इस वर्चुअल मंच पर जो सीखेंगे, उसे जीवनभर संजोएंगे।''

फाउंडेशन का सहयोग करें

रो ई के निदेशक भरत पांड्या ने टीआरएफ द्वारा प्रदान किए गए भारी समर्थन का जिक्र करते हुए कहा, ''नौ महीनों के दौरान, टीआरएफ एक आशा की किरण बन कर उभरा है। इस अंधकार और निराशा के बावजूद, रोटेरियन, कार्यक्रम की भागीदारी में टीआरएफ के लिए प्रतिबद्ध रहे, और धन जुटाकर फाउंडेशन का समर्थन किया। व्यक्तिगत रूप से हम अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए बहुत कुछ नहीं कर सकते हैं, लेकिन फाउंडेशन हमें अपनी सामूहिक ऊर्जा का योगदान करने में मदद करता है। इसकी कल की सफलता के लिए इसे आज हमारे समर्थन की आवश्यकता है।''

उन्होंने जिला नेताओं से वार्षिक और पोलियो फंड को बढ़ावा देने का आग्रह किया। GG की मांग ने एनुअल फंड्स पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''इस फंड को बढ़ाना महत्वपूर्ण है अन्यथा हमारा GG धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। सभी रोटेरियन को प्रोत्साहित करें कि वे फाउंडेशन के लिए अपनी क्षमतानुसार योगदान करें।''

सदस्यता वृद्धि

RIDE ए एस वेंकटेश और PDG रवि वडल्मानी ने आने वाले नेताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता विकास के महत्व पर जोर दिया। ''पिछले साल की तुलना में तीन या पाँच प्रतिशत की वृद्धि, जिसे मैं 'द डेल्टा चेंज' कहता हूं, इससे हम संतुष्ट हैं। अब कुछ अलग सोचने का समय है। दिन का क्रम व्यवधान है - एक ही काम न करें, बल्कि हर बार कुछ अलग करें'', वेंकटेश ने कहा, आने वाले नेताओं के लिए कुछ सवालों को छोड़कर सदस्यता को एकाएक बढ़ाने के लिए।

''अपने क्षेत्र के जनसंख्या घनत्व से शुरू करें। आप खुद से कहिए, 'मेरे जिले की आबादी 1.5 करोड़ है। देखते हैं कि क्या मैं 10,000

RIDE ए एस वेंकटेश

जीवनसाथी कार्यक्रम

कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में RIDE कोटबागी की पत्नी डॉ अमिता और कार्यक्रम संयोजक के रूप में सोनल संघवी ने चारों दिन जीवनसाथी के लिए एक दिलचस्प पार्टनर्स सेशन प्रस्तुत

जीवन साथी कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अमिता कोटबागी

किया। एक वर्चुअल आइसब्रेकिंग सेशन में पति-पत्नी ने अपने हितों को साझा किया और अपने क्षेत्र की विशिष्टताओं के बारे में बात की। राशी मेहता ने अपने नेतृत्व वर्ष के दौरान अपने जीवनसाथी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उन्हें प्रभावित किया। आपका समर्थन गवर्नर को आपके जिले में स्थायी प्रभाव बनाने में मदद करेगा, उन्होंने कहा।

वर्चुअल मोड का उल्लेख करते हुए, RIDE वेंकटेश की पत्नी विनीता ने कहा, इसने हमें एक नया कौशल दिया है। जब हम किसी चीज़ को उसकी आवश्यकता के वक़्त सीखते हैं, यही हमारी सीखने की क्षमता का प्रमाण होता है ।

आप चीयर लीडर्स हैं। अपने साथी को प्रोत्साहित करते रहें और उनके साथ विचार साझा करने में शर्म न करें। क्या पता, यह आपके जिले के लिए एक शानदार विचार हो, डॉ माधवी पांड्या ने कहा।

सदस्य ला सकता हूं।' हमें 5 या 10 प्रतिशत की वृद्धि में संतुष्ट नहीं रहना चाहिए, जो इन वर्षों में लगातार रहा है। हमारी क्षमता हमारी क़ाबिलियत में निहित है और अतीत में हमारे पूर्ववर्तियों ने जो किया है, उससे कोई लेना-देना नहीं है।'' उनका अगला सुझाव जिलों की जनसांख्यिकीय संरचना के लिए था। ''देखें कि क्या यह आपकी सदस्यता में परिलक्षित होता है। एकल वोकेशन रोटरी क्लब भी अब संभव हैं। आप क्लब बनाने के लिए डॉक्टरों या अधिवक्ताओं का एक निकाय ले सकते हैं'', उन्होंने कहा।

बढ़ते क्लबों पर, उन्होंने सुझाव दिया कि वे विकास के पैटर्न का अध्ययन करें और जानें कि यह कैसे प्रस्तावित किया गया था। ''आप देख सकते हैं कि केवल 20 प्रतिशत सदस्य ही किसी नए सदस्य को लाए होंगे। सोशल मीडिया पर जाएं और सदस्यता को यह कहते हुए बढ़ावा दें कि 'मैं एक नए सदस्य को लाया हूं, क्या आपने लाया?'

इन सबसे ऊपर, उन्होंने रोटरी बैठकों के बाहर रोटरी पिन पहनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''आपको एक जिज्ञासु अजनबी को रोटरी के बारे में समझाने का मौका मिल सकता है और शायद वह आपके क्लब में शामिल होने के लिए इच्छुक हो सकता है।''

पीडीजी रवि वडलामणि ने जिला स्तर पर सदस्यों को बढ़ाने और बनाए रखने के लिए अलग-अलग समितियों के गठन की सिफारिश की और नए सदस्यों को पेश करने वाले रोटेरियनस को पहचानने के लिए कहा। ''गेटेड समुदायों में रोटरी क्लब शुरू करें और सदस्य अपने क्लब हाउस में मिल सकते हैं। ऐसे क्लब निश्चित रूप से सफल होंगे क्योंकि वे आपस में बेहतर बॉन्डिंग बना सकते हैं।'' समान हितों को साझा करने वाले लोग क्लब बना सकते हैं। ''आपके पास क्रिकेट, योग आदि के लिए क्लब हैं। रोटरी के लचीलेपन के साथ आपके पास कई विकल्प हैं'', उन्होंने कहा।

टीआरएफ और पोलियो

केन्या से टीआरएफ ट्रस्टी गीता मानेक ने आने वाले नेताओं से आग्रह किया कि वे पोलियो टीकाकरण पर ध्यान देना न छोड़ें हमने इसके लिए बहुत मेहनत की है और वह दिन दूर नहीं है ''जब हम वास्तव में अपनी सफलता का जश्न मनाएंगे। लेकिन तब तक शालीनता के लिए कोई जगह नहीं है।'' अफ्रीका में WHO के हालिया पोलियो-मुक्त प्रमाणन का उल्लेख करते हुए, गीता ने कहा कि जब भारत को 'पोलियो-मुक्त' घोषित किया गया था, तो यह अफ्रीका के लिए एक प्रेरणा थी। ''इसने हमें पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पोलियो को खत्म करने के लिए नई ऊर्जा दी है ताकि पूरी दुनिया को पोलियो मुक्त घोषित किया जा सके।'' उन्होंने आने वाले नेताओं से आग्रह किया कि वे अपने DDF का कम से कम 20 प्रतिशत पोलियो फंड को दें।

TRF ट्रस्टी गुलाम वाहनवती ने क्लब के अध्यक्षों और जिला टीम के साथ एक प्रभावी

एनुअल फंड्स को बढ़ाना महत्वपूर्ण है अन्यथा हमारा GG धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा।

भरत पांड्या
रो ई निदेशक

RID भरत पांड्या

TRF ट्रस्टी गुलाम वाहनवटी

संचार बनाए रखने पर जोर दिया। ''कोई वैश्विक अनुदान हो या कोई क्लब परियोजना, कोई भी सेवा परियोजना इस लिए न करें क्योंकि आप इसे करना चाहते हैं। जरूरतों का आकलन करें और उसके अनुसार आगे बढ़ें। अपने जिला फाउंडेशन समिति और तकनीकी कैडरों से मदद लें, उन्होंने कहा। PRID मनोज देसाई, अध्यक्ष, TRF के तकनीकी कैडर, फाउंडेशन द्वारा वैश्विक अनुदान परियोजनाओं के मूल्यांकन पर प्रकाश डालते हैं। 70 देशों के 700 कैडर हैं जिनमें 200 चिकित्सा पेशेवर, 150 चार्टर्ड एकाउंटेंट, 110 कृषक और आर्थिक विकास विशेषज्ञ, 100 सिविल इंजीनियर, स्वच्छता विशेषज्ञ और स्वच्छता पेशेवर, 50 शिक्षक और 40 शांति मध्यस्थ शामिल हैं। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन और अनुदान योजना के साथ क्लबों और जिलों की मदद की है, उन्होंने कहा, ''आपके मंडल के कैडर सदस्य आपकी सफलता का एक महत्वपूर्ण संसाधन हैं। अनुदान आवेदन पत्र दाखिल करते समय उनकी विशेषज्ञता का उपयोग करें ताकि अनुमोदन आसान हो जाए।''

हमारी क्षमता हमारी क़ाबिलियत में निहित है और अतीत में हमारे पूर्ववर्तियों ने जो किया है, उससे कोई लेना-देना नहीं है।

ए एस वेंकटेश
रो ई निदेशक निर्वाचित

WinS

PRID पी टी प्रभाकर ने WinS कार्यक्रम की उत्पत्ति और अब तक की उपलब्धियों के बारे में बात की। ''पिछले पांच वर्षों में हमने 34,000 स्कूलों को कवर किया है और लगभग 10 मिलियन बच्चों को सिखाया कि कैसे अपने हाथों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। अब यह आदत उन्हें कोविद से बचाएगी'', उन्होंने कहा और मंडल के नेताओं से कार्यक्रम को अधिक से अधिक स्कूलों में लागू करने का आग्रह किया।

RID पीटर काइल ने संयुक्त राष्ट्र के साथ रोटरी के संबंध पर प्रकाश डाला और RID निकी स्कॉट ने सार्वजनिक छविके की आवश्यकता के बारे में बात की। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

यु पी के सी एम ने की रोटरी की तारीफ

टीम रोटरी न्यूज़

गोरखनाथ अस्पताल में यू पी के सी एम आदिनाथ योगी (बीच में), DG करुणेश कुमार श्रीवास्तव (बाएं से दूसरे) के साथ क्लब सदस्य।

उत्तर प्रदेश के सी एम योगी आदित्यनाथ ने शहर के एक चैरिटेबल अस्पताल गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय में चिकित्सा उपकरणों को सौपने के दौरान मानवीय सेवाओं के लिए आर सी गोरखपुर, रो ई मंडल 3120 की सराहना की। इस साल अपनी प्लेटिनम जुबली मनाने के लिए क्लब द्वारा एक एक्स-रे मशीन (₹54.75 लाख) और एक अल्ट्रासाउंड डॉप्लर (₹40 लाख) का दान वैश्विक अनुदान के माध्यम से किया गया था।

अस्पताल के साथ क्लब का रिश्ता 2003 में शुरू हुआ था, जब ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविरों के संचालन के लिए एक मोबाइल क्लिनिक की व्यवस्था की गई थी। गोरखपुर में पहला आईसीयू इसी अस्पताल में लगाया गया था, सीएम ने कहा और क्लब द्वारा आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों की सफलता को नोट किया।

क्लब अध्यक्ष अरविंद विक्रम चौधरी ने सीएम साहब को मशीनों की विशेषता के बारे में समझाया और कैसे इससे जरूरतमंद मरीजों को प्रभावी इलाज मुहैया कराने में मदद मिलेगी। इस मौके पर डीजी करुणेश कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

जिला सीएसआर चेयर पीडीजी अनूप अग्रवाल ने बताया कि टोयो इंजीनियरिंग इंडिया और रोटरी फाउंडेशन के योगदान से यह प्रोजेक्ट पूरा हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि दो महैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट्सफ(26 स्कूल) को ग्लोबल ग्रांट से लागू किया जा रहा है।

डीजी श्रीवास्तव ने कहा, ''हम अपने कोविड टीकाकरण अभियान में सरकार के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।'' परियोजना समन्वयक एम पी कंदोई ने सीएम साहब को सम्मानित किया। ■

महामारियाँ उम्मीद भी देती है: ट्रस्टी अध्यक्ष रवींद्रन

रशीदा भगत

एक महामारी में, लगभग सभी पर एक साथ मार पड़ती है, जिसका अर्थ है कि वास्तव में हमारे पास ऐसा कोई नहीं होता जिसे खुद की मदद की ज़रूरत नहीं होती है। उम्मीद है कि 2021 में इस महामारी का अस्त हो जाएगा, टीआरएफ न्यासी प्रमुख के आर रविंद्रन ने *द ओडिसी* नामक आभासी ज़ोन इंस्टीट्यूट को संबोधित करते हुए कहा।

पूरे इतिहास में, महामारियों और बीमारियों ने मानवता को तबाह करके रख दिया, लेकिन उनके द्वारा लाए गए सभी परिवर्तन खराब नहीं थे। इतिहास बताता है कि एक महामारी की वजह से पेरिक्लीन एथेंस इतनी बुरी तरह से कमजोर हो गया था कि वह 430 ईसा पूर्व के युद्ध में स्पार्टा से हार गया था। लेकिन इस हार ने एथेनियाई लोगों को एक उग्र सुधारवादी लोकतंत्र लाकर दिया, ''जिसमें दुनिया ने आम नागरिकों के मत से ताकत को उभरते देखा।''

14वीं शताब्दी की महामारी ने यूरोप की कम से कम एक तिहाई आबादी को खत्म कर दिया; लेकिन इसने सामंतवाद के अंत में भी योगदान दिया। कोविड वायरस को रोकने के लिए ''आज हम जो कुछ भी कर रहे है वह कुछ नया नहीं है: ब्लैक डेथ महामारी के जवाब में सुरक्षात्मक मुखौटों, संगरोधन, अलगाव और सामाजिक दूरी का उदय 14वीं शताब्दी में हो चुका था।''

इसी तरह, संपर्क ट्रेसिंग की जड़ें 1919 के स्पैनिश फ़्लू में मिलती है जिसके कारण लगभग 50 मिलियन लोग मारे गए थे। ''इसका उपयोग यौनकर्मियों और उनके ग्राहकों के बीच उपदंश के प्रसार पर नज़र रखने के लिए किया गया था'', उन्होंने कहा। लेकिन दुनिया हमेशा जल्दी से ठीक हो गई, और 1919 में रोटरी के रूप में एक सेवा-उन्मुख इकाई का गठन हुआ जो दुनिया भर में तेजी से फैल गई।

इसलिए आज, इस परेशान समय में, ''हममें से जो परमेश्वर में विश्वास करता है, जानता है कि वह बिगड़ी को भी बना सकता है, परीक्षा को प्रमाण बना सकता है, एक आजमाइश को जीत में बदल सकता है और एक शिकार को शिकारी बना सकता है'', रवींद्रन ने कहा।

जबकि पोलियो को अफ्रीका से बाहर कर दिया गया है, ''अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान से पोलिओ को खत्म करना अभी बाकी है और 40 से अधिक देशों में बच्चों का नियमित रूप से टीकाकरण करना होगा। इसके अलावा, रोटारियनों को 70 से अधिक देशों में यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी रखनी पड़ेगी कि वायरस अभी भी किसी गटर में पनप तो नहीं रहा है। इसलिए, धन संचयन में हमें कोई भी ढील नहीं देनी है क्योंकि हमें प्रति वर्ष 50 मिलियन यूएस डॉलर के अपने लक्ष्य को बरकरार रखने की आवश्यकता है, जिसका गेट्स फाउंडेशन द्वारा 2023 तक 2:1 से मिलान किया जाएगा'', उन्होंने कहा।



टीआरएफ की त्वरित प्रतिक्रिया

कोविड महामारी द्वारा बरपाये गए कहर पर न्यासियों की प्रतिक्रिया का वर्णन करते हुए, रवींद्रन ने कहा, ''महामारी के खिलाफ हमारी तत्काल प्रतिक्रिया उत्कृष्ट थी। हमने दुनिया भर के हजारों क्लबों को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए लगभग 30 मिलियन डॉलर तुरंत, व्यापक एवं प्रभावी रूप से दिए।''

अकेले जुलाई और अगस्त 2020 में, कुल 48 मिलियन डॉलर के अनुदान स्वीकृत हुए; पिछले साल 271 अनुदानों के मुकाबले, हमने इन दो महीनों में 715 अनुदानों को वित्तपोषित किया। हम

यूएसएआईडी के साथ बातचीत करके एक साझेदारी तैयार कर पाए, जहां उन्होंने हमें कोविड-19 से प्रभावित इतालवी समुदायों को सहायता प्रदान करने के लिए 5 मिलियन डॉलर दिए।''

आगे क्या?

न्यासी प्रमुख ने कहा कि कोविड के बाद की दुनिया में रोटरी के सामने चुनौती है कि वह पिछले साल मिली सीखों का विस्तार करे और उन्हें संस्थागत रूप दे।

तो कोविड के बाद की दुनिया के लिए टीआरएफ नेतृत्व कैसे कमर कस रहा था?

- यह उसके आवर्ती निर्धारित प्रशासनिक खर्चों को कम करने पर काम कर रहा है और इसमें सफल भी हो रहा है, और हमारे ब्रांड की रक्षा और सुरक्षा करते हुए, तेज और दुबला होता जा रहा है।
- यह बदलती सार्वजनिक भावना के हिसाब से टीआरएफ सेवाओं और छवि को बदल रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण पर्यावरण को हमारा सातवाँ ध्यानाकर्षण क्षेत्र बनाना था क्योंकि युवा पीढ़ी उद्देश्य, जुनून और अर्थ पर अधिक जोर देती है।
- यह अपने विश्व कोष को मजबूत करने के वैकल्पिक तरीकों की खोज कर रहा है; यूएसएआईडी जैसे बाहरी साझेदारों की सक्रिय रूप से तलाश कर रहा है, प्रोग्राम्स ऑफ स्केल की शुरुआत कर रहा है ''जहां हम 2 मिलियन डॉलर तक डालते है और रोटेरियनों पर भरोसा करने वाले अन्य साझेदारों से अपेक्षा करते है वे धन और संसाधनों में समान रूप से पर्याप्त निवेश करेंगे।''
- संस्थान ने कोविड-19 टीकों के वितरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का फैसला किया है, ''विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जो अपर्याप्तता, अक्षमता और अज्ञानता को बरकरार रख सकते है।''

रविंद्रन ने कहा कि मार्च 2020 से, कई दानदाता और फाउंडेशन की अन्य टीमें देने के अगले युग के लिए प्राथमिकताओं एवं कार्य-प्रणालियों को फिर से तैयार करते हुए दिन-रात लगातार काम कर रही है। ''हमें धर्मार्थ जनता द्वारा महामारी को दी गई प्रतिक्रिया से प्रोत्साहित होना चाहिए। ना केवल प्रमुख लोककल्याणकारियों द्वारा दी गई पूंजी का पैमाना - - मई 2020 में वैश्विक रूप से 10.3 बिलियन डॉलर - आश्चर्यजनक था, बल्कि कैसे यह दिया गया वह भी चकित कर देने वाला था: रिकॉर्ड गति से, बहुत ही कम शर्तों के साथ, और दूसरों के साथ अधिक सहयोग में।''

इसलिए बाहर अच्छाई की एक दुनिया मौजूद है और रोटरी उस दुनिया का एक सूक्ष्म प्रतिबिंब है। लेकिन ''हमारे धन लक्ष्यों को पूरा करने'' की चुनौती बनी रही। सामान्य परिस्थितियों में, टीआरएफ ने इस वर्ष के लिए 410 मिलियन डॉलर का प्राप्त किया जा सकने वाला एक लक्ष्य निर्धारित किया था। ब्रेक अप इस प्रकार है:

- पोलिओ के लिए 50 मिलियन डॉलर (100 मिलियन डॉलर का गेट्स द्वारा मिलान किया जाएगा)
- वार्षिक कोष के लिए 135 मिलियन डॉलर
- अक्षय निधि के लिए 85 मिलियन डॉलर
- अन्य एकमुश्त उपहारों के लिए 40 मिलियन डॉलर
- इन सब का कुल 410 मिलियन डॉलर होता है।

टीआरएफ की वार्षिक चुनौती के अलावा, 2025 तक शुद्ध संपत्ति एवं अपेक्षाओं में 2.025 बिलियन डॉलर का मध्यावधि लक्ष्य बरकरार रहा। जब हमारी शुद्ध संपत्ति 1 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएंगी, तो खर्च के लिए वार्षिक आधार पर उपलब्ध धन 40-50 मिलियन डॉलर होगा।''

उन्होंने आगे कहा, ''शुक्र है अभी तक हम अनुमानों पर खरा उतरते हुए ट्रैक पर है।''

गोते लगाती विश्व अर्थव्यवस्था

लेकिन महामारी ने विश्व अर्थव्यवस्था को हालिया समय के सबसे खराब मंदी में से एक में भेजा दिया था। इसके कारण होने वाली दुर्दशा ''सरकारों को सामाजिक जरूरतों पर पैसा खर्च करने से रोकती है, जो बेरोजगारी, बेघरी और गरीबी के उच्च स्तरों से उत्पन्न होती है।''

इसके परिणामस्वरूप रोटरी की सेवाओं की सख्त जरूरत पड़ेगी, जिसके बढ़ने की आशा उन्हें इसलिए है, क्योंकि दर्जनों देशों में, ''हमनें समुदाय के सदस्यों की प्रार्थनाओं का जवाब दिया है। जैसे कि उन माता-पिता की पुकार का जिनके गंभीर रूप से बीमार बच्चे को रोटेरियनों द्वारा बनाए गए अस्पताल में उपचार मिलता है; या उन ग्रामीण की पुकार का जो रोटरी परियोजनाओं द्वारा प्रदान किए गए सुरक्षित पेयजल के कारण गुर्दे की गंभीर बीमारियों से बच जाएंगे; या उन लड़कियों की पुकार का जिन्हें अपने स्कूलों में रोटेरियनों द्वारा निर्मित पृथक शौचालयों के कारण युवावस्था में स्कूल नहीं छोड़ना पड़ेगा; या उन लोगों की पुकार का जो कैंसर से मौत या मलेरिया एवं अन्य बीमारियों से होने वाली तबाही से रोटरी के कारण बच जाएंगे।

रोटेरियन अपनी असीम कल्पना, तीव्र महत्वाकांक्षा और अटल समर्पण के कारण इस अंधकारमय एवं विषादपूर्ण वर्ष में भी ऐसे हजारों लोगों को आशा दे सकते है। याद रखे कि सुबह होने से ठीक पहले ही रात सबसे अंधेरी होती है, इसलिए हमें यह उम्मीद रखना चाहिए है कि यह समय भी बीत जाएगा।''

रवींद्रन ने हॉलीवुड की प्रसिद्ध फिल्म *लॉरेंस ऑफ अरेबिया* के एक प्रसिद्ध दृश्य के साथ समापन किया, जहां पीटर ओ टूल, जिन्होंने शीर्षक भूमिका निभाई थी, उमर शरीफ से कहते है: ''कुछ भी नहीं लिखा है'', जब वह रेगिस्तान में अपने ऊंट से गिरे अरब सैनिक कासिम बचा बच लेते है जबकि बाकी सभी यह कहकर उसे छोड़ देना चाहते थे कि उसकी मृत्यु लिखी जा चुकी थी।

रवींद्रन ने समाप्त करते हुए कहा: ''हम बस इतना जान सकते है कि हर क्रिया और प्रतिक्रिया के साथ, हमें एक अवसर मिलता है - हमारे मूल्यों को जीने का, अपनी इच्छाओं को व्यक्त करने का और अपने जीवन की गुणवत्ता को सुधारने के लिए कार्रवाई करने का। कुछ भी नहीं लिखा होता... जब तक कि हम उसे नहीं लिखते।''

यह रोटेरियनों पर निर्भर है कि वह रोटरी और टीआरएफ की महानता का लाभ उठाए, ''और इसका उपयोग एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए करें - क्योंकि यहीं हमारे अवसर का महान पल है।'' ■

कोविड महामारी से मिले अहम सार्वजनिक स्वास्थ्य सबक

रशीदा भगत

कोविड़-19 महामारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में कार्यरत वैज्ञानिकों को कई मूल्यवान सबक सिखाए है, और सबसे पहला सबक यह है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य में निवेश महत्वपूर्ण है। ''इससे बचा नहीं जा सकता है'', डब्ल्यूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने रो ई ज़ोन संस्थान को संबोधित करते हुए कहा।

लेकिन यह एक पेचीदा निवेश है, क्योंकि इसकी सफलता का मतलब है महामारी एवं संक्रामक रोगों के प्रकोप की अनुपस्थिति, और फिर लोग कह सकते है कि इस निवेश की आवश्यकता ही क्या जब सब कुछ ठीक है। परंतु सब कुछ ठीक इसलिए ही रहा क्योंकि तैयारियों और रोकथाम में निवेश किया गया है। ''हम, मनुष्य, स्वाभाव से प्रतिक्रियाशील होते है और आम तौर पर घबराहट के एक चक्र से गुजरने के बाद उपेक्षा की अवस्था में चले जाते है।'' जैसा कि पिछले साल कोविड-19 के कारण हुआ था। पहले घबराहट थी और अब टीकाकरण की शुरुआत के साथ, लोग हमेशा की तरह व्यापार की वकालत कर रहे है, ''यह कहकर कि हमारे जीवनकाल में हम एक और महामारी का सामना नहीं करेंगे। परन्तु यह सच नहीं है, महामारी के मामलों में प्रश्न 'अगर' का नहीं बल्कि मकबफ का होता है। इसलिए अतीत की तरह, हमें उपेक्षा के चक्र में नहीं जाना चाहिए'', उन्होंने कहा।

सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व से संबंधित एक और सबक। ''व्यावहारिक रूप से सभी देशों, उच्च और निम्न आय वर्ग वाले दोनों, में इसका अभाव पाया गया है। यहां तक कि अत्यधिक प्रगतिशील और उन्नत तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली वाले देशों को भी कोविड-19 के कारण भारी मृत्यु दर का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके पास नियंत्रण, निगरानी, पृथक्करण एवं संपर्क अनुरेखण, संगरोधन के साथ ही अनुपालन एवं सहयोग सुनिश्चित करने हेतु समुदायों के साथ जुड़ाव करने के लिए आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं मौजूद नहीं थी।''

महामारी से अन्य सबक यह है कि ''जैसा कि हम पहले से ही जानते है, ये वायरस जानवरों से मनुष्यों में फैलते है। ऐसा जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, पशुओं-मानवों के एक साथ आने, कई देशों में जंगली जानवरों को पालने, जंगली एवं घरेलू जानवरों एक साथ बेचे जाने के कारण होता है। और जिस तरह से लोग रहते है उस पर भी यह निर्भर करता है। ये सभी कारण पशु और मानव वायरस के मिश्रण एवं नए स्ट्रैन के उद्भव को प्रोत्साहित करते है जो फिर मनुष्यों को संक्रमित कर सकते है और बहुत खतरनाक साबित हो सकते है।'' अतीत में ऐसा कई बार SARS, ज़ीका, इबोला, निपाह, इत्यादि मामलों में हो चुका है। ''मुद्दा यह है भविष्य में भी हमें महामारियों का सामना करना होगा और हमें एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यबल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश को महत्व देते हुए तैयार रहने की आवश्यकता है।''

सौम्या ने कहा, ''प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियाँ तो केवल एक ऐसा केंद्र होने से काफी आगे निकल गई है जहां आप निदान करते है, और दवाएं एवं उपचार देते है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में स्वास्थ्य संवर्धन, बीमारी की रोकथाम पर काम करना एवं सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से यह सब हासिल करना शामिल होता है।'' यह पहलू दुनिया भर की प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणालियों में से गायब है और ''इसी जगह पर रोटरी स्वास्थ्य साक्षरता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।''

अंतिम सबक जो उन्होंने सीखा वह यह है कि राजनीतिक एवं अन्य नेतृत्व दोनों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि न केवल वे मजबूत बने रहे, बल्कि विनम्र और दयालु भी रहे। क्योंकि इस वायरस ने हमें बहुत सी चीजें सिखाई हैं। हमें विनम्र होने की जरूरत है और हम यह नहीं मान सकते हैं कि हम इंसान सब कुछ जानते हैं और किसी भी चीज पर विजय हासिल कर सकते है। हमें दयालु होने की जरूरत इसलिए है क्योंकि बहुत से लोग पीड़ित हुए है और अभी भी हो रहे है।

दुर्भाग्य से, उन्होंने कहा, दुख का खामियाजा उन लोगों ने उठाया है जो पहले से ही निचले पायदान पर है और जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे है ... अनियमित कर्मचारी, दिहाड़ी करने वाले, जो बमुश्किल जीवन यापन कर रहे है, जो जिंदगी में मामूली वृद्धि कर रहे है। और वे सब अब कई वर्ष पीछे चले गए है। वह की ऐसे बच्चों से मिली, विशेष रूप से लड़कियों से, दोनों चेन्नई और एक गाँव में जिसका दौरा उन्होंने हाल ही में किया था, जो मोबाइल फोन या इंटरनेट की कमी के लिए ऑनलाइन कक्षाओं में भाग नहीं ले पा रही थे।

सौम्या स्वामिनाथन, प्रमुख वैज्ञानिक, WHO।

कोविड ने टीकाकरण, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित किया

विश्व स्वास्थ्य संगठन और रो ई की लंबी यात्रा को याद करते हुए, डब्ल्यूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि भले ही 2020 एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा हो, ''फिर भी उत्सव मनाने के लिए बहुत कुछ है, विशेष रूप से पोलियो के मामले में।'' पहला अफ्रीकी महाद्वीप से जंगली पोलियोवायरस का उन्मूलन था। ''यह एक लंबी, दर्दनाक, चरण-दर-चरण चलने वाली प्रक्रिया रही है, जिसे एक देश से दूसरे देश, एक जिले से दूसरे जिले और एक गांव से दूसरे गांव तक ले जाया गया, जिनमें से कुछ देशों में वास्तव में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अफ्रीका के पोलियो मुक्त प्रमाणित होने के साथ ही, अब केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही रह जाते है।''

इस वर्ष एक और मील का पत्थर नवीनतम मौखिक पोलियोवायरस 2 टीके के आपातकालीन उपयोग की स्वीकृति थी। यह डब्ल्यूएचओ की आपातकालीन उपयोग की सूची में स्थान प्राप्त करने वाला पहला टीका था। ''और हम अब इन सभी नए कोविड 19 टीकों को देख रहे है।''

नकारात्मक पक्ष की बात करे तो, सौम्या ने कहा, 2020 में महामारी की वजह से, पोलियो कार्यक्रम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, ठीक उसी तरह

जैसे दुनिया भर में कई अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 120 देशों में जुलाई-अगस्त में किए गए एक पल्स सर्वे में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी रुकावटें पाई गई। सूची में शीर्ष पर नियमित टीकाकरण था जो इन देशों में 70-80 प्रतिशत तक कम हो गया था, जिससे कम आय वाले देश अधिक प्रभावित हुए। आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं में, अमीर देशों की तुलना में गरीब देशों में 50 प्रतिशत लोग प्रभावित हुए।

भारत ने टीबी अधिसूचना में 50-60 प्रतिशत की कमी देखी ''क्योंकि जांच करने वाली मशीनों को कोविड-19 के उपयोग के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। टीबी नियंत्रण कार्यक्रम और लगभग सभी अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को कोविड 19 के काम में लगाया गया। और लोग स्वास्थ्य केंद्रों तक लॉकडाउन, परिवहन की कमी और कोविड द्वारा संक्रमित होने के डर की वजह से नहीं पहुंच सके। इन सभी कारणों की वजह से, टीबी और मलेरिया जैसे रोगों की निगरानी एवं उपचार, एंटी-नेटल और युवा बाल सेवाओं, गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप कार्यक्रम, आवश्यक सर्जरी, रक्त आधान सभी प्रभावित हुए थे, और कैंसर की देखभाल भी बुरी तरह से प्रभावित हुई थी।''

पोलियो कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ; ''हमने फ्रंटलाइन स्टाफ, जो पोलियो की निगरानी के लिए जमीनी स्तर पर काम करते है, को कोविड कार्यक्रमों में लगते हुए देखा। उनके कौशल, अनुभव, समुदायों के साथ उनके संबंध बहुत काम आए जब रातोंरात एक नए निगरानी कार्यक्रम को एक नई बीमारी के लिए खड़ा करना था।''

विस्तृत रूप से, वैज्ञानिक ने कहा। ''जो कहा कि उसका मतलब है यदि आपके पास एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित एवं अच्छी तरह काम करने वाला कार्यबल है, तो आप वास्तव में इसका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए कर सकते है।'' उन देशों में जहां कई वर्षों से पोलियो नियंत्रण में था, ''उस कार्यबल को संचारी एवं गैर-संचारी रोगों दोनों पर नजर रखने और समुदाय के साथ जुड़ने के लिए फिर से प्रशिक्षित करने एवं पुन: नियुक्त करने की आवश्यकता है।''

''युवा महिलाओं को भी बहुत कुछ झेलना पड़ा है; घरेलू हिंसा और महिलाओं की तस्करी में बढ़ोत्तरी हुई है वहीं स्कूल छोड़ने वाली लड़कियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। एक समय ऐसा भी था जब 1.6 बिलियन बच्चे स्कूलों से बाहर थे। अभी भी कई सौ मिलियन बच्चे है जो न केवल शैक्षिक अवसरों से, बल्कि दोपहर के भोजन से भी वंचित है।''

आगामी चुनौतियाँ

रोटरी के सामने कई चुनौतियां थी; निश्चित रूप से, पोलियो को समाप्त करने के अंतिम मील को पूरा करना अभी बाकी था, परंतु तपेदिक जैसी अन्य चुनौतियां भी थी जिसके सामना रोटेरियन पहले से ही कर रहे है। ''हम सभी को ऐसे युवा लड़कियों एवं लड़कों की शिक्षा में मदद करनी होगी जो महामारी के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे है; हमें इन बच्चों की मदद करने की जरूरत है ताकि वे आगे आ सके। हम कह सकते हैं कि सब कुछ डिजिटल है और हम एक ऑनलाइन दुनिया में रहते है, लेकिन यहाँ पर एक डिजिटल बहिष्करण भी मौजूद है। इसलिए इंजीनियरों एवं तकनीक विशेषज्ञों को इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने के तरीकों के बारे में सोचना चाहिए।''

सौम्या ने आगे कहा कि ''मानवीय पक्ष पर, करुणा की आवश्यकता है, हमें एक-दूसरे का खयाल रखने की जरूरत है, विशेष रूप से कम भाग्यशाली लोगों का क्योंकि उन्हें वापस सामान्य स्थिति में लौटने में कई साल लगने वाले है।''

चूंकि टीके आ रहे है, इसलिए एक अच्छी और आशावादी बात पर समाप्त करते हुए उन्होंने कहा: ''मेरा मानना है कि कई टीके आएंगे जो कोविड-19 के लिए सुरक्षित और प्रभावी होंगे ताकि प्रतिरक्षा बनाने के लिए जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को टीका लगाया जा सके। लेकिन इसमें समय लगने वाला है। यह रातोंरात नहीं होगा और ना ही 2021 की पहली छमाही में होगा। लेकिन यह 2021 की दूसरी छमाही में होने लगेगा, इसलिए हमें अभी भी अत्यंत सावधान रहने और सभी निर्धारित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का पालन करने की आवश्यकता है। सुरंग के अंत में हमें प्रकाश दिखेगा लेकिन हमें अभी भी इसे पार करने की आवश्यकता है। हमें एक दूसरे की सहायता करते हुए एक साथ चलने की जरूरत है।''

उन्होंने कहा: ''रोटरी एक महान शक्ति है, आपके पास विश्वसनीयता, जुनून, साधन है और समुदाय के जमीनी स्तर तक पहुंच है। आपने मानव जाति के सबसे बड़े अभिशाप का सामना किया है और उसे लगभग खत्म कर दिया है। आइए एक साथ काम करना जारी रखें और उन आम समस्याओं के बारे में सोचें जिनका सामना हम करते रहते है।'' ■

हमारी विविधता हमें प्रतिभाशाली और दैदिप्यमान बनाती है: जेनिफर जोन्स

रशीदा भगत

रोटरी का भविष्य वही है जिसका निर्माण और संरचना आपने यहाँ आज की है पिछले 10 महीनों में जिस तरह दुनिया भर के रोटरियनों ने तकनीकी छलांग लगाईं है। एक समूह में इस तरह एकत्रित होना और इस तरह के शानदार सहभाजित अनुभव में एक साथ होना ही इस का भविष्य है।

आप सभी तुरंत इस आभासी मंच पर आए और इसे एक वैश्विक समुदाय बना दिया'', मनोनीत रो ई अध्यक्ष जेनिफर जोन्स ने आभासी मंच पर दो अलग-अलग बैठकों को संबोधित करते हुए कहा, जिसका सृजन रोटरी क्लब मद्रास (आरसीएम) और सिनर्जी रोटरी फ्रेंडशिप एलायंस ने (11 एशियाई देशों में फ़ैली सदस्यता के साथ) किया था। इस एलायंस की रचना, रो ई मंडल 3201 से पीडीजी सुनील ज़कारिया संरक्षण में की गई थी।

उन्होंने कहा कि दोनों आयोजनों में इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी देखना अद्भुत था; आरसीएम की बैठक में, 25 देशों के 525 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, सिनर्जी मीट में पूरी दुनिया से 390 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें तीन पूर्व रो ई निदेशक, छह मंडल अध्यक्ष, 14 डीजीई और 10 डीजीएन और 35 पूर्व मंडल अध्यक्ष शामिल हुए थे।

अपनी आभासी यात्रा के उपलक्ष्य में, आरसीएम ने एसीएस - आरसीएम डायलिसिस सेंटर को दो डायलिसिस मशीनें प्रदान की थी, चेन्नई के नज़दीक, इस सेण्टर की स्थापना, क्लब द्वारा निर्मित अस्पताल में की गई है। क्लब के अध्यक्ष कपिल चितले ने कहा, ''गुर्दे खराब होने पर काम आने वाली इन डायलिसिस मशीनों की संख्या अब सात हो गई है।'' उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्यों ने अपने 35 एकड़ के प्लाट पर प्रचुर मात्रा में फल देने वाले 117 पेड़ लगाए हैं, जो कि क्लब की एक प्रमुख परियोजना आरसीएम बॉयज़ टाउन सोसाइटी स्थित है । जुलाई, 2022 में जब वह रो ई अध्यक्ष का पद ग्रहण करेंगी तब रोटरी को 117 वर्ष पूर्ण हों जायेंगे इसी उपलक्ष्य में पेड़ों की संख्या 117 रखी गई है।

जोन्स ने कहा कि रोटरी का अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उतना प्रासंगिक कभी भी नहीं रहा जितना आज है। सीमाओं को समाप्त कर, आपस में इतनी सहजता से जुड़ने में सक्षम होना, ये कुछ ऐसा है जो रोटरी कई दशकों से करती आ रही है। ''और उस वैश्विक मोहर को अपने पासपोर्ट पर लगा कर, इन आभासी बैठकों के माध्यम से हम दुनिया में कहीं भी पहुँच सकते हैं, ये अद्भुत है।''

कोविड महामारी के दौरान, उनका बहुत सारी आभासी मीटिंग में जाना हुआ और दुनिया भर में उन्होंने नए मित्र बनाये, जो कि अविश्वसनीय है, लेकिन मित्रों, मैं उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं जिस दिन हम सब आपस में व्यक्तिगत रूप

टीकाकरण के समर्थन के लिए तैयार रहें

पिछले कई महीने हमने अन्धकार में गुज़ारे हैं और ऐसा एक भी व्यक्ति, महिला या बच्चा नहीं है जो इस वैश्विक महामारी से अछूता रहा हो। लेकिन इस महामारी ने एक अजीबोगरीब तरीके से हमें जकड़ लिया और यह साबित कर दिया कि हम वाकई पीपल ऑफ़ एक्शन (कार्रवाई करने वाले लोग) हैं, हमें शीघ्र ही मालूम चल गया कि एकजुट हो और आपस में सम्पर्क रखते हुए, मिल कर सेवा करने की जरूरत है। आप सभी ने आभासी दुनिया (वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म) पर छलांग लगाई है और इस जरूरत को आपने साबित भी कर दिया, जिस प्रकार आज आपने विभिन्न राष्ट्रों से इतने सारे प्रतिभागियों को एक साथ इस मंच पर लाने के लिए किया।''

नया वर्ष आशा के संचार के साथ शुरू हुआ था, ''एक-एक करके हम सभी टीका लगवाएंगे। और इसके बारे में अपने पड़ोसियों और दोस्तों से भी बात करेंगे क्योंकि हम टीकाकरण करने वाले लोग हैं। हम खड़े हुए थे और हमने कहा था कि पोलियो मिटाया जा सकता है। एक बार फिर हमें उन लोगों से बात करने की ज़रुरत है जो टीका लगवाने में संकोच करते हैं और उन्हें समझाएं कि यह एक सुरक्षित प्रक्रिया है जो उन्हें संक्रमित होने से बचाएगी।''

जोन्स ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए, रोटरी नेता के रूप में एक बार उन्होंने अपने क्षेत्र के रोटेरियनों से पूछा था, ''अगर 30 साल पहले हमने रोटेरियनों से कहा होता कि आपको पोलियो वायरस के खिलाफ 3 बिलियन बच्चों को प्रतिरक्षित करना है और 2.1 बिलियन डॉलर से अधिक राशि जुटाने की आवश्यकता है और इस बीमारी को मिटाने के लिए 30 साल से अधिक का समय लगेगा, तो क्या हम ऐसा कर पाते?'' संभावित उत्तर होता 'नहीं' क्योंकि तब इसे एक असंभव कार्य के रूप में देखा जाता।

लेकिन इसके लिए पोलियो प्रतिरक्षण को धन्यवाद, आज रोटरी के पास एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का आधारभूत ढांचा है, जिसकी संरचना और निर्माण, 70 से अधिक देशों में अपने सहयोगियों जैसे यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ, गेट्स फाउंडेशन इत्यादि की सहायता से हुआ है, जो पोलियो और पोलियोप्लस, दोनों से निपटने के लिए तैयार था, उस मप्लसफ में मलेरिया, तपेदिक आदि के अलावा अब कोविड भी जुड़ गया है।

जोन्स ने आगे कहा कि रोटेरियन यह जान कर व्यथित थे कि मार्च 2020 से, जब से दुनिया लॉकडाउन में चली गई, हमें पोलियो टीकाकरण को विराम देना पड़ा था। ''पर जरा सोचिए, उन फ्रंटलाइन वर्कर्स ने तुरंत धुरीकरण किया और अपने आप को पोलियो से कोविड फ्रंटलाइन वर्कर्स बनने के लिए तैयार किया। एक ओर जहां उन्हें पोलियो टीकाकरण को विराम देना पड़ा था वहीं उन्होंने कोविड की पहचान करने और उसके संपर्क में आये लोगों पर निगरानी जारी रखने को विराम नहीं दिया और इसीलिये हम इसे रोक पाए। इसी बुनियादी ढांचे ने इबोला को भी ख़त्म करने में मदद की थी और हमें उनके प्रयासों पर गर्व है।''

से मिल सकेंगे। लेकिन इतने सारे नए दोस्त बनना, क्या यह आश्चर्यजनक नहीं है? यह दर्शाता है कि रोटरी का भविष्य अविश्वसनीय रूप से उज्ज्वल है। आपके द्वारा दर्शाए गए नेतृत्व के लिए धन्यवाद। जब हम इससे बाहर आएंगे, और हम आएंगे, ये नेतृत्व बरकरार रहेगा क्योंकि हफ्तों और महीनों से आप जो तालमेल बिठा रहे हैं उस के कारण, स्थिति 'सामान्य' होने से पहले, उन्होंने सिनर्जी मीट से कहा।

रोटरी के भविष्य के सम्बन्ध में, उनका कहना था कि ''प्रत्येक रोटेरियन जिसने इसी प्रकार आपस में जुड़े रहने और रोटरी में बने रहने को अपनी प्राथमिकता बनाया है, यही रोटरी का भविष्य है।'' लेकिन सभी रोटेरियनों के सामने एक चुनौती थी कि वे अपने क्लबों में झांके और यह सुनिश्चित करें कि दूसरों को भी ऐसा ही अनुभव हो,और वो सामूहिक बैठकों में शामिल हों, वो उपेक्षित महसूस ना करें, उनका ध्यान रखें, उन्हें लगे वो भी इस कार्य में संलग्न हैं और उनका भी ख़याल रखा जा रहा है। ''लॉक डाउन के दौरान जब हम सदस्यों के संपर्क में रहते है तो उन्हें लगता है कि इन कठिन परिस्थितियों में वे भी जुड़े हुए हैं और मिलकर काम कर रहे हैं।

क्लब स्तर पर अपने साथी सदस्यों का ध्यान रखने की ज़िम्मेदारी प्रत्येक रोटेरियन की है, किसी व्यक्ति को रोटरी में आमंत्रित करने के बाद, उनसे पूछें कि वे इस अनुभव से क्या अपेक्षा रखते हैं और फिर इसे प्रदत्त करवाएं।

वैक्सीन आने के साथ ही क्षितिज पर आशा की किरण नज़र आ रही है।''

एक साल से भी कम समय में कोविड -19 के टीकों का निर्माण होना और ''इसका लोगों के हाथों में पहुँचना जादुई है। जब तक वे टीके हमारे नहीं लग जाते, तब तक हम पहले जैसी यात्रा नहीं कर सकते। केरल का जो वीडियो आपने दिखाया है, मेरी वहां जाने की उत्कंठा और बढ़ गई है, काफी समय से यह मेरी बकेट लिस्ट में शुमार है'', उन्होंने सिनर्जी मीटिंग में कहा। वह उम्मीद करती हैं कि दिसंबर 2021 में चेन्नई के महाबलीपुरम में निर्वाचित रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश द्वारा आयोजित की जा रही ज़ोन इंस्टिट्यूट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगी।

लेकिन वर्तमान में, ''क्लब स्तर पर अपने साथी सदस्यों का ध्यान रखने की ज़िम्मेदारी प्रत्येक

युवाओं को और महिला सदस्यता को प्रोत्साहन

रोटरी क्लब मद्रास और सिनर्जी एलायंस की दोनों सभाओं में, मनोनीत रो ई अध्यक्ष जेनिफर जोन्स से रोटरी में युवाओं को और महिला सदस्यों को प्रोत्साहन देने के सम्बन्ध में पूछा गया और रोटरी के अन्य नेताओं को पीछे छोड़ कर वे रो ई के शीर्ष स्थान पर पहुंचने में किस प्रकार कामयाब हुईं।

जोन्स ने कहा कि ''पिछले दशक के अधिकांश वर्षों से हम रोटरी में 40 से कम उम्र की महिलाओं और युवा लोगों को रोटरी में आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हमारी प्राथमिकता रही है, लेकिन स्पष्ट रूप से देखें तो उन दोनों श्रेणियों में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई। महिलाओं और युवा लोगों को नेतृत्व के जिस अनुभव की तलाश हैं, वह उन्हें रोटरी में नज़र आना चाहिए।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि अब हमारे संगठन के शीर्ष स्तर पर ''एक महिला अध्यक्ष के आने और विविधता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ इसमें परिवर्तन होगा और ये अधिक महिलाओं और युवाओं को रोटरी का सदस्य बनने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे उम्मीद है कि इससे महिलाओं को चुनौती मिलेगी और महिलाओं द्वारा पहले क्लब और फिर मंडल स्तर पर इसकी शुरुआत करने से उन्हें नेतृत्व के पदों पर पहुँचने की प्रेरणा मिलेगी। क्लबों में महिलाओं का समावेश करने के श्रेष्ठ तरीके अपनाने से विकास को बढ़ावा मिलेगा।''

उन्होंने कहा कि हालांकि रोटरी को युवा विचारकों की जरूरत है, लेकिन उसके लिए एक

रशीदा भगत

RIPN जेनिफर जोन्स (दाएं) के साथ PDG श्यामाश्री सेन।

आयु समूह की सीमा में बाँध निर्धारित करना, आगे बढ़ने का तरीका नहीं है। हम सभी को, कभी ना कभी एक 25 साल का युवक ज़रूर मिला होगा जो एक वरिष्ठ और प्रौढ़ व्यक्ति की तरह सोचता था, साथ ही एक 85 वर्षीय व्यक्ति भी मिला होगा, जिसकी सोच और दृष्टिकोण एक युवा के समान थी। ''आगे बढ़ने के लिए हमें प्रगतिशील विचारधारा की आवश्यकता है।''

लैंगिक असमानता कम करने पर, जोन्स ने रोटेरियनों को सुझाव दिया कि वह इस विषय को व्यावसायिक दृष्टिकोण से परखें। ''अगर बाजार में हमारी कंपनी की किसी वस्तु की हिस्सेदारी कम हो तो क्या करेंगे?'' उदाहरण के लिए, रोटरी में महिलाओं की सदस्यता केवल 24 प्रतिशत थी, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह अधिक थी – उत्तरी अमेरिका में यह लगभग 35 प्रतिशत थी वहीं

रोटेरियन की है, यह रोटरी का एक महत्वपूर्ण लोकाचार है – किसी व्यक्ति को रोटरी में आमंत्रित करने के बाद, उनसे पूछें कि वे इस अनुभव से क्या अपेक्षा रखते हैं और फिर इसे प्रदत्त करवाएं।''

जोन्स ने कहा कि रोटरी से नए जुड़ने वालों और ''इसे छोड़ने वाले लोगों पर अक्सर ज़्यादा ध्यान दिया जाता है, बजाये उन पर जो क्लब में बने रहते हैं और उनकी अपेक्षाएं क्या हैं। इसका जवाब काफी आसान है; शोध से हमें पता चलता है कि वे क्लब में दोस्ती और सेवा करने के लिए जुड़ते हैं। हम सभी अपने हाथों कुछ ऐसा करना चाहते हैं, जो हमारी दुनिया में बदलाव लाता हो और हमारे दृष्टि कोण का मूल भी यही है कि लोगों के साथ मिलकर हम स्थायी परिवर्तन करने के लिए काम करते हैं।''

लेकिन इस सबसे महत्वपूर्ण है कि रोटरी सदस्यों को अपने भीतर बदलाव लाने का अवसर देती है। उन्होंने पूछा, ''क्या ये अपनी नेतृत्व क्षमताओं में सुधार करने और स्वयं का विकास करने का अवसर नहीं है, ये एक ऐसा उपहार है जो हम दूसरों को दे सकते हैं, हमारे साथ मित्रता कर, सेवा में शामिल होने के लिए, उसने पूछा।''

उन्होंने रोटेरियनों को सलाह दी कि वे ''अपने क्लब के सदस्यों से समय समय पर पूछते रहें कि उनकी मानसिक हालत कैसी हैं। संघर्षरत लोगों की ढेर सारी कहानियां हैं, चाहे वह पैसा, नौकरी, या भोजन और अन्य चीजें खो रहे हों।यह देखना भी अनिवार्य था कि अन्य रोटेरियन अलगाव की या

कैरिबियन क्षेत्र में 48-52 प्रतिशत के बीच। ''हम अपने व्यापार की योजना में परिवर्तन करेंगे। आइए, इस अवसर पर हम रोटरी में लैंगिक संतुलन स्थापित करने का प्रयास करें।''

रो ई की नवगठित विविधता, समानता और समावेश कार्यदल समिति की अध्यक्षता कर रहे रो ई निदेशक वैलेरी वेफर ने कहा, ''अपने क्लबों में हमें इसी तरह के चुनौतीपूर्ण संवाद की आवश्यकता है।''

लेकिन साथ ही उन्होंने रोटेरियनों को सचेत भी किया कि उन्हें प्रतिभाशाली पुरुषों और महिलाओं दोनों की विशेषताओं पर ध्यान देना होगा। एक साल पहले, रो ई में हमने विविधता, समानता और समावेश की नई उक्ति को आत्मसात किया और ऐसा ही विश्व की अधिकतर सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों और कंपनियों में भी हो रहा है। ''तो आइए हम अपने क्लबों पर एक करीबी नज़र डालें और देखें कि इन में विविध दृष्टिकोणों की रचना कैसे हो सकती है। यह हमें दुनिया की कुछ सबसे गंभीर चुनौतियों का समाधान ढूंढ निकालने में सहायक होगा। वो इसलिए क्योंकि हम चीजों को अलग अलग नज़रिये से देखने की क्षमता रखते हैं और विभिन्न क्षेत्रों, संस्कृतियों, आयु समूहों और पृष्ठभूमि के लोगों को एक ही मंच पर ला सकते हैं, हम दुनिया की कुछ समस्याओं को हल कर सकते हैं।''

महिला सदस्यों के सामने आने वाली बाधाओं को पार करने और नेतृत्व के लिए उन्हें तैयार करने के लिए महिलाओं का मार्गदर्शन करने की आवश्यकता अधिक है अपने सदस्यों, पुरुषों और महिलाओं दोनों का विकास करने के लिए हमें कुछ इस तरह से ध्यान रखने की आवश्यकता है कि दोनों को नेतृत्व के अधिक अवसर उपलब्ध हों। इसे हासिल करने का एक तरीका यह भी है कि ध्यान रखें कि किसी कार्य को बार-बार वही लोग तो नहीं कर रहे, नेतृत्व के नए अवसरों को खंगालें, उन्हें नई भूमिकाएं दें, लेकिन उड़ान भरने के लिए ज़रूरी पंखों के साथ। ''हमें महान, सर्वश्रेष्ठ और नए विचारों की खोज करनी है और नवीन नेतृत्व को खिलने और विकसित होने के अवसर प्रदान करने हैं। ये कार्य क्लब के पुराने, अनुभवी और वरिष्ठ सदस्यों को करना चाहिए।''

जहां तक रो ई में शीर्ष पर पहुंचने की बात है, जोन्स ने कहा: ''ठीक मेरे पुरुष सहयोगियों की तरह ही मैं यहां पहुँची हूँ; हम सभी ने क्लब अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष स्तर तक नेतृत्व की सभी भूमिकाओं का निर्वहन किया है फिर रो ई बोर्ड में कार्य किया जो रो ई अध्यक्ष बनने की आवश्यकताओं में से एक है और मैं सौभाग्यशाली रही कि मैं टीआरएफ ट्रस्टी के रूप में सेवा कर पाई और नेतृत्व के विभिन्न पदों पर रहते हुए विश्व के नेताओं के साथ विचार विमर्श किया।''

उन्होंने कहा कि रोटरी में हम पुरुषों और महिलाओं के पास, नेतृत्व की भूमिका में वृद्धि के लिए, दोनों के पास, समान अवसर थे, उन्होंने कहा: ''रो ई अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से मैं प्रसन्न हूँ, विनम्र हूँ, उत्साहित हूँ और रोटरी के लिए भी यह एक सकारात्मक पहल है। लेकिन मेरा दृढ़ विश्वास है कि मेरा चयन महिला होने के कारण नहीं बल्कि मेरी योग्यता के आधार पर हुआ था।''

रो ई अध्यक्ष मनोनीत किए जाने से मैं प्रसन्न हूँ, विनम्र हूँ, उत्साहित हूँ और रोटरी के लिए भी यह एक सकारात्मक पहल है। लेकिन मेरा दृढ़ विशवास है कि मेरा चयन महिला होने के कारण नहीं बल्कि मेरी योग्यता के आधार पर हुआ था।

मानसिक स्वास्थ्य की परेशानियों से तो नहीं जूझ रहे थे, ताकि लोग महसूस करें कि पूर्ण अन्धकार में भी आशा की किरण व्याप्त है।''

रो ई मंडल 3291 के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्यामश्री सेन द्वारा संचालित एक प्रश्नोत्तर सत्र में, जोन्स ने कहा कि आने वाले समय में ई-क्लब बड़ी भूमिका निभाएंगे, वे आगे बढ़ेंगे, बने रहेंगे और विकास करेंगे। किसी देश के विभिन्न हिस्सों और यहां तक कि विभिन्न देशों के लोगों के एकसाथ जुड़ने से ही विकास होगा। असल में, महामारी ने हमें 5-10 साल आगे बढ़ा दिया है क्योंकि इसने हमें अपने आराम क्षेत्रों से बाहर आ कर तकनीकी नवाचारों में और नए नए मंच पर जाने के लिए बाध्य कर दिया है।

एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए, उनका कहना था कि ''रोटरी में विविधता, समानता और समावेश पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। उनके कार्यकाल में, वह इसे प्राथमिकता देंगी, उन्होंने ज़ोर दे कर कहा। इन तीनों को हम लिंग, उम्र, जाति, धर्म, संस्कृति और यौन अभिविन्यास की दृष्टि से देखेंगे। रोटेरियनों को मैं कुछ महत्वपूर्ण संवाद करने की चुनौती दूंगी, वे यह सुनिश्चित करें कि हम जिस समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं उस का वास्तविक प्रतिबिंब बनें। दुनिया के कई हिस्सों में जो संवाद उम्र को ले कर हो सकते हैं अन्य हिस्सों में वही संवाद लिंग या संस्कृति को ले कर किये जा सकते हैं।''

हो सकता है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारा संवाद करने का तरीका अलग-अलग हो, ''लेकिन अंत में परिणाम एक जैसे ही होंगे, यह ध्यान में रखते हुए कि हम अपने समाज का वास्तविक प्रतिबिंब हैं। क्लब का प्रत्येक सदस्य विविधता लिए है और अलग दृष्टिकोण रखता है जो हमारे समाज या देश के सामने आने वाली समस्याओं से निपटने और उनका समाधान ढूंढने में हमारी मदद करता है। क्योंकि हम इन समस्याओं पर विभिन्न दृष्टिकोणों से विचार करते हैं, इसीलिये एक दूसरे को चुनौती देने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने में सक्षम हैं। यदि इन समस्याओं को हम एक ही नज़र से देखेंगे तो इतने उत्कृष्ट नहीं बन पाएंगे, ना इतने चमकेंगे और ना ही लोगों में उम्मीद जगा पाएंगे'', उन्होंने कहा।

मनोनीत रो ई अध्यक्ष ने भारत से पोलियो को समूल नष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए रोटरी क्लब मद्रास के सदस्यों को बधाई दी। क्लब के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए आपके द्वारा की जा रही अद्भुत सेवा परियोजनाओं के लिए उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा उनके सम्मान में शुरू की गईं दो परियोजनाओं से वो बहुत अभिभूत हैं और समय मिलते ही व्यक्तिगत रूप से दोनों परियोजनाएं देखने आएंगी। ■

THE ODYSSEY
ROTARY INSTITUTE 20-21

इंस्टिट्यूट के कुछ पल

वी मुत्तुकुमारण



ऊपर : बाएं से दक्षिणावर्तः RID कमल संघवी, सोनल, मोहक (रोटेरियन गगन दुधानी के बेटे), PDG संदीप नारंग, श्रीस्ती (पीडीजी संजय खेमका की बेटी), रावविशू (RID कमल संघवी के बेटे), अनु नारंग, पीडीजी संजय खेमका और मिनाक्षी; इंस्टिट्यूट के संयोजक कमल संघवी और सोनल; इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष संजय खेमका के बेटे शुभम और बेटी श्रीस्ती, अपने कार्यालय के कर्मचारियों स्नेहलता और काजल के साथ, हेल्पलाइन केंद्र संभालते ते हुए। मूल रूप से कोच्चि में योजनाबद्ध और इंदौर में दिसंबर 2019 में प्रचारित किये गए इंस्टिट्यूट का एक स्मरण : इंदौर संस्थान में RIPE शेखर मेहता, राशी; RID कमल संघवी, सोनल; और माधवी पांड्या के साथ IPDGs की पत्नियां।

ऊपरः इंस्टिट्यूट के संयोजक कमल संघवी और अध्यक्ष संजय खेमका।

नीचेः (बाएं से) अनु, पीडीजी संदीप नारंग, सोनल, *RID* कमल संघवी, मिनाक्षी और पीडीजी संजय खेमका।

इंस्टिट्यूट में एक नृत्य प्रदर्शन।



महाबलीपुरम, चेन्नई में अगला इंस्टिट्यूट

वी मुत्तुकुमारण

10-12 दिसंबर को चेन्नई के पास पल्लव वास्तुकला से परिपूर्ण एक पौराणिक शहर महाबलीपुरम में अगला रोटरी ज़ोन संस्थान स्थापित करने की योजना चल रही है। ''महाब्स रोटरी इंस्टिट्यूट उद्देश्य और खुशी दोनों का एक शानदार उदाहरण होगा क्योंकि रोटेरियन आकर्षक सत्रों में प्रख्यात वक्ताओं को सुन सकेंगे और शानदार समुद्रतट की पृष्ठभूमि में नृत्य, संगीत, मस्ती, हंसी और पर्व उत्साह में लिप्त हो सकेंगे, विचारशील संलयन और शानदार समुद्र तटीय होटल में व्यंजनों का आनंद लें सकेंगे।'' PDG एम मुरुगनंदम, रो ई मंडल 3000, ईवेंट चेयर, ने वर्चुअल रोटरी इंस्टिट्यूट में कहा।

महाब्स इंस्टिट्यूट के संयोजक RIDE ए एस वेंकटेश ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिनिधियों के पास ज़ोन से रोटरी नेताओं के साथ नेटवर्क बनाने, दिलचस्प सत्र में भाग लेने और कुछ शानदार मनोरंजन देखने का मौका होगा यह वो ऐतिहासिक शहर है जो कई पौराणिक स्थल और सुंदर समुद्र तट से परिपूर्ण। ''यह अन्य प्रसिद्ध स्थानों जैसे कि पांडिचेरी के पास है, जो अपने अरबिंदो आश्रम और कांचीपुरम के लिए प्रसिद्ध है, जो एक प्राचीन तीर्थ स्थल है, जो हाथ से बुनी हुई साड़ी और कामाक्षी मंदिर के लिए जाना जाता है।'' रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता (2021-22) मुख्य अतिथि के रूप में वहां उपस्थित होंगे।

महाबलिपुरम में दिसंबर 2019 को पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति जी जिनपिंग के बीच उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ था।

RIDE ए एस वेंकटेश

महाब्स में क्या खास है?

महाबलिपुरम एक शानदार जगह है, जिसकी स्थापना पल्लव शासक नरसिंह वर्मन ने 3-7 वीं शताब्दी के दौरान की थी, और इसका नाम दयालु राजा महाबली के नाम पर रखा गया। इसे मामल्लपुरम के नाम से भी जाना जाता है, जो कोरोमंडल तट के साथ, बंगाल की खाड़ी के पास, चेन्नई से 37 मील दक्षिण में, एक UNESCO का धरोहर स्थल है।

रथ, मंडप, गंगा का वर्णन और भगवान कृष्ण की मटकी स्मारकों का एक समूह है जो यहाँ के कारीगरों की स्थापत्य प्रतिभा को दर्शाते हैं। अन्य मुख्य आकर्षण में शोर मंदिर, पल्लव शासकों की तीन पीढ़ियों द्वारा निर्मित पौराणिक सात पैगोडाओं की एकमात्र जीवित इमारत शामिल है क्योंकि इस पूरी साइट को पूरा करने में ''200 से अधिक वर्षों का समय लगा था।''

पल्लव वंश की प्राचीन संस्कृति को संरक्षित करने और मनाने के लिए हर साल शास्त्रीय नृत्य और नाटक उत्सव आयोजित किए जाते हैं, जो अत्यंत मनमोहक होता है। शेर्बटन द्वारा चार बिंदुओं पर महाब्स रोटरी संस्थान और रेडिसन ब्लू रिज़ॉर्ट मंदिर खाड़ी में सहायक सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।

RIDE महेश कोटबागी 2021 महासभा के सह-संयोजक हैं, PRID सी भास्कर और PDG अबिरामी रामनाथन सलाहकार हैं, सुरेंद्र बोम्मरेड्डी सह-अध्यक्ष हैं, PDG माधव चंद्रन सचिव हैं और सी आर राजू कोषाध्यक्ष होंगे।

अधिक जानकारी के लिए, *www.riinstitutemahabs21.org* पर लॉग ऑन करें। ■

बिड़ला ने कॉर्पोरेट पहचान के नए प्रतिमान को परिभाषित किया

रशीदा भगत

कॉर्पोरेट की परंपरागत भूमिका और व्यवसाय की सामाजिक जिम्मेदारी की यह परिभाषा कि यह केवल वैध लाभ कमाने और शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने के लिए है, अब वास्तविक रूप से बदल रही है, रो ई निदेशक कमल संघवी द्वारा संचालित रो ई ज़ोन इंस्टिट्यूट द ओडिसी, के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा।

यह नोबेल पुरस्कार विजेता मिल्टन फ्रीडमैन थे जिन्होंने ''सुविदित रूप से और सारगर्भित ढंग से कहा था कि व्यवसाय की सामाजिक जिम्मेदारी उनके मुनाफे को बढ़ाना है। विडंबना यह है कि, उस प्रसिद्ध कथन की 50वीं वर्षगांठ कोविड-19 महामारी के बीच में आई। उस कथन में कुछ तर्क और बात थी जो इसकी दीर्घायु की व्याख्या करता है लेकिन अब यह दृष्टिकोण बदल रहा है'', उन्होंने कहा।

बिज़नेस राउंडटेबल, अमेरिका की शीर्ष कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की एक सर्वोच्च समिति जो किसी संगठन से कम नहीं है, ने 2019 में एक निगम के उद्देश्य को पुनः परिभाषित करते हुए एक बयान जारी किया था। जे पी मॉर्गन, Amazon, Walmart जैसे शीर्ष 200 सीईओ द्वारा हस्ताक्षरित, ''उनका संयुक्त बयान प्रभावी रूप से यह बताता है कि व्यापार का प्रतिमान शेयरधारक पूंजीवाद से हितधारक पूंजीवाद की ओर बढ़ रहा है। यह कि निगम को केवल शेयरधारक मूल्य को ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों और समुदाय की भलाई को भी अधिकतम करना चाहिए। फ्रीडमेन के शब्द, जिन्हें कभी एक सिद्धांत समझा जाता था, सवालों के घेरे में आ गए है। कॉरपोरेट जिम्मेदारी का नया सिद्धांत शेयरधारक मूल्य से परे सभी हितधारकों के लाभ पर केंद्रित है।''

कुमार मंगलम बिड़ला, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष

बिड़ला ने आगे कहा: ''और मैं कहूँगा कि ऐसा करते समय, इसे समाज में बड़े पैमाने पर काम करने के लिए निहित लाइसेंस को भी अर्जित करना चाहिए। यह पारंपरिक लाइसेंस नहीं है जो भारत में परमिट राज के दौरान संचालित होता था और जिसे 30 साल पहले खत्म कर दिया गया था। इसे मैं कॉर्पोरेट नागरिकता का नया प्रतिमान कहता हूं। यह बस कानून और नियमों का पालन करने से परे है, जो अब कर्मचारियों के कल्याण और पर्यावरण की सुरक्षा की ओर तीव्रता से लागू होता है। अच्छी कॉर्पोरेट नागरिकता इस तरह के कानूनी अनुपालन से परे है और यह केवल नीति और नैतिक व्यवहार पर केंद्रित होती है। प्रबंधन के जनक, पीटर ड्रकर, ने कहा कि एक सफल व्यवसाय नैतिकता की नींव पर खड़ा होता है, यह कोई बेजान चीज नहीं है बल्कि इससे मानवीय

महामारी से लड़ने में रोटरी की "प्रधान भूमिका" के लिए उसकी सराहना की गई

कोविड़ महामारी पर टिप्पणी करते हुए आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि हमने नए साल की शुरुआत आशा की एक किरण के साथ "न केवल टीके के तेज विकास और उसके परिनियोजन के साथ की बल्कि इतने लचीलेपन, दृढ़ता और दृढ़ संकल्प के साथ स्थायी रूप से इस महामारी की चुनौती से उबरकर की जैसा कि हमारे कोविड योद्धाओं - हमारे अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं - द्वारा दर्शाया गया है।"

उन्होंने कहा कि "दुनिया भर में महामारी पर साल भर की गई प्रतिक्रिया ने वो सब दिखाया है जो मानवीय भावना के उत्थान हेतु उचित है। हमने अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों का निडर और निस्वार्थ समर्पण, विधि-प्रवर्तन में लोगों की प्रतिबद्धता और धैर्य, और महामारी को नियंत्रित करने में सरकार के प्रयासों में नागरिकों का सहज और उदार समर्थन देखा।"

जहाँ वैज्ञानिक, औषध कंपनियों और अन्य लोगों ने एक रिकॉर्ड समय में टीका लेकर आने में सहयोग किया, वहीं निजी उद्यमों और रोटेरियनों ने भी "महामारी को नियंत्रित करने में ऐसी अभिन्न और उत्कृष्ट भूमिका निभाई और यह पहली बार नहीं है जब रोटेरियनों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुझे पता चला कि 1918 के स्पेनिश फ्लू के दौरान भी रोटेरियन सामुदायिक सेवा में सबसे आगे थे। दुनिया के कुछ संस्थान ही दो महामारियों के माध्यम से मानवता की सेवा करने का दावा कर सकते है जो आप एक सदी से भी अधिक समय से कर रहे है।"

बिड़ला ने कहा कि व्यावसायिक निगमों के लिए भी, इस तरह का बड़ा संकट समाज को वापस देने की गहन आवश्यकता की याद दिलाता है। हमारी परंपरा के अनुसार आदित्य बिड़ला समूह ने कोविड-19 से लड़ने में स्थानीय समुदायों की मदद करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया। कोविड राहत उपायों में ₹500 करोड़ के वित्तीय योगदान के अलावा, हमारे समूह ने जरूरतमंदों को सैकड़ों मास्क, पीपीई किट, कीटाणुनाशक और PPE पैकेट वितरित किए। हमने देश भर के अपने अस्पतालों में कोविड-19 के रोगियों के लिए सैकड़ों बिस्तर लगवाए है।"

यह कहते हुए कि दुनिया के हर कोने में स्थित उनके समूह की प्रत्येक इकाई "निस्वार्थ रूप से स्थानीय समुदाय की मदद करने के लिए आगे आती है", उन्होंने आगे कहा: "व्यक्तिगत रूप से मैं कॉर्पोरेट परिदृश्य में इतने सारे लोगों को देखकर उत्साहित था जो बड़े या छोटे रूप में, सहजता और तत्परता के साथ इस महामारी के कारण होने वाली तकलीफों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों में शामिल हुए।"

होने, सहानुभूति रखने और समाज का एक शुभचिंतक होने की भी उम्मीद की जाती है।"

उद्योगपति ने आगे कहा कि "इस नए प्रतिमान में, संचालन करने का लाइसेंस सम्मान, विश्वसनीयता और स्वीकार्यता के माध्यम से अर्जित करना होगा। यह वास्तविकता और कथनी और करनी एक करने की इच्छा, सिद्धांतों और नैतिकता का पालन करने पर आधारित होगा, फिर चाहे जो भी हो। ऐसी सामाजिक स्वीकृति अर्जित करनी होगी और कोई भी सरकार या लाइसेंसिंग प्राधिकरण इसे अनुदान के रूप में नहीं दे सकती।"

उन्होंने आगे कहा, दरअसल यह बिजनेस राउंडटेबल बयान भारत के ऐतिहासिक 2013 सीएसआर कानून से पहले आया था, "जो कि उल्लेखनीय रूप से प्रबुद्ध नजर आता है, और भारत शायद दुनिया का एकमात्र देश है जिसने कर भुगतान के पश्चात बचे लाभ का 2 प्रतिशत हिस्सा सीएसआर पर खर्च करना अनिवार्य किया है।"

कॉर्पोरेट नागरिकता का नया प्रतिमान अब कर्मचारियों के कल्याण और पर्यावरण की सुरक्षा की ओर तीव्रता से लागू होता है। अच्छी कॉर्पोरेट नागरिकता इस तरह के कानूनी अनुपालन से परे है और यह केवल नीति और नैतिक व्यवहार पर केंद्रित होती है।

लेकिन तब, बिड़ला ने कहा, "हमारे जैसे निगम एक शताब्दी से भी अधिक समय से इस चीज़ में लिप्त है जिसे अब सीएसआर कहा जाता है। मेरे परदादा, जी डी बिड़ला, महात्मा गांधी के इस विचार से सहमति रखते थे कि निगम सामाजिक संपत्ति के न्यासी होते है। वह भावना हमारे सामुदायिक जुड़ाव में हमेशा प्रकट हुई है। यह जानकर खुशी होती है कि हमारे निगमों ने मेरी मां राजश्री बिड़ला के कुशल नेतृत्व में अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से नौ मिलियन से अधिक लोगों के जीवन को छुआ है।"

1918 के स्पेनिश फ्लू के दौरान भी रोटेरियन सामुदायिक सेवा में सबसे आगे थे। दुनिया के कुछ संस्थान ही दो महामारियों के माध्यम से मानवता की सेवा करने का दावा कर सकते है।



अच्छी कॉर्पोरेट सामाजिक पहचान बनावटी बातों से परे होती है और यह केवल अनुपालनों, अस्पष्ट बयानों या गलत जानकारियों की तरह नहीं होती जैसा कि कुछ आलोचकों ने इसे कहा है।

उस अच्छी कॉर्पोरेट पहचान को बनाए रखना एक संगठन के आंतरिक चरित्र को दर्शाता है, ''जो इसकी असल नींव आचार संहिता और मूल्यों का पालन करते है और दिन-प्रतिदिन के कार्यों में अक्सर दिखाई देते है और दैनिक आधार पर चलते है'', बिड़ला ने एक प्रभावशाली उदाहरण दिया। कोविड महामारी के शुरुआती दिनों में, जब दुनिया भर में दहशत भरी खरीदारी देखी जा रही थी, तब ''यूके के एक खुदरा व्यापारी ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपनी दुकान हर सुबह एक घंटा पहले खोली। इस सरल भाव ने सहानुभूति और अभिन्न मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत किया जो सभी अच्छे कॉर्पोरेट नागरिकों के पास होना चाहिए।''

जिम्मेदार निगमों को न केवल प्रचार करना चाहिए बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दूसरों को भी इसमें शामिल करना चाहिए, ताकि अच्छी कॉर्पोरेट पहचान निजी क्षेत्र के नेतृत्व में एक आंदोलन बन जाए जो सरकार या किसी नियमों से मजबूर न हो। उदाहरण के लिए, ''हमारा फाइबर व्यापार कच्चे माल के रूप में लकड़ी के गूदे को उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त करता है जो दीर्घकालिक वानिकी का अभ्यास करते है। मुझे यकीन है कि इस तरह का व्यवहार जल्द ही एक निर्णायक बिंदु तक पहुंच जाएगा'', उन्होंने आगे कहा।

बिड़ला ने ''एक व्यापारिक संगठन में स्वयंसेवा की संस्कृति के महत्व'' को भी रेखांकित किया। जब कर्मचारी सामुदायिक सेवा या युवाओं को सलाह देने हेतु अपना समय देते है, तो वे अपने नियोक्ता के कद को बढ़ाते है। उन्होंने बताया कि जब महामारी अपने चरम पर थी तब प्रवासी श्रमिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, आदित्य बिड़ला समूह के भीतर उठी ''मदद की एक पुकार ने समूह के 26,000 से अधिक कर्मचारियों से एक जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की जिससे श्रमिकों को अपने मोबाइल कनेक्शन को रिचार्ज करने में मदद मिली। एक निगम इस तरह की पहल को प्रोत्साहित, सम्मानित और पुरस्कृत कर सकता है।'' अनुसंधान से पता चला है कि ऐसे निगमों के लिए काम करने हेतु कर्मचारी अच्छा और ऊर्जावान महसूस करते है यहां तक कि उपभोक्ता ऐसी वांछनीय प्रथाओं का पालन करने वाली कंपनियों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए थोड़ा अतिरिक्त मूल्य का भुगतान करने के लिए तैयार होते है। ''तो यहाँ स्पष्ट रूप से एक वास्तविक लाभ होता है।''

महामारी अपने चरम पर थी तब प्रवासी श्रमिकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, आदित्य बिड़ला समूह के भीतर उठी मदद की एक पुकार ने समूह के 26,000 से अधिक कर्मचारियों से एक जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की जिससे श्रमिकों को अपने मोबाइल कनेक्शन को रिचार्ज करने में मदद मिली। एक निगम इस तरह की पहल को प्रोत्साहित, सम्मानित और पुरस्कृत कर सकता है।

रोटरी के चार-मार्ग परीक्षण से चार सिद्धांतों का हवाला देते हुए, बिड़ला ने टिप्पणी की: ''मुझे लगता है कि निगमों के निर्णयों को निर्देशित करने के लिए ये सरल लेकिन शक्तिशाली नियम है।'' उन्होंने कहा कि वह जिस चीज की वकालत कर रहे थे वो धन संपदा उत्पन्न करने की विरोधी नहीं थी। ''एक निगम के लिए अच्छाई से महानता की छलांग केवल बिक्री और लाभ की बात नहीं होती। अच्छी कॉर्पोरेट पहचान में एक अमूर्त तत्व होता है।'' ■

हमें 20 साल के लिए प्रोजेक्ट पॉज़िटिव हेल्थ की जरूरत है: भरत पांड्या

वी मुत्तुकुमारण

पिछले डेढ़ वर्षों में, रोटरी क्लबों ने देश भर में 'अपने संख्या को जानें' शिविरों को आयोजित करने में उल्लेखनीय काम किया है। रो ई निदेशक डॉ भरत पंड्या ने वर्चुअल रोटरी इंस्टीट्यूट में प्रोजेक्ट पॉज़िटिव हेल्थ (PPH) पर एक सत्र में कहा, ''कृपया उन शिविरों को जारी रखें जो महामारी के समय में भी आयोजित किए जा सकते हैं, क्योंकि हम एक शिविर में लगभग 150 से 200 रोगियों की जांच कर रहे हैं, इसलिए Covid सावधानियों और सोशल डिस्टेंसिंग को बिना किसी कठिनाई के लागू किया जा सकता है।''

हर व्यक्ति को अपनी संख्या पता होना चाहिए-ऊंचाई और वजन (दोनों BMI की जानकारी देते है, जो कि मोटापे के लिए हैं), रक्तचाप (उच्च रक्तचाप और दिल की समस्याओं को इंगित करता है) और मधुमेह के लिए रक्त में शुगर की संख्या। उन्होंने कहा, ''मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह एक साथ बड़े NCD के लिए जिम्मेदार हैं, जिससे भारत में 60 प्रतिशत मौतें होती हैं, क्योंकि भारतीय लोग सांस्कृतिक और आनुवंशिक रूप से इन पुरानी, जीवनशैली की बीमारियों के प्रति संवेदनशील हैं।''

उन्होंने चेतावनी दी कि भारत में NCD पश्चिमी देशों की तुलना में 15-20 साल पहले होती है। उदाहरण के लिए, जो आमतौर पर पश्चिम में 60-75 की उम्र में होता है, भारत में 45-50 पर होता है। क्रोनिक किडनी रोगों का बोझ भारत पर सबसे ज्यादा है, जो कि दुनिया की मधुमेह की राजधानी भी है, उन्होंने कहा कि ''महामारी के दौरान, कोमोरबिडिटीज वाले लोगों की मृत्यु दर आम आबादी की तुलना में काफी अधिक है।''

उन्होंने कहा कि महामारी के सकारात्मक चीजों में से एक यह है कि अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर ध्यान केंद्रित हुआ है। दूसरी बात, सह-रुग्णताओं वाले लोग, NCD वाले लोग अधिक गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं, उनमें से कुछ तो अस्पतालों और आईसीयू में भी भर्ती हो रहे हैं।

विस्फोट के लिए तैयार ज्वालामुखी

NCD एक ज्वालामुखी है जो विस्फोट होने का इंतज़ार कर रहा है, उंहोंने कहा और एक ठहराव के बाद जोड़ा ''मुझे अपने आप को सही करने दीजिए। इसने पहले से ही विस्फोट शुरू कर दिया है और अगर हम इसके बारे में जल्दी से कुछ नहीं करते हैं, तो एक बड़ी समस्या हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए छोड़े जा रहे हैं।''

NCD के कारणों पर रौशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि बहुत अधिक तनाव के साथ अनुचित जीवन शैली; व्यायाम जैसी कोई शारीरिक गतिविधि का न होना; तथा खराब भोजन और बुरी आदतें, यह तीन मुख्य कारण हैं जो पुरानी बीमारियों के रोगियों की संख्या में भारी उछाल लाते हैं।

भारतीय भोजन कोलेस्ट्रॉल, कैलोरी, नमक, तेल और चीनी से भरपूर होता है। वहीं तंबाकू और शराब के सेवन जैसी बुरी आदतें बढ़ रही हैं। पांड्या ने आगे कहा, ''लोगों को नियमित जांच के महत्व और जीवनशैली में बदलाव की जरूरत के बारे में पता नहीं है।'' रोटरी PPH का भारत में NCD से निपटने के लिए एक त्रिआयामी दृष्टिकोण है- रोटरी शिविरों और कार्यक्रमों के माध्यम से 'अपनी संख्या को जानें' तथा 'एक चम्मच कम, चार कदम आगे' के नारों को लोकप्रिय बनाना। सीधे शब्दों में कहें, तो टैगलाइन आपसे आग्रह करती है कि NCD को भगाने के लिए आप अपने दैनिक आहार में एक चम्मच कम नमक, तेल और चीनी लें और रोजाना कम से कम 30 मिनट का व्यायाम करें। ''अपने जीवन में इस नारे को अपनाएं तथा अपने दोस्तों, परिवारों और व्यावसायिक सहयोगियों को भी उनके जीवन में इसे लागू करने के लिए प्रेरित करें।''

स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से रोटरी अच्छी आदतों, स्वस्थ भोजन और व्यायाम की जरूरत पर बच्चों की मानसिकता को बदलने की कोशिश कर रही है। ''वे वापस जाएंगे और अपने माता-पिता, बुजुर्गों और रिश्तेदारों की मानसिकता बदलेंगे।''

निवारक स्वास्थ्य देखभाल

एक सर्जन के रूप में उन्होंने आगे कहा, ''मैं उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हूं, लेकिन मुझे एहसास है कि स्वास्थ्य देखभाल का भविष्य निवारक देखभाल में ही निहित है।'' PPH सिर्फ 2-3 साल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे कम से कम 15-20 साल और उससे आगे तक किया जाना चाहिए। अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक लोकप्रिय हिंदी कहावत का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, ''अपने पेट को नरम (आहार नियंत्रण द्वारा), पैर गर्म (नियमित व्यायाम द्वारा) और दिमाग को ठंडा रखें। उन्होंने कहा कि अगर आप यह तीनों चीजें करते हैं, तो आप NCD बीमारियों को न सिर्फ़ दूर कर सकते हैं बल्कि उन्हें हरा भी सकते हैं।'' ■

THE ODYSSEY
ROTARY INSTITUTE 20-21

शिक्षण का मतलब है देना

जयश्री

परितेवाड़ी गाँव, सोलापुर में जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, रंजीत सिंह डिसाले ने लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और देश में QR-कोडित पाठ्यपुस्तक क्रांति की शुरुआत करने के लिए ग्लोबल टीचर प्राइज़ 2020 के रूप में 1 मिलियन डॉलर जीते। वार्षिक पुरस्कार की स्थापना वर्के फाउंडेशन, यूके द्वारा की जाती है, जो असाधारण शिक्षकों को पेशे में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करता है। ''मैं घोषणा करता हूँ की कि मैं पुरस्कार राशि का आधा हिस्सा अपने नौ साथी फाइनलिस्टों के साथ बाटूंगा। यह उनके काम को बढ़ाने में मदद कर सकता है। शिक्षण का मतलब है देना, अपने ज्ञान को बाटना और लोगों को सक्षम बनाना'', उन्होंने कहा, अपने RILM सेशन में वर्चुअल रोटरी इंस्टिट्यूट में।

2009 में जब डिसाले अपने स्कूल में पहुंचे जो एक मवेशी शेड और एक गोदाम के बीच एक टूटी-फूटी सी इमारत थी, उनका तात्कालिक कार्य यह सुनिश्चित करना था कि पाठ्यपुस्तकें उनके विद्यार्थियों को उनकी स्थानीय भाषा में उपलब्ध हों। ''मैंने मराठी में पाठ्य पुस्तकों का अनुवाद किया और छात्रों को कविताओं, वीडियो व्याख्यान और असाइनमेंट तक पहुंच प्रदान करने के लिए उन्हें QR कोड के साथ सन्निहित किया।'' उनके इस विचार को महाराष्ट्र में NCERT ने अपनाया। स्कूल जाने में असमर्थ बच्चे अभी भी अपनी गति से घर से सब कुछ सीख सकते हैं। वह गर्व से कहते हैं कि उनके स्कूल में 90 प्रतिशत छात्रों ने उत्कृष्ट ग्रेड हासिल किए हैं। अपनी कक्षाओं को छोड़े बिना उनके छात्रों ने 'वस्तुतः' 140 देशों की यात्रा की। वे वहां के लोगों की संस्कृति और भाषा के बारे में भी जानते हैं। इसने उनकी दृष्टि को व्यापक बनाने में मदद की है। मैं उन्हें खुद

ग्लोबल टीचर प्राइज़ विजेता रंजीत सिंह डिसाले।

जापानी बच्चों के साथ बातचीत करने के बाद, मेरे छात्र समझते हैं कि भूकंप का जवाब कैसे दिया जाए क्योंकि यह जापान में एक सामान्य घटना है।

RILM सह-अध्यक्ष RIDE महेश कोटबागी

को 'वैश्विक नागरिक' मबताने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। जापानी बच्चों के साथ बातचीत करने के बाद, मेरे छात्र समझते हैं कि भूकंप का जवाब कैसे दिया जाए क्योंकि यह जापान में एक सामान्य घटना है, उन्होंने कहा कि उनकी पुरस्कार राशि का 20 प्रतिशत आवंटित करने की योजना है, उनके 'लेट्स क्रॉस द बॉर्डर्स' प्रोजेक्ट के लिए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान, पैलिसटीन, इजरायल, ईरान, इराक और उत्तर कोरिया जैसे संघर्षग्रस्त देशों के छात्रों और युवाओं के बीच शांति का निर्माण करना है। वह 'टीचर्स इनोवेशन फंड' के लिए पुरस्कार राशि का एक और 30 प्रतिशत आवंटित करना चाहते हैं जिसे वह खुद स्थापित करना चाहता है।

डिसाले के हस्तक्षेप का असर यह है कि अब गाँव में किशोर विवाह नहीं होते हैं और स्कूल में लड़कियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति है।

रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन

RILM के सह-अध्यक्ष, RIDE महेश कोटबागी ने कहा कि देश भर के एक लाख रोटेरियन्स की भागीदारी वाले लगभग 300 रोटरी क्लब 2014 में अपनी स्थापना के बाद से RILM के TEACH कार्यक्रमों पर काम कर रहे हैं। कोविद की शुरुआत के बाद, जिसके कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा, ''स्वाति हरकल जैसे रोटेरियन ने पश्चिमी भारत में 80,000 शिक्षकों को सरल, स्मार्ट ऑनलाइन शिक्षण विधियों में प्रशिक्षित किया और इसे देश भर में शिक्षकों को लाभान्वित करने के लिए बढ़ाया जा रहा है'', उन्होंने कहा। ई-शिक्षा परियोजना ने 30,000 स्कूलों में ऑडियो-विजुअल पाठ्यक्रम स्थापित करने में मदद की है। सामग्री को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसे देश भर में इसके शैक्षिक ऐप दीक्षा में प्रसारित किया जा रहा है। ''इस साल पूरे भारत में लगभग 15 करोड़ बच्चों की मदद करने की उम्मीद है।''

डिसाले के हस्तक्षेप का असर यह है कि अब गाँव में किशोर विवाह नहीं होते हैं और स्कूल में लड़कियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति है।

RILM अपने वयस्क साक्षरता कार्यक्रम में वयस्क निरक्षरों को सलाह देने के लिए स्कूली छात्रों को शामिल कर रहा है। ''कम से कम 80,000 वयस्क कार्यात्मक रूप से साक्षर हैं'', इस पहल के लिए धन्यवाद। रोटरी क्लब को शामिल करके विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से स्वाभिमान, प्रोजेक्ट डिग्निटी और सकाम भारत जैसे कार्यक्रम महिलाओं और युवाओं की आजीविका को बढ़ाने में काफी प्रभाव डाल रहे हैं। 1,000 से अधिक एकल महिलाओं ने प्रोजेक्ट डिग्निटी के माध्यम से उपयुक्त व्यवसाय पाया है।

प्रोजेक्ट सक्षाम भारत के माध्यम से RILM अपने क्षेत्र में अपोलो मेडस्किल्स की किसी भी शाखा में युवाओं को भर्ती करने के लिए रोटरी क्लबों को प्रोत्साहित करता है। 4,400 प्रति छात्र पर अनुदानित पाठ्यक्रम शुल्क क्लबों द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। पाठ्यक्रम पूरा होने पर प्रशिक्षुओं के लिए प्लेसमेंट का आश्वासन दिया जाता है।

कोटबागी ने कहा कि देश भर में RILM के माध्यम से लगभग 3,000 खुशहाल स्कूलों और 3,500 पुस्तकालयों की सुविधा दी गई है। ■

रोटरी को रोटरेक्टरों के लिए लचीले विकल्प प्रदान करना चाहिए

किरण ज़ेहरा

रोटरी क्लबों के महत्वपूर्ण लक्ष्यों में से एक यह सुनना और समझना है कि रोटरेक्टर क्या चाहते है और अधिक लचीले होकर उन्हें अपने अनुभव को आकार देने का अवसर प्रदान करना है, रोटरेक्टरों के सत्र का समन्वय करते हुए RID वेलरी वेफर ने कहा जिसमें यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, जापान और दक्षिण एशिया के प्रतिभागियों ने शिरकत की थी। वह जोन इंस्टीट्यूट में एक सत्र को संबोधित कर रही थी।

रोटेरियनों को अपने पास विचारों और सुझावों हेतु आने वाले रोटरेक्टरों के साथ अपनी बातचीत जारी रखनी चाहिए, रोटरेक्ट ऑस्ट्रेलिया मल्टी-डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन ऑर्गनाइजेशन (एमडीआईओ) की अध्यक्ष समान्था फ़्यूस्टर ने कहा, ''रोटरेक्ट युवाओं को उनके जीवन के उसी स्तर पर अन्य लोगों के साथ सीखने और बढ़ने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। हम समुदाय के लिए हमारी सेवा के माध्यम से नेतृत्व और व्यावसायिक कौशल एवं अन्य उपयोगी कौशल सीखते है'', उन्होंने कहा। उन्होंने रोटरेक्टरों को अपने दैनिक जीवन, कार्यस्थल और स्थानीय समुदायों में इन कौशल को लागू करने के लिए कहा। यदि वे निकट भविष्य में रोटरी में नेतृत्व की भूमिकाएं निभाना चाहते है, तो यह नए कौशल उनकी मदद करेंगे, उन्होंने कहा।

उन्होंने कहा कि रोटरेक्ट को रोटरी के बराबर का दर्जा देने के निर्णय की वजह से रोटरेक्ट में उनकी ''सेवा के इतने वर्ष तब गिने जाएंगे जब रोटरेक्टर किसी रोटरी क्लब में शामिल होने का फैसला करेंगे। इसका मतलब है कि युवा लोग उन पदों पर आसीन होने के लिए सक्षम होंगे जिसके लिए पहले उन्हें अनुभव की कमी की वजह से अस्वीकार कर दिया जाता था।'' रोटरेक्ट को रोटरी का एक हिस्सा बनाने से लोगों की एक व्यापक संख्या को अपने समुदायों का बेहतर तरीके से नेतृत्व करने और अद्वितीय दृष्टिकोणों को सामने रखने का अवसर मिलेगा, जिससे रोटरी वास्तव में दुनिया को बदल सकेगी।

आयु में छूट

रोटरेक्टरों के लिए ऊपरी आयु सीमा को हटाए जाने पर, ओजस जोशी, DRR, रो ई मंडल 3141, ने कहा कि इसने रोटरेक्ट क्लबों को अपनी परियोजनाओं पर, जो प्रभाव वे पैदा करना चाहते है उस पर और जिन लोगों से वे जुड़ना चाहते है उस पर निर्णय लेने के काबिल बनाया है। ''दुनिया भर में कई रोटरेक्टर अपनी रोटरी यात्रा को जारी रखते हुए रोटरेक्टर ही बने रह सकते है'', उन्होंने कहा।

RID वेलरी वेफर

निशिता पेडनेकर, पूर्व DRR, रो ई मंडल 3170, ने कहा कि ऊपरी आयु सीमा को हटाने से युवा व्यक्तियों को रोटरेक्ट में शामिल होने से नहीं रोका जाएगा। ''हम समुदाय की सेवा करके आत्म-विकास के उद्देश्य से इस संगठन में शामिल होते है'', उन्होंने कहा।

रो ई रोटरेक्ट समिति की सदस्य और ब्राजील के न्यासियों की विशेष सलाहकार, पेट्रीसिया कुह्न ने कहा कि टीआरएफ न्यासी रोटरी क्लबों को वैश्विक अनुदानों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। ''टीआरएफ ने रोटरेक्टरों के लिए अपनी परियोजनाओं में वैश्विक अनुदान का उपयोग करना संभव बना दिया है। हमें सबसे पहले यह सीखना है कि इस संसाधन का उपयोग कैसे किया जाए, और कौन हमें रोटेरियनों से बेहतर सिखा सकता है। इसके अलावा, यह रोटेरियनों के करीब आने का एक तरीका भी है।''

टीआरएफ न्यासियों के विशेष सलाहकार के रूप में चुने जाने वाली ब्राजील की पहली रोटरेक्टर होने के नाते पेट्रीसिया ने कहा, ''मैंने न्यासियों से बहुत कुछ सीखा है। वे हमें दिखाते है कि जब विभिन्न पीढ़ियाँ एक साथ काम करती है, तो उनके ज्ञान और विचार एक मजबूत भविष्य के निर्माण हेतु एक साथ आते है।''

टोस्टमास्टर्स के साथ रोटरी की साझेदारी एक ''रोमांचक गठबंधन है'', कार्तिक किट्टू, पूर्व DRR, रो ई मंडल 3190, और रोटरेक्ट दक्षिण एशिया बहु-मंडलीय सूचना संगठन (RSA MDIO) के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा। ''यह साझेदारी रोटेरियनों और रोटरेक्टरों को व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बढ़ने में मदद करेगी। यह हमें रोटरेक्टरों के

कौशलों को मजबूत करने और उनके समुदायों में एक बेहतर प्रभाव डालने में भी मदद करेगी'', उन्होंने कहा।

रोनाल्ड कवडवा, रो ई रोटरेक्ट एवं इंटरेक्ट समिति, युगांडा, के प्रमुख, ने इस सवाल पर कि क्या रोटरेक्टरों की दोहरी सदस्यता रोटरी के लिए फायदेमंद होगी, जवाब देते हुए कहा, ''हाँ, यह दो तरह से होगी। पहला, आप रोटरी और रोटरेक्ट दोनों के बराबर के सदस्य है।'' दूसरा, युवा रोटेरियन रोटरी क्लबों में शामिल होने वाले रोटरेक्टरों के अच्छे मार्गदर्शक हो सकते है। उन्होंने कहा, रोटरी क्लबों को युवा सदस्यों का स्वागत करना चाहिए क्योंकि वे राजदूतों के रूप में काम करते है जो रोटरेक्टरों को अपने क्लब में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

जापान के रो ई मंडल 2840 के रोटरेक्ट उप-सचिव काजुहो सानो ने कहा कि वह रोटरी में एक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उत्सुक है और उन्हें उम्मीद है कि नए तरीके से पेश की गई रोटरेक्ट बकाया राशि सदस्यता को प्रभावित नहीं करेंगी। ''छात्र या काम करने वाले सदस्य कॉफी पर सालाना रूप से औसतन 300 डॉलर खर्च करते है। इसके लिए हमें अपने कॉफी के खर्च को बकाया शुल्क में बदलना होगा'', उन्होंने कहा।

RSA MDIO के अध्यक्ष यतिन सहगल ने कहा कि हाल ही में हुआ रो ई संशोधन एक क्रांतिकारी निर्णय है जिसके अनुसार रोटरेक्ट क्लब रोटरी क्लबों को प्रायोजित करके या उसके बिना भी गठित किए जा सकते है। संख्या के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''पिछले छह महीनों में, हमने पिछले तीन वर्षों की तुलना में रोटरेक्ट क्लबों की बढ़ोत्तरी में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि देखी। दक्षिण पूर्व एशिया में, प्रतिक्रिया आश्चर्यजनक है क्योंकि हमारे पास पहले से ही लगभग 261 रोटरेक्ट क्लब है।''

जर्मनी में रो ई अध्यक्ष होल्गर नेक के गृह मंडल से, डोरिस ग्रिम, रो ई रोटरेक्ट समिति के अध्यक्ष, ने कहा कि रो ई मंडल और टीआरएफ

दोनों में सलाहकार के रूप में प्रत्यक्ष प्रतिनिधि होना फायदेमंद था। ''इन दो मंडलों में सलाहकार होने से, हम यह दिखाते है कि हम केवल बात नहीं कर रहे है बल्कि वास्तव में रोटरी को आगे ले जाने हेतु काम कर रहे है'', उन्होंने आगे कहा। RAC मुंबई जेनिथ की चार्टर अध्यक्ष, आकांक्षा संघवी, ने आज के युवाओं को सामाजिक परिवर्तन का एक वाहन के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि ''सेवा के माध्यम से फेलोशिप को बढ़ावा देने के लिए लोगों को हाथ मिलाकर एक ऐसे कारण के लिए एक साथ आना होगा जो हमेशा के लिए परिवर्तन ला सकता है। ■

मालेगांव रोटरी क्लब ने एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

टीम रोटरी न्यूज़

रोई मंडल 3142, मालेगांव रोटरी क्लब ने महाराष्ट्र के बागलाण जिले के एक दूरवर्ती गांव तताना में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। महिलाओं और बच्चों सहित 800 से अधिक गांव के लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। 20 से अधिक डॉक्टरों ने रक्तचाप, मधुमेह, गठिया और त्वचा, आंख, कान के संक्रमण वाले रोगियों का उपचार किया। मालेगांव रोटरी आई हॉस्पिटल में ग्यारह मोतिबिंद के मरीजों का उपचार सर्जरी द्वारा किया गया। क्लब ने मरीजों के साथ आए उनकी देखभाल करने वालों के लिए परिवहन और भोजन की व्यवस्था की।

मोतियाबिंद सर्जरी के बाद रोटरी अस्पताल में मरीज़।

शिविर में आने वाले लोगों को फेस मास्क और सैनिटाइजर प्रदान किए गए और डॉक्टरों ने उन्हें सभी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जैसे हाथों को धोना, मास्क और सैनिटाइजर का उपयोग करना और खुद को कोविड से बचाने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना आदि। ■

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक अभियान चलाने की आवश्यकता

वी मुत्तुकुमारण

पर्यावरण और हमारे ग्रह को बचाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां चारों ओर भरपूर मात्रा में पेड़ों और जैव विविधता के साथ सुरक्षित, मजबूत और खुश रह सकें। यही आभासी रोटरी संस्थान के गहराई वाले दो सत्रों का एकल-बिंदु एजेंडा है। वंदना शिवा, पारिस्थितिकी-विज्ञानी, खाद्य संप्रभुता अधिवक्ता और लेखक, और मणिपुर की नौ वर्षीय लिसिप्रिया कंगुजम ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, महामारी, पर्यावरण के अनुकूल जैविक खेती जैसे मुद्दों को कवर किया, ताकि एक पारिस्थितिकी तंत्र में मनुष्यों के लिए निरंतर समृद्धि सुनिश्चित की जा सके, जो ब्रह्मांड में पौधों सहित सभी जीवित प्राणियों के कल्याण का सम्मान करता है।

वंदना ने कहा, इस महामारी को स्वास्थ्य आपातकाल माना जाता है, ''लेकिन हम यह समझने में नाकाम रहे हैं, कि पिछले कुछ दशकों में महामारी और वैश्विक-महामारी रही हैं, क्योंकि हमने वाणिज्य को नियंत्रणमुक्त कर दिया है और लालच को मानव गतिविधि के उच्चतम अंत के रूप में मनाया है, जिसे आर्थिक विकास के संदर्भ में नापा जाता है।'' धन पृथ्वी, किसानों, समाजों और समुदायों से निष्कर्षण द्वारा बनाया जाता है। उन्होंने कहा, ''लेकिन सही विकास वह है, जिसमें पेड़ों के विकास, बच्चों की भलाई और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा मिले।'' भूटान सबसे अलग नज़र आता है, क्योंकि यह जीडीपी या जीएनपी की बजाय, सकल राष्ट्रीय खुशी से धन को नापता है।

विजय और सैन्यीकरण, पृथ्वी और लोगों के खिलाफ हिंसा की जड़े हैं, जिससे समाज में विभाजन होता है। ''हमारे समाज में असमानताएं बिल्कुल असहनीय हो गई हैं, क्योंकि 0.0001 प्रतिशत लोग आधी मानवता की तुलना में अधिक धन को नियंत्रित करते हैं। हम भूल जाते हैं कि महामारी की जड़ें पारिस्थितिक विनाश में हैं और 300 से अधिक महामारियां आ गई हैं, क्योंकि हमारी लालच ने दुनिया के लिए भोजन के नाम पर जंगलों पर हमला किया।''

कॉर्पोरेट्स बनाम भलाई

वंदना ने देखा कि पृथ्वी के फेफड़ों और यकृत को जलाकर अमेजन के जंगलों में उगाए जाने वाले आनुवांशिक रूप से संशोधित सोयाबीन का केवल 10 प्रतिशत ही मानव उपभोग के लिए इस्तेमाल किया जाता है, बाकी जानवरों और बायो-फीड में जाता है। ''हम एक मुट्ठी भर कंपनियों के लिए पृथ्वी के बहुत सारे वस्त्र को नष्ट कर रहे हैं।'' ग्रीन हाउस गैस (GHG) उत्सर्जन का लगभग 20 प्रतिशत पिछले 2-3 दशकों में वनों के विनाश से आया है; उन्होंने बताया कि इसमें औद्योगिक और वैश्विक खाद्य प्रणालियों का योगदान है जो ''हमारे स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, हम गैर-टिकाऊ खाद्य आपूर्ति प्रणाली से 50 प्रतिशत त्रक्रक्ष उत्सर्जन की बात कर रहे हैं।''

चिपको आंदोलन

1970 के दशक के शुरू में चिपको कार्यकर्ताओं ने अपनी नदियों और पहाड़ों की रक्षा के लिए हिमालय की तलहटी पर पेड़ों को उगाया। टिहरी गढ़वाल के जैव विविधता केंद्र, नवदन्या फार्म में दो हजार से अधिक फसल प्रजातियां, 750 चावल और 250 गेहूं की किस्में जैविक खेती के माध्यम से उगाई जाती हैं। ''भोजन ही जीवन की मुद्रा है क्योंकि हमारा स्वास्थ्य भोजन के साथ ही शुरू होता है। यह महसूस करने का समय है कि जलवायु परिवर्तन, अस्तित्व की चुनौतियों, स्वास्थ्य और महामारी सहित हमारे सामने आने वाली सभी आपात स्थितियों के पीछे एक गैर-टिकाऊ, अन्यायपूर्ण खाद्य प्रणाली है। जब आप रसायन का उपयोग करते हैं, तो भोजन नकली हो जाता है। रसायन पोषण चक्र का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि वे मिट्टी के सूक्ष्मजीवों, तितलियों, मधुमक्खियों और परागणकों को मारते हैं, जो हमारे भोजन का एक तिहाई हिस्सा मुहैया कराते हैं।''

खेती में रसायनों के उपयोग के कारण हमारे भोजन में 60-70 प्रतिशत पोषक तत्वों का नुकसान हुआ है और फिर हम अपने भोजन का एक हिस्सा जंक फूड के रूप में ग्रहण करते हैं। ''हम अपने किसानों को चिप्स के एक पैकेट के लिए सिर्फ 0.04 पैसे का भुगतान करते हैं, जो हमारे बच्चों को मोटापा और मधुमेह ही देगा।'' उन्होंने कहा कि जैव विविधता हमारे पारिस्थितिकी प्रणालियों का स्वास्थ्य है और ''रोटरी को अगले दशक की यात्रा में हमारे साथ शामिल होना होगा ताकि देखभाल की अर्थव्यवस्था बनाई जा सके, जो पृथ्वी को पुनर्जीवित करती है।''

लिसिप्रिया कंगुजम जलवायु कार्यकर्ता।

जलवायु कानून पारित करें

विश्व नेताओं से प्रदूषण और अन्य पारिस्थितिक संकटों के दीर्घकालिक, स्थायी समाधान खोजने के लिए अब कार्रवाई करने का आह्वान करते हुए, भुवनेश्वर में पली-बढ़ी लिसिप्रिया ने कहा कि उन्हें 2019 में स्कूल छोड़ना पड़ा क्योंकि वह ओडिशा से अक्सर दिल्ली नहीं जा सकती थीं और संसद के सामने विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकती थीं। ''मेरे पिता यात्रा का खर्च वहन नहीं कर सकते थे। मुझे अपने दोस्तों और शिक्षकों की याद आती है और यह मेरे लिए एक भावनात्मक समय है।''

वह पीएम नरेंद्र मोदी और संसद के सांसदों से कार्बन उत्सर्जन और ऋक्षक्रः को नियंत्रित करने के लिए जलवायु परिवर्तन विधेयकों को कानूनों में पारित करने का आग्रह कर रही हैं। वह चाहती हैं कि जलवायु परिवर्तन को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, ताकि भारत जमीनी स्तर पर लड़ाई लड़ सके। लिसिप्रिया ने एक साल में दस लाख पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ स्कूली बच्चों के लिए 'सोमवार प्रकृति-माँ का दिन' अभियान शुरू किया है; जिसके तहत अब तक साढ़े तीन लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

चिंताजनक विचारधारा

एक रक्तरंजित चित्र बनाते हुए वह कहती हैं, कि ऑस्ट्रेलिया में झाड़ियों की आग से लेकर, कैलिफोर्निया के जंगल की आग, अमेज़न और साइबेरियाई जंगलों के विनाश से लेकर हिमालय के बर्फ की टोपियां पिघलने और समुद्र के स्तर के बढ़ने तक, सभी ने पृथ्वी को गर्म बनाने में योगदान दिया है। ''जलवायु परिवर्तन के एक वैश्विक आपातकाल बनने की वजह से कई बच्चों ने अपने घरों को खो दिया है, लेकिन हमारी दुनिया के नेताओं के पास हमसे बात करने का समय नहीं है।'' सबसे अच्छा उपहार अभिभावक जो अपने बच्चों को दे सकते हैं, वह एक महंगी कार या पैसे के गट्ठर नहीं हैं, ''बल्कि एक सुंदर ग्रह है, जिसके लिए हमें इस दुनिया को बदलने की जरूरत है और इसकी शुरुआत अपने परिवार से करनी होगी।''

वंदना शिवा
परिस्थितिक विज्ञानी

बाल-आंदोलन के संस्थापक ने याद किया कि कैसे मंगोलिया में छह साल की उम्र में संयुक्त राष्ट्र के आपदा प्रबंधन सम्मेलन में भाग लेने से उनके और स्वीडन के ग्रेटा थुनबर्ग का जीवन बदलने वाला अनुभव, उनकी विचार प्रक्रिया को प्रभावित करनेवाला था। वह नई दिल्ली में पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी द्वारा मग्लोबल चाइल्ड कौतुक पुरस्कार, 2020फ की प्राप्तकर्ता हैं। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

रोटरी द्वारा बाल हृदय-सर्जरी

टीम रोटरी न्यूज़

पलवल, हरियाणा के सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में जन्मजात हृदय-रोगों के लिए 66 छोटे बच्चों का शल्य चिकित्सा द्वारा इलाज किया गया, जो आरसी गुड़गांव 3011 के रो ई निदेशक हार्मोनी इबरीस, के समर्पित प्रयासों की बदौलत है। ₹1.65 करोड़ की लागत वाली सर्जरी को आर सी अमरीका 6540 के रो ई निदेशक फोर्ट वेन से ग्लोबल ग्रांट सपोर्ट के जरिए प्रायोजित किया गया था। यहां देशभर के विभिन्न राज्यों से बच्चे आए थे। क्लब की अध्यक्षा मुक्ता मल्होत्रा, पूर्व अध्यक्ष अब्दुल अजीज सईद और क्लब के सदस्य विवेक गौड़ ने मिलकर इस परियोजना में ₹29.6 लाख का योगदान दिया।

बच्चों और उनके परिजनों को उत्साहित करने के लिए अस्पताल में क्लब द्वारा आयोजित एक साधारण कार्यक्रम में मुक्ता ने कहा, सर्जरी को प्रायोजित करके रोटरी ने, न सिर्फ़ इन बच्चों की जान बचाई है, बल्कि उनके परिवारों को भी नया जीवन दिया है। डीजी संजीव राय मेहरा, पीडीजी विनय भाटिया और जिला-सचिव मोहित आनंद भाटिया की मौजूदगी में इन बच्चों को कुछ खिलौनों के साथ-साथ जीवन-प्रमाणपत्र उपहार में दिए गए।

क्लब अध्यक्ष मुक्ता मल्होत्रा एक बाल हृदय रोगी के साथ।

क्लब ने अस्पताल को हार्ट और फेफड़े की मशीन भी उपलब्ध कराई। मुक्ता ने कहा, हम जीजी के माध्यम से यहाँ ऑपरेशन थिएटर और एक आईसीयू के निर्माण में अस्पताल की सहायता कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि ''हम इनके साथ इसी तरह के बड़े और गहरे संबंध बनायेंगे, ताकि जो 15,000 से अधिक बच्चे यहाँ रजिस्टर्ड हैं और इलाज का इंतजार कर रहे हैं, अगर उन्हें बिना इलाज़ के छोड़ दिया जाएगा, तो शायद वे लम्बे समय तक जीवित ना बचें।'' ■

यह हमारी कार्य योजना है।

हमारी प्राथमिकता

हम हमारी अनुकूलन की क्षमता को बढ़ा रहे हैं

Rotary

जुड़ने एवं सेवा करने का नया अंदाज

हमारी कार्य योजना की मांग है की हम और अधिक फुर्तीले, प्रतिक्रियाशील एवं नए विचारों को अपनाने वाले बने। जैसा कि कोविड-19 महामारी ने हमें दिखाया है, दुनिया तेजी से बदल सकती है - और उन तरीकों में भी जिनके लिए हम हमेशा तैयार नहीं कर सकते।

लेकिन हमने यह भी सीखा है कि हमारे सदस्य लचीले है और वे हर उपलब्धि एवं नाकामयाबी का उपयोग सीखने और नवाचार करने के एक अवसर के रूप में करते है। हम पुराने के साथ नए को संतुलित कर सकते है - और ऐसे अनुभवों, संबंधों, और संरचनाओं का निर्माण कर सकते है जो हमें आगे बढ़ाएंगे।

हम क्या करेंगे।

अधिक संपर्क बनाने एवं भागीदारी के लिए नए अवसरों का सृजन करने के लिए तकनीक का उपयोग

रोटरी के भविष्य के बारे में निर्णय लेते समय विभिन्न मतों पर विचार

नए विचारों का समर्थन करने एवं उनका परीक्षण करने के लिए स्थान एवं संसाधनों का सृजन

संचालन के तरीकों, संरचनाओं एवं व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार

आपका क्लब क्या कर सकता है।

निर्माण

नए विचारों एवं गतिविधियों के परीक्षण के लिए एक कोष का

आज़माएं

बैठक के नए समय, जगह या प्रारूप को

पुनर्मूल्यांकन करें

अपने संचालन स्वरूप के अधिक प्रभावी होने का

आमंत्रित करें

नए परिदृश्यों को साझा करने के लिए गैर-सदस्य सलाहकारों को

और अधिक जानना चाहते है?

पूरी कार्य योजना को rotary.org/actionplan पर पढ़े

रोटरी और लायंस एक दूसरे के परिपूरक हो सकते हैं: RIPE शेखर मेहता

वी मुत्तुकुमारण

हर *व्यक्ति एक व्यक्ति को लाएगा* - यह हमारा नया मेंबरशिप स्लोगन होगा, जिसे रोटरी के वार्षिक विषय के साथ फरवरी के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा, ''क्योंकि हम क्लब में सदस्यता वृद्धि की जिम्मेदारी को सर्वोच्च स्तर से जमीनी स्तर पर ले जाना चाहते हैं'' आरआईपीई शेखर मेहता ने ईस्टरन इंडिया लायंस लीडरशिप एकेडमी द्वारा आयोजित एक वेबिनार में कहा। उन्होंने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की कि महामारी के कारण, विकास कार्यक्रमों के लिए आवंटित की गई धनराशि को टीके एवं टीकाकरण गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ''हमें वर्तमान स्थिति में नौकरी छूटने (बढ़ती बेरोजगारी), स्कूल से पढ़ाई छूटने और गरीबी जैसे मुद्दों से निपटना है।''

इस महामारी का एक सकारात्मक पक्ष भी है, वह यह है कि इस महामारी ने हमें एक बेहतर एवं स्वस्थ्य जीवन जीने के प्रति कुछ महत्वपूर्ण सीख भी प्रदान की है। मेहता ने समझाया कि ''हमें पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए। हमें हमारे अपनों से जुड़े रहने के लिए एक स्वस्थ परिवार केंद्रित जीवन शैली आवश्यक है। हमें आगे के लिए जीवन के प्रति मिश्रित दृष्टिकोण के साथ एक सरल जीवन शैली युक्त दृष्टिकोण को अपनाना होगा।''

रो ई बोर्ड ने कोविड टीकाकरण अभियान में भाग लेने का निर्णय किया है और ''हम उस ब्रांड/ख्याति से फायदा उठाएंगे जो हमने पोलियो उन्मूलन के दौरान बनाया या अर्जित किया है।'' रोटरी राज्य सरकारों के संपर्क में है और ''हमें टीकाकरण अभियान में भूमिका निभाने हेतु कुछ राज्यों के द्वारा आमंत्रित किया गया है।'' मेहता ने हाल ही में सबसे बड़े राज्य में टीकाकरण प्रक्रिया को शुरू करने के लिए उत्तर प्रदेश के एक शीर्ष अधिकारी के द्वारा मांगी गई मदद का जिक्र किया ङ्कङ्कक्योंकि वह अधिकारी रोटरी डॉक्टरों और पैरामेडिक्स स्टाफ के बारे में अवगत थे, जो कि कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में फ्रंटलाइन वॉरियर के रूप में खुद का अच्छी तरह से परिचय दे रहे थे।''

एनजीओ की सराहना

मेहता ने कहा कि रोटरी और लायंस क्लब, दोनों को एक दूसरे को सहयोग करने एवं पूरक बनने के लिए एक साथ मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि दुनिया में मानवतावादी सेवाओं की मांग बढ़ रही है। ''जैसा कि लायंस ने नेत्र देखभाल एवं संबंधित सेवाओं में उत्कृष्टता हासिल की है और जबकि रोटरी के पास ध्यान केंद्रित करने के अलग-अलग क्षेत्र हैं, जैसे साक्षरता, जल एवं स्वच्छता। हमें कॉरपोरेट्स और स्थानीय सरकारों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। शुरूआत में हम एक छोटी परियोजना से शुरूआत कर सकते हैं लेकिन हमें बड़े उद्देश्य को नहीं भूलना है'' उन्होंने कहा। दोनों संगठनों को एक प्रभाव बनाने के लिए जमीनी स्तर पर साझेदारी स्थापित करनी चाहिए, जैसा ''कि हमने विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनेस्को, बिल गेट्स फाउंडेशन और अन्य स्थानीय संगठनों के साथ एक व्यापक गठजोड़ निर्मित कर पोलिया में किया था।'' स्मरण करते हुए कि उन्होंने 15 नेत्र अस्पताल (पश्चिम बंगाल में 11) स्थापित किए थे, उन्होंने कहा कि रोटरी को लायंस के साथ विशेषज्ञता साझा करने में अधिक रूचि होगी, लायंस जो कि आंखों की देखभाल के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाना जाता है।

लिंग बाधा

जब वह जुलाई 2021 में रोटरी क्लब के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे, तो वह उस रो ई बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे जिसमें इसके 19 सदस्यों में से 09 महिलाएं होंगी। ''महिलाओं को जिले क्लब से शीर्ष स्तर तक रोटरी अनुक्रम के अनुसार आगे बढ़ने में कम से कम 30 वर्ष लग जाते हैं, पर अब आईआईपीएन जेनिफर जोन्स की नियुक्ति से इस तरह की 'ग्लास सेलिंग' (अर्थात लिंग बाधा के कारण रूकावट) बाधा हट गई है, मुझे उम्मीद है कि गर्भावस्था की अवधि कम हो जाएगी ताकि महिला नेताओं को रोटरी क्लब में अपना स्थान मिल सके।'' उन्होंने कहा। मेहता इसके प्रति आश्वस्त थे कि इस वेबिनार का दूरगामी प्रभाव होगा, जो ''हमें अपने सहयोग को आगे नए स्तर पर ले जाने एवं आगे के मूल्यांकन के लिए, हमें जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।''

RIPE शेखर मेहता

RIPN *जेनिफर जोन्स*

आरआईपीएन जोन्स ने कहा कि दोनों ही संगठन अपनी सामुदायिक परियोजनाओं के प्रभाव का आंकलन करने के लिए उपयुक्त मैट्रिक्स एवं मॉप उपकरण खोजने की बहुत कोशिश कर रहे थे। ''हम वह आर्थिक इंजन हैं जो दुनिया को चलाते हैं। हालांकि रोटरी ने कोविड रिस्पांस ग्रांट और अन्य ग्रांट के माध्यम से 29 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं, जिला और क्लब स्तर पर हम 100 मिलियन डॉलर से अधिक की राहत योजनाओं को पूरा करेंगे।''

रोटरी में महिलाओं की सदस्यता 25 प्रतिशत है और ''उन्हें अपने नेतृत्व कौशल को विकसित करने के अवसर दिया जाना चाहिए। ऐसा होने के लिए, विविधता, निष्पक्षता (समानता) और समावेशिता हमारी विकास रणनीति के लिए आवश्यक हैं।'' उन्होंने कहा। जेनिफर ने कहा कि आयु, लिंग और यौन अभिविन्यास चुनौतिपूर्ण मुद्दे हैं जिनका रोटरी क्लब को अपनी सदस्यता में विस्तार करने के लिए हल करना है।

न्यूयार्क के ब्रुकलिन से लायंस इंटरनेशनल के पहले उपाध्यक्ष डगलस अलेक्जेंडर ने कहा कि ''हमें बदलाव को स्वीकार करना चाहिए एवं आगे बढ़ने के लिए संचार के नए तरीकों को अपनाना चाहिए। अब अधिक लायंस क्लब ऑनलाइन बैठकों में भाग ले रहे हैं और हमारे डाक्टर और नर्स परिवार के सदस्यों से संपर्क कर रहे हैं।'' उन्होंने न्यूयार्क में किए गए कैंसर और मधुमेह के उपचार के प्रयासों को स्मरण करते हुए कहा कि प्रौद्यिगिकी के उपयोग से बहुत बड़ा बदलाव आया है। ''हमें अपने सफलता की कहानियों को बाकी दुनिया के साथ साझा करने की जरूरत है'' उन्होंने कहा।

डॅगलस अलेक्ज़ेंडर उपाध्याय, लायंस इंटरनेशनल

मिनेसोटा से दूसरे उपाध्यक्ष ब्रायन शेहान और कनाडा एडमोंटन से तीसरी उपाध्यक्ष डॉ पेट्रिसिया हिल ने 'न्यू नार्मल' के साथ सामना करने के प्रति अपनी राय साझा की। लायंस इंटरनेशनल के भूतपूर्व अध्यक्ष ए पी सिंह और संगीता जाटिया ने चर्चा का संचालन किया जिसमें दुनिया भर से 900 से अधिक रोटेरियन और लायंस ने भाग लिया। ■

जालंधर के रोटेरियनों ने विंटर जैकेट बांटे

टीम रोटरी न्यूज़

लाभार्थीयों के साथ क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब जालंधर, 3071 रो ई मंडल 3071, के 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने एक बहुआयामी पहल के रूप में 550 गरीब परिवारों को विंटर जैकेट वितरित किए। ''हमने शहर के विभिन्न भागों में परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए छोटी-छोटी टीमों का गठन किया। इस परियोजना का आइडिया पीडीजी एस वी हंस का था और इसे प्रायोजित भी इन्हीं के द्वारा किया गया था'' क्लब के अध्यक्ष प्रभुलाल सिंह पन्नू की पत्नी श्रीमती जैसमीन पन्नू ने बताया।

कुली एवं अन्य रेलवे कर्मचारियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन पर एक विशेष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और क्लब ने विंटर जैकेटों का बड़े पैमाने पर वितरण करने के लिए खेल अकादमियों और झुग्गी बस्तियों जैसे स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए।

लाभार्थी - रिक्शाचालक, दैनिक मजदूर, कुली, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले, दिव्यांग जन, घरेलू नौकर एवं सड़क पर सामान बेचने वाले विक्रेता, एवं इसके अतिरिक्त ब्रिंग हॉकी एकेडमी के प्रशिक्षुओं को प्रदान किए गए। ■

भारत में खिलाड़ी युवाओं को प्रेरित करते हैं: राहुल द्रविड़

वी मुत्तुकुमारण

खिलाड़ियों को अपने चयनित क्षेत्र में सफलता और दीर्घकालिक निरंतरता प्राप्त करने के लिए खेल के बहुत सारे गुणों जैसे प्रतिभा, कड़ी मेहनत, उद्देश्य के प्रति निष्ठा, प्रतिद्वंदी के प्रति सम्मान और खेल की भावना आदि सभी की जरूरत होती है, ये कहना था, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का।

वर्चुअल रोटरी इंस्टीट्यूट में खेल पत्रकार,लेखक और कंसल्टिंग एडिटर, अयाज मेमन के साथ एक प्रश्नोत्तर सत्र 'ट्रुथ टॉक्स' में, द्रविड़ ने कहा, ''नियमों, विनियमों का सम्मान करना और इस गतिविधि के सामरिक उद्देश्य को समझने के लिए खेल भावना अति महत्वपूर्ण है। डॉन ब्रैडमैन ने बिलकुल सही कहा है कि जब तक आप खेल के भीतर हैं उस समय आप इस खेल के सिर्फ संरक्षक हैं।फ ऐसा नहीं है कि मैदान में कोई केवल जीतने के लिए उतरे, 10-15 साल पैसा कमाए फिर बाहर आ जाए।''

1983 के विश्व कप की जीत ने देश में क्रिकेट के परिदृश्य को बदल दिया, ''उस समय टेस्ट क्रिकेट का क्रेज था और 1970 -80 के दशक में अन्य नवोदित प्रतिभाओं के साथ, मैं भी एक सुनील गावस्कर, गुंडप्पा विश्वनाथ और कपिल देव बनने की अभिलाषा रखता था।''

''खेल का सम्बन्ध सिर्फ हार जीत से या पैसा कमाने से नहीं बल्कि देश में युवाओं के बीच जो आदर सम्मान आप अर्जित करते हैं, उससे है। यह सब इस पर निर्भर करता है कि आप किस तरह आचरण करते हैं और यह आपका विशेषाधिकार है, क्योंकि करते आप वही हैं जो आप दिल से चाहते हैं और इससे युवा प्रेरित होते हैं।''

सामना, नाकामयाबी और असफलताओं का

राहुल द्रविड़ ने अपने करियर में नाकामयाबी और असफलताओं का सामना किस प्रकार किया? बेशक, विश्व कप नहीं जीत पाने और 2007 टूर्नामेंट के नॉक आउट में ही बाहर हो जाने की टीस आज भी बरकरार है। ''ऐसी परिस्थितियों का सामना मुझे कई बार करना पड़ा और उनसे मैं ये सीख लेता हूँ कि हमें निराशा में नहीं डूबे रहना, आगे बढ़ना है।''

मेमन याद करते हैं, 2004 में, द्रविड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ उन्हीं की ज़मीन पर एक टेस्ट श्रृंखला की जीत में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था, फिर वेस्ट इंडीज का दौरा किया और 35 वर्षों के बाद वहां श्रृंखला जीती; अंत में, 2007 में इंग्लैंड को उन्हीं के घरेलू मैदान में हराया था।

गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और धोनी जैसे महान खिलाड़ियों ने कई सीरीज हारने के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी, ''लेकिन आपने इंग्लैंड में श्रृंखला जीतने के बाद नेतृत्व छोड़ दिया था। क्या आप उस पर प्रकाश डाल सकते हैं'', उन्होंने पूछा। ''इंग्लैंड

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और खेल पत्रकार अयाज़ मेमन।

में श्रृंखला जीतने के बाद, मुझे ये एहसास हुआ कि कप्तानी के लिए शत प्रतिशत ऊर्जा और मानसिक एकाग्रता की आवश्यकता है और वो मुझमें नहीं थी, मैं सिर्फ इसे घसीट रहा था। मानसिक और शारीरिक रूप से मैं खाली हो चुका था और इसे आगे नहीं बढ़ा सकता था। इसलिए, मैंने किसी अन्य को कप्तानी देने का निर्णय किया।''

मेमन द्वारा कप्तानी के गुणों पर एक स्पष्ट प्रश्न के उत्तर में, भारतीय क्रिकेट की दीवार ने कहा, ''नेतृत्व सबकी सहमति से होना चाहिए। सूचना के विस्फोट के साथ तानाशाही के दिन हवा हुए जिसने बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सामूहिक बुद्धिमत्ता की आवश्यकता को जन्म दिया।'' उन्होंने कहा, मैदान पर परिणाम हासिल करने के लिए एक भारतीय क्रिकेट कप्तान को अपनी टीम के सदस्यों के सामूहिक कौशल और प्रतिभा का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण करने में सक्षम होना चाहिए, ।

अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद, कप्तान के रूप में द्रविड़ को अतिरिक्त धनराशि मिली थी, ''लेकिन मैंने पुरस्कार राशि सबके बीच बराबर बांटने के लिए कहा था क्योंकि यह टीम का सामूहिक प्रयास है और हमारी जीत में प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया था।''

द्रविड़ अपने अन्तःकरण और विवेक से चलते हैं और यही कारण है कि उन्होंने बैंगलोर विश्वविद्यालय से मानद डॉक्टरेट के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ''मेरी माँ को कला क्षेत्र में 56-57 की उम्र में डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी। तो हमारे परिवार में दो डॉक्टर हैं (उनकी पत्नी एक सर्जन है)। लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से मुझे इस पुरस्कार को स्वीकार करने का मन नहीं हुआ, व्यक्तिगत रूप से मैं स्वयं को इसके उपयुक्त नहीं समझता। मुझे अपनी क्रिकेट दक्षता के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड, पद्म श्री, पद्म भूषण आदि अन्य कई पुरस्कार मिले हैं।''

द्रविड़ ने कहा इस तरह की बातचीत खेल के सिद्धांतों, भूमिकाओं, चुनौतियों और अतीत में हुई गलतियों को स्वीकार करने और इससे सीखने के लिए यह एक उत्कृष्ट मंच है, और पुरानी स्मृतियों में एक बार फिर से ले चलने के लिए अयाज मेमन को धन्यवाद दिया। ■

TRF की मदद से अच्छे कार्य

रोटरी ने जलगांव अस्पताल में एक कोविड आयसीयू खोला

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब जलगांव वेस्ट, रो ई मंडल 3030, ने अंतर्राष्ट्रीय भागीदार के रूप में रोटरी क्लब टेलाहस्सी, यूएस, रो ई मंडल 6940, के साथ मिलकर एक वैश्विक अनुदान के माध्यम से डॉक्टर उल्हास पाटिल मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में एक कोविड आयसीयू इकाई स्थापित की। परियोजना की लागत ₹34 लाख आई।

PDG गण किशोर केडिया और राजीव शर्मा, क्लब सदस्यों के साथ उल्हास पाटिल अस्पताल में नए आई सी यू के उद्घाटन में भाग लेते हुए।

इस आयसीयू के साथ संलग्न एक विशेष कोविड वार्ड में सभी अत्याधुनिक उपकरण मौजूद है जिनमें वेन्टलेटर्स, मोटर चालित पलंग, डिफ़िब्रिलेटर्स, इन्फ्यूज़न पंप और मॉनीटर, इत्यादि शामिल है। कोविड वार्ड ना केवल कोरोना मरीजों के लिए बल्कि अन्य सभी प्रकार के इलाज के लिए भी लाभकारी है। क्लब अध्यक्ष तुषार चिट्टे ने कहा, ''कम आय-वर्ग वाले परिवारों को मुफ़्त में इलाज प्रदान किया जाएगा।''

डीजी शब्बीर शाकिर, रो ई मंडल 3030, डीजी जेन पूली, रो ई मंडल 6940, IPDG राजेन्द्र भामरे, पीडीजी किशोर केड़िया, पीडीजी राजीव शर्मा जो ज़ोन-6 के ARRFC भी है, पीडीजी महेश मोकलकर, डीजीएन डॉक्टर आनंद झुनझुनवाला, परियोजना प्रमुख डॉक्टर सुशील कुमार राणे और गोदावरी फाउंडेशन, जलगांव, के अध्यक्ष डॉक्टर उल्हास पाटिल इस आयसीयू के उद्घाटन में या तो शारीरिक रूप से या आभासी तौर पर मौजूद थे। ■

Go Green

हर बूंद कीमती है

प्रीति मेहरा

रोटरी इंटरनेशनल ने 'पर्यावरण के समर्थन' को अपना सातवाँ लक्ष्य क्षेत्र बनाया हैं और हम आपके लिए एक मासिक कॉलम 'गो ग्रीन' लेकर आए हैं, जिसमें व्यावहारिक सुझाव दिए गए हैं कि हम सभी अपने ग्रह को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से क्या कर सकते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि धरती माता भयानक पर्यावरणीय परिवर्तनों से गुजर रही हैं। समुद्र का जलस्तर बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना और अत्यधिक बाढ़ की घटनाएं, जैसे फ्लैश-फ्लड सभी चेतावनी संकेत हैं। अगर हम इस खतरनाक प्रवृत्ति को रोकना चाहते हैं, तो हम इसके बारे में बात करने के अलावा भी बहुत कुछ कर सकते हैं। हमें इस पर कोई कार्यवाही करना चाहिए और दूसरों से भी करवाना चाहिए।

इसमें कोई बड़ा बलिदान शामिल नहीं है। प्रकृति के अनुकूल जीवन शैली को अपनाने की धारणा में आराम का त्याग करना, थकाऊ और समय लेने वाले काम करना, जो कि जीने का मज़ा छीन लेते हैं, दरअसल सच नहीं है। हकीकत में, यह एक आश्चर्य के रूप में सामने आएगा, जब हममें से प्रत्येक व्यक्ति अपने संसाधनों का समझदारी से लंबे समय तक उपयोग कर सकेगा। सबसे अच्छा 'गोइंग ग्रीन' तो घर से ही शुरू होता है।

पहले पानी पर ध्यान दें। इस जीवन को बनाए रखने वाले अमृत को सहेजना, जिससे हर कोई सहमत है, ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने का सबसे प्रभावी और पर्यावरणीय रूप से अच्छा तरीका है। यह कहा जाता है कि यदि हम पानी बचाते हैं, तो यह भविष्य में हमें बचाएगा। हर घर में, पानी एक कीमती वस्तु है, हालांकि शहरवासी इसे स्वीकार नहीं करते हैं। तो, हम कितने पानी का उपभोग करते हैं? विशिष्ट अनुमानों से यह पता चला है कि औसतन हर शहरी भारतीय एक दिन में 135 लीटर पानी का उपभोग करता है, जिसमें से केवल तीन लीटर पीने के लिए खपत की जाती है। बाकी का पानी खाना पकाने (4 लीटर), नहाने (20 लीटर), फ्लशिंग (40 लीटर), कपड़े धोने (40 लीटर), बर्तन धोने (20 लीटर) और बागवानी (23 लीटर) में चला जाता है।

इसलिए, हममें से हर कोई अपने पानी की खपत को कम करने के लिए क्या-क्या कदम उठा सकते हैं?

हम पीने के पानी से शुरुआत करते हैं। इसका उपभोग करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन रिवर्स-ऑस्मोसिस (आरओ) प्रणाली में, जिसे हम में से अधिकांश पानी को शुद्ध करने के लिए उपयोग करते हैं, अपशिष्ट-जल के रूप में काफी पानी बर्बाद हो जाता है। इस अशुद्ध पानी को जो कि फ़िल्टर के बाद बर्बाद हो जाता है, और कई तरीकों से उपयोग किया जा सकता है। डिस्चार्ज पाइप के नीचे एक बड़ा कंटेनर रखकर, हम इस पानी को इकट्ठा कर सकते हैं, जिसका उपयोग फर्श को मॉपिंग करने, शौचालयों की सफाई और पौधों को पानी देने के लिए किया जा सकता है।

बाथरूम में पानी समझदारी से उपयोग करके बचाया जा सकता है। जब आप अपना हाथ, चेहरा धोते हैं, अपने दांतों को ब्रश करते हैं या दाढ़ी बनाते हैं, तो नल को अनावश्यक रूप से चलने ना दें। बाथरूम के नल से आम तौर पर एक मिनट में 7 से 8 लीटर पानी गिरता है और अगर दांतों को ब्रश करते समय या दाढ़ी बनाते समय इनको बंद कर दिया जाए तो प्रति माह भारी बचत हो सकती है।

अगली बार जब आपको नल, शॉवर या फ्लश सिस्टम बदलने की जरूरत पड़े, तो कम प्रवाह वाले शॉवर, ऐरेटर नल और एक दोहरी फ्लश या कम

प्रवाह वाले शौचालय का विकल्प चुनें। पानी की बचत करनेवाले यह नए डिजाइन और तकनीक एक बड़ा फर्क ला सकते हैं। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि कोई नल लीक ना हो। एक लीक नल एक दिन में 75 लीटर तक पानी बर्बाद कर सकता है, तो एक टपकता हुआ शौचालय एक दिन में 700 लीटर।

कपड़े धोने में काफी पानी की खपत होती है। थोड़ी देर के लिए कपड़े भिगोकर फिर धोएँ। इससे कम धुलाई में गंदगी से निजात मिल सकती है। वाशिंग मशीन का चुनाव करते समय यह ध्यान रखें कि फ्रंट-लोडिंग मशीनों में, टॉप-लोडिंग मशीनों की तुलना में कम पानी का उपयोग होता है। सबसे महत्वपूर्ण जानकारी, यदि आप एक नई वाशिंग मशीन खरीदने जा रहे हैं, तो ङ्ब्यूरो के ऊर्जा दक्षता स्टार प्रमाणीकरणफ वाली मशीन के लिए जाना बुद्धिमानी है। यह फाइव स्टार सर्टिफिकेशन वाली मशीनें बेहतर होती हैं। इनमें नियमित वाशिंग मशीन की तुलना में 30 फीसदी कम पानी और 25 फीसदी कम बिजली का इस्तेमाल होता है।

बर्तन धोते समय भी पानी की बचत की जा सकती है। देश में डिश वाशर का अक्सर उपयोग नहीं किया जाता है, हालांकि वे भी स्टार प्रमाणन के साथ आते हैं। हाथ से धोते समय दूसरी विधि है, पानी और साबुन के साथ सिंक को भरना और थोड़ी देर के लिए बर्तनों को उसमे भिगोना। फिर उन्हें तेल और साबुन मुक्त बनाने के लिए धोना एक सरल कार्य बन जाता है।

कई शहरों में बारिश खूब आती है और भविष्य के इस्तेमाल के लिए इस वर्षा जल का दोहन करना आसान है। रेन-हार्वेस्टिंग-सिस्टम अलग-अलग तरह के होते हैं। विस्तृत सिस्टम एक टैंक, पंप और एक शुद्धिकरण प्रणाली के साथ आते हैं। लेकिन एक साधारण वर्षा-हारवेस्टर-प्रणाली के लिए आपको केवल एक बड़े ड्रम, या एक बारिश के बैरल (तकनीकी नाम) की आवश्यकता होती है। यह छत, साइड-वॉक और ड्राइववे से पाइप और डाउनस्पाउट के जरिये पानी इकठ्ठा करता है। इस इकट्ठे किये हुए पानी का उपयोग हाथ से पानी देने वाले पौधों, बगीचे और यहां तक कि सफाई के लिए भी किया जा सकता है। लेकिन ड्रम को ढक्कन या तिरपाल से ढंकना याद रखें, ताकि मच्छर ना पनप सकें।

सुनिश्चित करें कि कोई नल लीक ना हो। एक लीक नल एक दिन में 75 लीटर तक पानी बर्बाद कर सकता है, तो एक टपकता हुआ शौचालय एक दिन में 700 लीटर।

अपने पौधों को सुबह पानी देने में भी बुद्धिमानी होती है, क्योंकि उन्हें कम तापमान पर कम पानी की आवश्यकता होती है। कुल मिलाकर, चालाकी हर कदम पर पानी की उपयोगिता कम करने में है, इसके नुकसान और दुरूपयोग को कम करने में हैं। इस तरह, हर बूंद की कीमत को समझना है और बदले में हमारे ग्रह पर हर किसी के लिए एक स्थाई जीवन शैली को बढ़ावा देना है।

लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।

Rotary
PEOPLE OF ACTION

पाँडिचेरी के अस्पतालों को कोविड जाँच की सुविधा मिली

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब पाँडीचेरी पोर्ट, रो ई मंडल 2981 के सदस्य निदेशक समीर कामरा ने जनरल अस्पताल के कोविड वार्ड में ₹50,000 मूल्य का डेस्कटॉप कंप्यूटर और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट को ₹2.5 लाख मूल्य का फ्लेक आइस मेकर प्रायोजित किया। फ्लेक बर्फ, फिजियोथेरेपी से लेकर दान किए गए अंगों के उपकरण अंशांकन और परिवहन तक विभिन्न प्रकार के चिकित्सा और प्रयोगशाला में उपयोग होते हैं। क्लब के सचिव राजेश कंडामुर्टी ने कहा, ''इससे कोविड टेस्टिंग को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।''

क्लब अध्यक्ष एम नंदकुमार, कोषाध्यक्ष श्रीकांत आर डी और कामरा अपनी पत्नी नलिनी के साथ मिलकर अस्पताल अधिकारियों को उपकरण सौंपे। ■

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में रोटरी क्लब पांडिचेरी पोर्ट के सदस्य।

कोविड टीकाकरण के लिए रोटरी कार्य बल



टीम रोटरी न्यूज़

16 जनवरी को भारत में कोविड के टीके उपलब्ध हुए जिसमें पहली पारी में स्वास्थ्य कर्मचारियों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को टीके लगाए गए।

PRID अशोक महाजन की अध्यक्षता में भारत के वरिष्ठ रोटरी नेताओं ने एक कार्य बल - रोटरी भारत टीकाकरण कार्य बल - का गठन किया ताकि टीकाकरण अभियान में सरकार की सहायता की जा सके। ''हमने इस बात पर प्रारंभिक चर्चा की कि कैसे रोटरी सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक नागरिक तक इस कार्यक्रम को ले जाने में भागीदार बन सकती है। पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम को संभालने की हमारी विशेषज्ञता और नेटवर्क सरकार के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, खासकर तब जब यह समाज में कुछ गलत सोच रखने वाले लोगों से उत्पन्न हुई गलत धारणाओं का खंडन करने के काम आएगा'', मंडल राज्यपालों को संबोधित करते हुए महाजन ने अपने एक पत्र में कहा।

उन्होंने उनसे स्वयंसेवकों के एक दल का नेतृत्व करने और जनता के बीच टीके के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया है। जहाँ कहीं भी प्रतिरोध हो उसकी प्रभावकारिता के बारे में उचित जानकारी का प्रसार किया जाना चाहिए। ''हमारे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान उठे प्रतिरोध का खंडन करने में हमारा कौशल साबित हुआ। हर घर के लोगों के कीमती जीवन को बचाने के अलावा रोटरी का अन्य कोई लाभ नहीं है'', उन्होंने कहा, और रोटरी क्लबों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के बड़े संगठनों का समर्थन योगदान देने के साथ-साथ टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान उनकी विभिन्न सुविधाओं का उपयोग करने देने के लिए प्राप्त करें।

महाजन ने कहा, ''हम साथ मिलकर काम करेंगे और यह दिखाएंगे कि भारत के रोटेरियनों के लिए कोई भी महामारी इतनी बड़ी नहीं है।''

Rotary's Covid Vaccination Task Force in India



सभी क्लबों के पास पैन एवं उन्हें केवाईसी अनुपालक होना चाहिए

टीम रोटरी न्यूज़

सभी क्लबों एवं मंडलों को लिखे गए एक पत्र में, रो ई निदेशक भरत पांड्या और कमल संघवी ने भारत में मौजूद सभी रोटरी क्लबों से स्वैच्छिक क्षेत्र के लिए भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम एवं कानूनों का पालन करने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है: जैसा कि आप सभी जानते है, रोटरी क्लब स्वतंत्र विधिक इकाइयां है जो उनके संबंधित संवैधानिक दस्तावेजों एवं अधिकार पत्र द्वारा चलाई जाती है। हालाँकि, भले ही किसी रोटरी क्लब का पंजीकरण हुआ हो या नहीं, ऐसे क्लब आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2(31) के तहत व्यक्ति के रूप में अर्हता प्राप्त करते है और इसलिए अधिनियम के तहत वे कर योग्य इकाइयां होते है। प्रत्येक रोटरी क्लब के पास खर्चों का एक वार्षिक बजट होता है और यह राशि सदस्यों द्वारा जमा की जाती है, और इसे कुछ (आय) प्राप्तियाँ होती है जैसे क्लब के सदस्यों से मिली फीस; सेमिनार आयोजित करने हेतु तीसरे पक्ष से प्राप्त प्रायोजित राशि/ विज्ञापन राजस्व; बैंक बैलेंस और क्लब की जमा राशि पर ब्याज इत्यादि।

तदनुसार, क्लब आयकर अधिनियम के तहत एक मकर निर्धारितीफ के रूप में अर्हता प्राप्त करते है, जहाँ क्लबों को हुई कोई आय आयकर के अधीन हो सकती है। क्लबों द्वारा पंजीकरण ना करवाने एवं इस वजह से पैन के लिए आवेदन नहीं करने पर ऐसा माना जा सकता है कि रोटरी क्लब मौजूदा कानूनों, जो है आयकर अधिनियम 1961 और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी केवाईसी मानदंड, का उल्लंघन करते हुए काम कर रहे है।

इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के कारण, कई रोटरी क्लबों/मंडलों को क्लब एवं संस्थान गतिविधियों के लिए बैंक खाते खोलते समय चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसलिए प्रत्येक रोटरी क्लब/मंडल से अपेक्षा की जाती है कि वे भारतीय कानूनों के अनुरूप कार्य करें और दायित्वों को पूरा करें। चूंकि इन आवश्यकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, इसलिए रो ई बिना किसी अपवाद के भारत के सभी रोटरी क्लबों/मंडलों का सहयोग चाहती है।

इसका मतलब समझने में मदद करने के लिए, RISAO ने कुछ अक्सर पूछे जाने वाले सवाल-जवाब तैयार किए है

रोटरी क्लबों का पंजीकरण इतना जरूरी क्यों है?

रो ई ने हमेशा अपने क्लबों को प्रचलित भूमि-कानूनों के अनुरूप होने के लिए प्रोत्साहित किया है। 2020-21 का केन्द्रीय बजट, जिसे हाल ही में लागू किए गए वित्त अधिनियम, 2020, के साथ पढ़ा जाता है, दान/स्वैच्छिक योगदान शीर्षक के तहत किए गए लेनदेन में पारदर्शिता लाने पर केंद्रित है। एक पंजीकृत रोटरी क्लब का अपना स्वतंत्र बैंक खाता, पंजीकृत पता और PAN हो सकता है, जो अब ऐसे सभी प्रासंगिक वित्तीय लेनदेन की केवाईसी के लिए आवश्यक हैं जिसकी जांच एक आयकर निर्धारण कार्यालय द्वारा की जा सकती है।

पंजीकरण के लिए कौन से कानूनी कदम आवश्यक है?

स्थानीय राज्य कानूनों द्वारा शासित विभिन्न कानून और संबंधित प्रक्रियाएं होती है जो किसी भी संस्था के पंजीकरण या निगमन को नियंत्रित करती है। आपको यह सलाह दी जाती है कि आप अपने क्लब के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम विकल्पों एवं प्रक्रियाओं के लिए एक स्थानीय कानूनी सलाहकार या चार्टर्ड एकाउंटेंट से संपर्क करें।

एक पंजीकृत रोटरी क्लब के लिए कौन से कानूनी अनुपालन आवश्यक है?

पंजीकृत संस्थाओं के लिए अनुपालन उन कानूनों से भी मेल खाती है जिनके तहत आपके क्लब का निगमन/औपचारिक संगठन किया गया है। आपके कानूनी सलाहकार/चार्टर्ड अकाउंटेंट आपको इस प्रक्रिया पर सबसे अच्छा मार्गदर्शन कर सकेंगे।

वार्षिक आधार पर आयकर (या अन्य वैधानिक) प्राधिकारों के अनुपालन की जिम्मेदार किसकी है?

उस कानून के आधार पर जिसके तहत आपका क्लब आपके पेशेवर सलाहकार द्वारा पंजीकृत किया गया है, कुछ वैधानिक अनुपालन आवश्यक होंगे। आपके कानूनी सलाहकार/चार्टर्ड अकाउंटेंट आपको इस प्रक्रिया पर सबसे अच्छा मार्गदर्शन कर पाएंगे।

क्या रोटरी मैनुअल ऑफ प्रोसीजर्स के तहत रोटरी क्लब का पंजीकरण करना अनिवार्य है?

नहीं। हालांकि, रोटरी मैनुअल ऑफ प्रोसीजर्स में रोटरी क्लबों के पंजीकरण को अनिवार्य नहीं किया गया है, फिर भी, रोटरी कोड ऑफ पॉलिसीज के तहत सभी सदस्य क्लबों द्वारा भूमि नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने और उनके अनुरूप होने की आवश्यकता होती है।

क्या क्लब को RISAO में पैन कार्ड/अनुपालन प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है?

नहीं, उम्मीद की जाती है कि क्लब के पास केवाईसी उद्देश्यों के लिए PAN कार्ड एवं आवश्यक रिकॉर्ड हो।

पंजीकरण प्रक्रिया के लिए हम RISAO कर्मचारियों में से किससे संपर्क कर सकते है?

हालांकि RISAO में हमें हमेशा सहायता और मदद करके खुशी मिलती है, फिर भी, चूंकि कानून एवं प्रक्रिया प्रत्येक क्लब के लिए विशिष्ट और अनोखी होती है, और उस राज्य के स्थानीय कानूनों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप होती है जिसमें आपका क्लब स्थित होता है, इसलिए RISAO केवल आपको स्थानीय कानूनी सलाहकार/चार्टर्ड अकाउंटेंट के पास जाने की एक सीमित सलाह ही दे सकता है। ■

ब्रह्मांड के रहस्य का अनावरण बच्चों के लिए

रशीदा भगत

जवाहरलाल नेहरू तारामंडल की सैर बहुत मजेदार रही, वहां जा कर हमने विज्ञान के बारे में बहुत कुछ सीखा और ये भी जाना कि प्राचीन समय में लोग सूर्य की सहायता से समय कैसे देखते थे, पेंडुलम सिद्धांत कैसे काम करता है और सफेद रंग गर्मी को अवशोषित नहीं करता है जबकि काला रंग बहुत अधिक गर्मी अवशोषित करता है। टिमटिमाते ऑप्टिक पेड़, बड़ी सी डिश को सरसराती आवाज़ करते देखना बहुत ही रोमांचक था, जहां हम एक दूसरे से बिना कनेक्शन के /संपर्क स्थापित किये बिना बात कर सकते थे। इस शो में हमने देखा कि सूर्य और अन्य ग्रहों की उत्पत्ति कैसे हुई, वह अद्भुत अनुभव था'', बेंगलुरु स्थित विद्यारण्या संस्थान की छात्रा संगीता ने जम कर तारीफ की।

सरकारी स्कूल की कक्षा 8 की एक छात्रा मीनाक्षी बोली: ''यह हमारे जीवन के सबसे यादगार पलों में से एक है। हमने इस सैर का भरपूर आनंद उठाया और मुझे आज पता चला कि सूर्य सबसे चमकीले ग्रह में से एक है और ये प्रदर्शनी देखने के बाद हमारे लिए विज्ञान को समझना और आसान हो जाएगा।'' गवर्नमेंट गर्ल्स होम, बैंगलोर की कला खुशी से चहक रही थी, ''मुझे ऐसा लगा जैसे मैं उन ग्रहों के बीच में खड़े हो कर एक वीडियो बना रही हूँ!''

उसकी मित्र अमृता हर एक से मभारहीनताफ सिद्धांत के बारे में पूछ रही थी, बोली: ''मैंने आज बहुत सारी नई चीजें सीखी हैं और मैं यहां एक गाइड के रूप में काम करना चाहती हूं। काश मैं कल से ही शुरू कर सकती!''

भारत के शीर्ष 10 तारामंडल में से एक, इस का स्काई-थिएटर शो बेहद लोकप्रिय

जवाहरलाल नेहरू तारा मंडल में छात्रा।

हैं और हर साल करीब 2 लाख दर्शक इसे देखने आते हैं। इन प्रदर्शनों में कई देशों के साहित्य, कला और सांस्कृतिक पहलुओं को विज्ञान के साथ समावेश कर, विशेष एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स और वीडियो का उपयोग किया जाता है।

1989 में बेंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन द्वारा शुरू किये गए इस शो के साथ साथ तारामंडल में भी खामोशी छा गई है, जिसे जानलेवा कोविड -19 वायरस ने मार्च के अंतिम सप्ताह में शेष भारत के साथ साथ इस शहर को लॉक डाउन के लिए मजबूर कर दिया था।

इस तारामंडल को नवंबर 2020 में, सरकार से स्काई-थिएटर और विज्ञान पार्क को पुनः खोलने की अनुमति तो मिली, लेकिन कोरोना महामारी के कारण उचित स्वच्छता सुविधाओं, सामाजिक दूरी और कम दर्शक क्षमता के दिशा निर्देशों की सख्त पालना के साथ। तब इसके निदेशक, प्रमोद गलगली ने बेंगलुरु में रोटरी आरटी नगर के सदस्य एस जयरमन से संपर्क किया। कुछ वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी, जैसे कि सभी सार्वजनिक सुविधा स्थलों पर पैर से संचालित नल, सुविधा के आस पास कई स्थलों पर विभिन्न सैनेटाइज़ स्टेशन, जिसका प्रबंधन बैंगलोर एसोसिएशन फॉर साइंस एजुकेशन (BASE) ने किया है, प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग सुविधा और स्काई-थिएटर की नियमित सैनेटाइज़िंग के साथ संपर्क रहित टिकट जारी करना।

जयरामन बेंगलुरु में स्वयं का एनजीओ, इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट फॉर द डेवलपमेंट ऑफ़ पीपल चलाते हैं, वे 60 बच्चों के लिए एक आश्रम का संचालन भी करते हैं, जिसमें ज्यादातर एकल माता-पिता के और टूट चुके परिवारों के बच्चे रहते हैं। छोटे ओहदे से तरक़्क़ी करते हुए आज तारामंडल के शीर्ष पद पर पहुँचे गलगली जयरामन के संपर्क में हैं। ''गलगली बहुत ही बढ़िया इंसान हैं और दिल से चाहते हैं कि इस तारामंडल से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों। इन वर्षों में जब भी उन्हें आवश्यकता पड़ी तो हमारे मंडल (3190) के रोटेरियनों ने हमेशा सहायता की है। मैंने भी तारामंडल में लैपटॉप के लिए सहयोग किया है और एक कंप्यूटर लैब स्थापित करने में सहायता की है। इस बार जब उन्होंने मुझसे मदद चाही तो मुझे केवानी लैबवे इंडिया कंपनी से फंडिंग मिल गई सहयोग मिल गया'', जयरामन ने कहा।

हालांकि प्लेनेटेरियम खुला है और स्कूल अभी भी बंद हैं और शहर में इस तरह के सार्वजनिक स्थलों पर आने में लोग हिचकिचा रहे थे। गलगलि ने सुझाव दिया कि अल्पपोषित व वंचित वर्ग के बच्चों को तारामंडल दिखाने के लिए क्यों ना रोटरी क्लब एक परियोजना शुरू करे। वह दिसंबर महीने में ''बच्चों के लिए स्काई थिएटर शो का प्रवेश शुल्क ₹40 माफ करने के लिए सहमत हो गए और हमने इस अवसर का लाभ उठाते हुए और *तारालय प्रवास* नाम की एक परियोजना बनाई।

अगला काम था, तारामंडल घुमाने के लिए, विभिन्न एनजीओ द्वारा समर्थित 1,000 बच्चों को खोजने का। जयरामन 31 वर्ष से रोटेरियन हैं और इतने ही वर्षों से या इससे भी अधिक वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में संलग्न हैं। रोटेरियनों के साथ हाथ मिलाने के लिए सबसे पहले, सांख्य विद्या फाउंडेशन आगे आया जो पहले से ही अन्य परियोजनाओं में

तारामंडल का सहयोग करता रहा है। इसके बाद, उन्होंने अन्य रोटरी क्लबों और गैर सरकारी संगठनों से भी संपर्क किया ताकि वे रसद का प्रबंध कर बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करवा सकें और बच्चे पिकनिक जैसा आनंद उठा सकें ।

रोटरी बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के सदस्य और भागीरथी ट्रैवल सॉल्यूशंस के संचालक नील माइकल जोसेफ ने ''बच्चों के परिवहन का समाधान कर दिया। आमतौर पर उनकी बसें बच्चों को स्कूलों लाने ले जाने के प्रयोग में आती हैं। खैर, स्कूल बंद रहने के लिए इस महामारी को धन्यवाद, उन्होंने बच्चों को तारामंडल ले जाने और छोड़ने के लिए एक वातानुकूलित बस की व्यवस्था की थी।''

रोटरी क्लब बैंगलोर के अध्यक्ष विन्सेन्ट राज ने अपने क्लब के सदस्य और श्री साई आध्यात्मिक सेंटर ट्रस्ट के सदस्य श्रीचंद राजपाल को भोजन की व्यवस्था में सहायता करने के लिए साथ लिया। ''हालांकि शुरू में हमने 500 बच्चों को तारामंडल ले जाने का सोचा था इसलिए 500 भोजन पैकेट की ही आवश्यकता थी, लेकिन ये संख्या बढ़ कर 1,000 हो गई और अन्त में 1,500 तक पहुँच गई, हमें खुशी है कि हम हर बच्चे को दोपहर का स्वादिष्ट भोजन खिलाने में सफल रहे, जिसका बच्चों ने जम कर लुत्फ़ उठाया'', जयरामन कहते हैं।

रोटेरियनों ने बच्चों के दोपहर के भोजन की व्यवस्था परिसर के एक साफ़ सुथरे, हरे भरे क्षेत्र में की थी, इसके लिए ''दो अद्भुत महिलाओं तारा और चंद्रकला को धन्यवाद है, जो सामाजिक कार्यकर्ता हैं और मेरी परिचित भी हैं। उन्होंने सहजता से श्री साई आध्यात्मिक केंद्र से नियमित रूप से भोजन लाने का प्रस्ताव दिया और बड़े प्यार से बच्चों को भोजन कराया।''

सौभाग्य से, कोविड को धन्यवाद, स्कूली बच्चों के लिए जो खानसामा भोजन बनाता था, वो उपलब्ध

ऊपर : रोटेरियन एस जयरामन, मोहम्मद तसलील, अशोक महादेवन के साथ दीपा चोलन, परियोजना निदेशक, शिक्षा अभियान, और प्रमोद गलगली, निदेशक, जवाहरलाल नेहरू तारामंडल।

था; उसकी विशेषता वेजिटेबल पुलाव, दही के साथ बच्चों को परोसा गया था, लेकिन तारा और चंद्रकला ने भोजन करने से पहले उन्हें साबुन से हाथ धोने और धन्यवाद प्रार्थना करने की आवश्यकता समझाई। निदेशक द्वारा निर्दिष्ट जगह पर उन्हें भोजन परोसा गया और बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। अगले कुछ दिनों तक बच्चों को अलग-अलग पारियों में ले जाया गया।

रोटरी क्लब नॉर्थवेस्ट की प्रेसिडेंट सुमति राव, रोटरी आर टी नगर की मनीषा वासन और रोटरी मान्यता की अध्यक्ष तसलीम ने अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने में मदद की। कार्यक्रम का उद्घाटन शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अरशद ने किया। एक गैर सरकारी संगठन मर्सी मिशन ने 1000 से अधिक बच्चों को चॉकलेट दी। ''इस परियोजना की सबसे अच्छी बात यह थी कि बच्चों को तारामंडल में लाने के लिए कई रोटरी क्लबों ने आपस में मिल कर गैर-सरकारी संगठनों की खोज की। प्रत्येक क्लब के कुछ रोटेरियन अपने बच्चों के साथ आए और इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में सहायता की और बच्चों को अतिरिक्त स्नैक्स भी दिए जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया।''

श्री साई आध्यात्मिक केंद्र से स्वयंसेवक थारा और चंद्रकला बच्चों को भोजन परोसते हुए।

उन्होंने कहा कि अधिकांश बच्चे, यहां तक कि उनकी देखभाल को साथ आये वयस्क लोग भी, तारामंडल की सैर पर पहली बार आये थे, उन्होंने कहा ''ये अनुभव ना केवल मनोरंजक था बल्कि इससे सीखने को भी मिला। उम्मीद है कि हमने कुछ भावी खगोलविदों के बीज तो बो ही दिए हैं!''

अंत में, गवर्नमेंट गर्ल्स होम की एक छात्रा वाणी ने इसका सार बिलकुल सटीक शब्दों में अभिव्यक्त किया: ''मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ब्रह्मांड इतना विशाल है; मुझे आज एहसास हुआ है कि हम, मानवजाति, धूल के एक कण से भी छोटे हैं। खाना वास्तव में स्वादिष्ट था; थोड़ा सा मैंने भी चखा था।'' ■

Membership Summary

(As on January 1, 2021)



Rotary at a glance

Rotary clubs : 36,426	Rotary members : 1,178,107
Rotaract clubs : 11,253	Rotaract members : 215,205
Interact clubs : 15,482	Interact members : 356,086
*RCCs : 11,541	*As on 18 January 2021*



Source: RI South Asia Office

सर्वोत्कृष्ट वाजपेयी

रशीदा भगत

जब पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अगस्त 2018 में निधन हुआ था, तो शोक संवेदनाओं की बाढ़ आ गई थी । यहां तक कि उन लोगों से भी जो भाजपा और उसकी विचारधारा के कट्टर विरोधी रहे थे, क्योंकि अमूमन वाजपेयी को संतुलित और संयमित व्यक्ति माना जाता था। वाजपेयी के संयम में स्मृति थी और उनकी अपने राजनीतिक विरोधियाँ को वैचारिक नियंत्रण में रखने की उनकी गज़ब की क्षमता थी।

शक्ति सिन्हा ने वाजपेयी की जीवनी पर लिखी अपनी नवीनतम पुस्तक, वाजपेयी:द इयर्स दैट चेंज्ड इंडीयाफ के हवाले से कहा, यह भ्रामक था। उनका तर्क है कि सत्ता के भीतर और बाहर रहते हुए भी इन सभी वर्षों के दौरान, उनकी विभिन्न वर्गों में लगातार कई बार आलोचना की गई थी।

जब वाजपेयी सत्ता में थे, लम्बे अरसे तक उनके निजी सचिव रहे एक आईएएस अधिकारी सिन्हा, जिन्होंने वाजपेयी के साथ लंबा समय बिताया था, जब वह सत्ता में थे, जब वे सत्ता में नहीं थे तब भी उनके साथ रहने का विकल्प चुना, उनकी वाजपेयी से निकटता राजनीतिक और नौकरशाही हलकों में जग जाहिर है। वाजपेयी के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, पर उसके बावजूद सिन्हा द्वारा लिखी गई पुस्तक को पढ़ना पड़ता है, खासकर उन लोगों के लिए, जो राजनीति में विपक्ष में होने के बावजूद, दिवंगत नेता की न्याय और निष्पक्ष भावना की प्रशंसा करते हैं और संघ परिवार में उन्हें ''बाज के बीच घिरे कबूतर'' की अलंकरण देते हैं।

सिन्हा का विवरण हमें एक ऐसे युग में ले जाता है जहाँ राजनीतिक विरोधियों को शैतान या अछूत नहीं माना जाता था। वह याद करते हैं कि लोकसभा 1957 में जनसंघ के सांसद के रूप में, वाजपेयी ने पहला भाषण विदेश नीति पर दिया था, जो उनका प्रिय विषय था। ''प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू, जिन्होंने विदेश मंत्रालय स्वयं के पास ही रखा था, वे वाजपेयी द्वारा उठाए गए प्रत्येक बिंदु को संबोधित करते हुए बहुत सावधानी बरतते थे। हालांकि वाजपेयी नेहरू की नीतियों के आलोचक थे, फिर भी वे उनसे पूर्णतः प्रभावित थे। नेहरू की मृत्यु के बाद, राज्यसभा में (सांसद के रूप में), वाजपेयी के दिए गए भावपूर्ण भाषण में उनकी प्रशंसा और स्तुति झलकती थी'', पुस्तक कहती है।



यहां तक कि 1994 में, तत्कालीन प्रधान मन्त्री नरसिम्हा राव के अनुरोध पर, यह वाजपेयी ही थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के पटल पर रखने को सफलतापूर्वक विफल किया था।

जैसा कि, अमूमन वाजपेयी की किसी भी जीवनी से जो अपेक्षित किया जाता है, ये पुस्तक भी प्रधान मंत्री के रूप में वाजपेयी के कार्यकाल की चर्चा करती है, पहला कार्यकाल माई 1996 में, 13 दिन में उनकी सरकार का पतन और इसके बाद 1999 में प्रधान मंत्री के रूप में उनकी वापसी, सरकार में कार्यकाल पूरा करने के लिए। सभी महत्वपूर्ण तिथियां और प्रसंग/ वाकये मौजूद हैं, लेकिन सिन्हा द्वारा अपने बॉस के साथ लंबे समय तक जुड़ाव के विस्तृत विवरण ने पुस्तक को और रुचिकर बना दिया है। उदाहरण के लिए, एक जगह लिखा है कि ''वाजपेयी स्वभाव से एक शर्मीले व्यक्ति थे, न कि किसी पीठ थपथपाने जैसे, बैकस्लैपिंग और धीरे धीरे खुलते थे।'' राजनीति में उनका कोई गॉडफादर नहीं था, पूर्णतया अपनी योग्यता के आधार पर सर्वोच्च स्तर तक पहुंचे थे और ''अपनी सीमाओं को बखूबी जानते थे और बहुत सतर्क रहते थे, और इसी बात ने उन्हें बहुत सफल व्यक्ति बनाया।''

उनके वाक् चातुर्य, अलंकारिक भाषण कौशल के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है; लेखक हमें बताता है कि कैसे ''लोग कभी नहीं समझ पाए कि वह कितने चौकस रहते थे, नाज़ुक और महत्वपूर्ण समय पर सही शब्द का उपयोग करने

के बारे में कितने सतर्क रहते थे और जो चीजें उन्हें महत्वपूर्ण लगती थीं उसके लिए वो कितना अधिक प्रयास करते थे। भाषण के दौरान बीच बीच में रूकना केवल प्रभाव उत्पन्न करने के लिए ही नहीं था, बल्कि स्पष्टता और सटीकता के लिए भी होता था।''

यह पुस्तक हमें 1998 में संकट में आई वाजपेयी सरकार के बारे में भी काफी जानकारी देती है, जिसे अपने सहयोगियों दलों द्वारा अक्सर झटके मिलते रहते थे थे, विशेषकर AIADMK प्रमुख जे जयललिता, इसके बाद TMC की ममता बनर्जी द्वारा। इस पुस्तक में बड़े ध्यान से चुनी गई दो तस्वीरें - चेहरे पर त्योरी के साथ चिंतित वाजपेयी, जयललिता के सामने बैठे कागजात पढ़ते हुए, संभवतः मांगों की सूची - और दूसरी एक फ्रेम में पूर्णतया निश्चिन्त मुस्कुराते हुए प्रधान मंत्री, टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू के साथ, गठबंधन में उनके विश्वसनीय सहयोगियों में से एक, सब कुछ बयां कर देती हैं!

जया की प्रमुख मांगों में उनके खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मुकदमों की वापसी और सुब्रमण्यम स्वामी की वित्त मंत्री के रूप में नियुक्ति थीं! एनडीए की समन्वय समिति की बैठकों में ममता अक्सर बवाल खड़ा कर देती थी कि पश्चिम बंगाल को उपेक्षित किया जा रहा है और जयललिता ने उनको इस बात के लिए लगातार परेशान किया था कि वाजपेयी मंत्रालय में किसे शामिल किया जाए और किसे हटाया जाए।

लेखक का कहना है कि ''प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी की त्रासदियों में से एक यह भी थी कि उन्हें किसी भी तरह की हनीमून अवधि से वंचित किया गया था, या तो मार्च 1998 में पदभार संभाला



था, उनकी लाहौर की यात्रा के बाद, जिसके बाद उन्हें धूप सेंकने के लिए अवकाश मिलना चाहिए था।'' किस्सा लाहौर की उस प्रसिद्ध बस यात्रा का है, जिसमें वाजपेयी ने ज़बरदस्त विश्वास के साथ भारत-पाक संबंधों को सुधारने की घोषणा की थी जो अप्रत्याशित रूप से उल्टी पडी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से अधिक सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ की वजह से जिसने इसका जवाब कारगिल में घुसपैठ से दिया और इसने दोनों राष्ट्रों को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया।

इससे पहले, 29 मार्च, 1999 को दिल्ली में स्वामी द्वारा आयोजित एक चाय पार्टी, जिसमें सोनिया गांधी और जयललिता दोनों उपस्थित थीं,उसी पार्टी में राजनीतिक ड्रामा अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचा था, जो ''चाय के प्याले में तूफान'' के नाम से चर्चित हुआ था। अंत में, वाजपेयी की सरकार सिर्फ एक वोट से गिर गई थी, और सिन्हा लिखते हैं: ''विश्वास मत हारने के बाद संसद भवन से अपने कमरे में वापस जाते हुए मैंने वाजपेयी को कभी इतना विचलित नहीं देखा था। वह निराश, हतोत्साहित थे और उनकी आँखों में आँसू थे।''

बेशक कांग्रेस ने इस सरकार का पतन सुनिश्चित किया था और सरकार गिर गई, वैकल्पिक सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या सांसद नहीं जुटा पाई और वाजपेयी को एक कार्यवाहक सरकार का प्रमुख बनने के लिए कहा गया। सिन्हा कहते हैं कि आगामी चुनाव आने तक, ''वाजपेयी ने स्पष्ट कर दिया था कि सोनिया गांधी का विदेशी मूल कोई मुद्दा नहीं होगा और न ही एनडीए किसी एक व्यक्ति पर आधारित चुनाव चलाएगा; उन्होंने कहा कि चुनाव में वास्तविक मुद्दों और सरकार की उपलब्धियों पर जोर देना चाहिए।''

सरकार अप्रैल में गिर गई, कारगिल की घुसपैठ मई में हुई थी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के हस्तक्षेप पर, 4 जुलाई को, शरीफ ने सार्वजनिक रूप से क्लिंटन को वचन दिया कि पाकिस्तान एलओसी के पास से अपनी सेना हटा लेगा।पूर्व के घटना क्रम को देखते हुए, यह अविश्वसनीय लगता है कि भारत में एक कार्यवाहक सरकार ने, जो अत्यंत अनुभव और कुशाग्र वाजपेयी के नेतृत्व में थी, चतुराई से कारगिल की घटनाओं को बखूबी संभाला और एक विनाशकारी युद्ध से बचा लिया।

वाजपेयी का उत्कर्ष कैसे हुआ ये जानने के लिए इस पुस्तक को पढ़ें, उस आदमी के उन गुणों के बारे में जिन्होंने उन्हें इतना लोकप्रिय नेता बना दिया था और आज लोगों को उनकी कमी क्यों महसूस होती है। हालांकि पूरी तरह से यह जीवनी नहीं है, यह पाठक को राजनीति में व्यतीत किये गए वाजपेयी के वर्षों के महत्वपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी देती है, जिसने इस आदमी को गतिशील रखा, उनके दोस्त,दुश्मनों इत्यादि। इस पुस्तक के एक महत्वपूर्ण भाग में प्रधान मंत्री द्वारा किये गए महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों के विवरण उल्लिखित हैं साथ ही अप्रैल 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण के बाद देश पर लागू किये गए अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंधों के बाद देश की अर्थव्यवस्था को आर्थिक आपदा से बचाने के लिए किस चतुराई से उन्होंने राष्ट्र का नेतृत्व का संचालन किया।

जो आदमी इन पृष्ठों से निकल कर बाहर आता है वह एक अत्यंत मिलनसार, उदारवादी, मुखर, वाजिब होने के बावजूद एक दृढ़ और बुद्धिमान नेता है, जो अपने वक्तृत्व और आकर्षण के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भी जादू चला सकता है। उन्होंने भारत पर एक अमिट छाप छोड़ी है जिसे इस किताब में खूबसूरती से वर्णित किया गया है। ■

वाजपेयी: द इयर्स दैट चेंज्ड इंडीया

लेखक: शक्ति सिन्हा

प्रकाशक: पेंग्विन

351 पृष्ठ

₹599

आपके गवर्नरों से मिलिए

वी मुत्तुकुमारण

1000 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना

के पांडियन

ऑडिटर, रोटरी क्लब वेल्लोर मिडटाउन, रो ई मंडल 3231

इतने वर्षों में, पांडियन ने अनेक मंडल परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, ''जिसमें बड़ी संख्या में रोटेरियन और उनके परिवारों ने भाग लिया था, और इस तरह से विशेष अवसरों जैसे कि पोंगल *विला,* दिवाली उत्सव और पोलियो मैराथन की मेजबानी में मित्रता के मजबूत संबंध स्थापित हो गए'', वह कहते है। 97 क्लबों और 3,850 रोटेरियनों के साथ, उनकी 1,000 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना है। उन्हें यह भी दु:ख है कि कोरोना महामारी और अन्य कारणों की वजह से पिछले कुछ महीनों में 300 मौजूदा सदस्यों ने रोटरी छोड़ दी थी। इस मंडल के 75 रोटरेकट क्लबों में लगभग 2,000 रोटरेकटर है। ''चूंकि कॉलेज और स्कूल बंद थे, इसलिए अब नए रोटरेक्ट क्लबों को शामिल करना मुश्किल है'', पांडियन कहते है।

एक बार स्थिति सामान्य हो जाने के बाद, उनका मंडल एक लाख बीज गेंदों को हेलिकॉप्टरों के माध्यम से बिखेरेगा जिसके लिए अनुमतियाँ प्राप्त हो चुकी है। रोटरी क्लब गुड़ियाथाम जरूरतमंद परिवारों के लिए 65 नए घरों का निर्माण करेगा (वैश्विक अनुदान: ₹1.5 करोड़), वहीं रोटरी क्लब रानीपेट सिपकोट जनवरी के अंतिम सप्ताह में एक विशाल पोलियो मैराथन आयोजित करेगा। चिकित्सा क्षेत्र में, रोटरी कलब तिरुवल्लुर रॉयल ने सरकारी अस्पताल के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत क्लब ₹85 लाख की लागत से 10 साल तक अस्पताल के ब्लड बैंक की देखरेख करेगा।

रोटरी क्लब तिरुवन्नामलाई मून सिटी ने कुछ नेपाली क्लबों के साथ मिलकर वैश्विक अनुदान परियोजना (85,000 डॉलर) के माध्यम से आठ मशीनों वाले एक डायलिसिस केंद्र स्थापित करने के लिए टैंकर फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। रोटरी क्लब वेल्लोर मिडटाउन (वैश्विक अनुदान: 60,000 डॉलर) द्वारा एक सीटी स्कैन केंद्र स्थापित किया जाएगा और 18 मशीनों के साथ मौजूदा डायलिसिस केंद्र को रोटरी क्लब वेल्लोर फोर्ट द्वारा आठ और इकाइयों के साथ विस्तारित किया जा रहा है। टीआरएफ के लिए पांडियन की योजना 2 मिलियन डॉलर की है। उनका उद्देश्य रक्तदान शिविरों के माध्यम से 5,000 यूनिट रक्त एकत्रित करने का है। ''मेरे ऑडिटर मित्रों के माध्यम से, मैं 1987 में रोटरी क्लब वेल्लोर ईस्ट का एक चार्टर सदस्य बना था और फिर 1990 में मैं रोटरी क्लब वेल्लोर मिडटाउन में स्थानांतरित हो गया। मैंने कृत्रिम अंग फिटमेंट कैंप आयोजित किए है जिससे 300 से अधिक छिन्नांग लाभान्वित हुए है'', वह कहते है।

हैप्पी स्कूल, चिकित्सीय परियोजनाएं शीर्ष मंडल कार्यक्रम

सौम्य रंजन मिश्रा

वकील, रोटरी क्लब भुवनेश्वर कान्फ्लूअन्स, रो ई मंडल 3262

रोटरी को सरल रखें और इसे जनता तक ले जाएं, यह वह मंडल नारा है जो जिसे उन्होंने एक सार्वजनिक छवि निर्माण अभ्यास के भाग के रूप में गढ़ा था। वह मंडल के 107 क्लबों और 3,800 रोटेरियनों की मौजूदा संख्या में में 10 नए क्लब और 500 नए रोटेरियन जोड़ना चाहते है। ''यहाँ 60 रोटरेक्ट क्लब और 1,500 से अधिक रोटरेकटर है। दस नए क्लबों का गठन किया गया जा चुका है और जून अंत तक 10 नए क्लब और जोड़े जाएंगे'', सौम्य मिश्रा कहते है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें 50 रोटरेकटरों को रोटेरियन बनाने की योजना बनाई है। टीआरएफ में दान को लेकर, उनका लक्ष्य 200,000 डॉलर का है।

जेपीएम रोटरी आई हॉस्पिटल, कटक, (डीडीएफ) में और बेरहामपुर के सरकारी अस्पताल (वैश्विक अनुदान: ₹40 लाख) में दो डाइलिसिस केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

डीडीएफ, निजी प्रायोजन और सीएसआर फंड के मिश्रण के माध्यम से बेरहामपुर, भुवनेश्वर और बालासोर में पचास हैप्पी स्कूल स्थापित किए जाएंगे। 40 सरकारी हाई स्कूलों में डिजिटल कक्षाएं स्थापित की जाएंगी। कोविड आपदा प्रतिक्रिया अनुदान के तहत एससीबी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, कटक, को दो वेंटिलेटर दान किए जाएंगे।

भुवनेश्वर में और उसके आसपास के इलाकों में मंडल की चिन्हक परियोजना *हंगर-फ्री उड़ीसा* के तहत 200 से अधिक ताजे-पके भोजन के पैकेटों को जरूरतमंद परिवारों को प्रतिदिन वितरित किया जा रहा है। अमेरिकन सेंटर, कोलकाता, में एक वकील के रूप में अपने उन्नत प्रशिक्षण के दौरान, ''रोटरी से मेरा परिचय रोटेरियन कैलाश कानूनगो द्वारा करवाया गया जिन्होंने मुझे सन 2000 में रोटरी क्लब भुवनेश्वर कॉस्मोपॉलिटन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।''

बाद में, 2008 में वह रोटरी क्लब भुवनेश्वर कान्फ्लूअन्स के चार्टर सचिव बने। रोटरी में उनके यादगार पलों में से एक है खोरदा ज़िले के दो गांवों - फिरकीनाली और पिटागड़िया - को गोद लेना जब वह क्लब अध्यक्ष थे। ''हमने एक स्कूल बनाया था, एक उपमार्ग बनाया था, और इन दोनों गाँवों के प्रत्येक घर में पानी, बिजली एवं शौचालय की व्यवस्था की थी'', वह याद करते है।

तिरुपुर में एक विशाल मल्टीस्पैशलिटी हॉस्पिटल बन रहा है

डॉ हरि कृष्णन नाम्बियार

दंत सर्जन, रोटरी क्लब कसारगोड़, रो ई मंडल 3202

इस मंडल में 142 क्लबों में लगभग 6,000 रोटेरियन है, जो केरल के वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, कासरगोड़ और मलप्पुरम और तमिलनाडु में तिरुपुर, इरोड और ऊटी तक फैला हुआ है।

अपने कार्यकाल के दौरान हरी कृष्ण नाम्बियार को भरोसा है कि वे कम से काम 800 नए सदस्यों को शामिल कर पाएंगे। ''इस वर्ष के लिए योजनाबद्ध 10 क्लबों में से मैंने छह नए क्लबों को अधिकृत किया है, जिनमें दो ई-क्लब भी शामिल है।'' रोटरी क्लब तिरुपुर वेस्ट मंगलम गाँव में ₹5 करोड़ के निवेश के माध्यम से एक तीन-मंजिला मल्टीस्पैशलिटी अस्पताल (वैश्विक अनुदान 100,000 डॉलर) का निर्माण कर रहा है। तिरुपुर वेस्ट मेडिकल ट्रस्ट हॉस्पिटल नामक इस अस्पताल का उद्घाटन दो वर्षों में किया जाएगा। इसी क्लब ने एक वैश्विक अनुदान परियोजना के तहत इस गांव में सिंचाई प्रदान करने के लिए 6 किमी लंबी नहर का निर्माण किया है।

टीआरएफ के लिए नांबियार का लक्ष्य 770,000 डॉलर का है। तिरुपुर के तीन सरकारी स्कूलों को जल्द ही शौचालय खंड (वैश्विक अनुदान: 45,000 डॉलर) मिलेंगे और तिरुपुर और उसके आसपास के क्षेत्र में 10,000 स्कूली बच्चों को ₹250 के न्यूनतम बैलेंस के साथ पोस्टल बचत खाते प्रदान किए गए। हाल ही में तिरुपुर में एक मोबाइल ब्लड बैंक और मेट्टुपालयम में मोबाइल स्तन कैंसर जांच इकाई का हाल ही में उद्घाटन किया गया था। ''हमारे पास बाल चिकित्सा सर्जरियाँ करने का प्रस्ताव भी है जिसकी योजना बनाना अभी बाकी है'', वह कहते हैं। कन्नूर के सभी 28 क्लब इस चिकित्सीय परियोजना को लागू करेंगे। वह 1998 में रोटरी कलब कासरगोड़ में शामिल होने के लिए दिवंगत पीडीजी सूर्यप्रकाश भट से प्रभावित हुए थे।

सदस्यता, टीआरएफ में दान उनकी दोहरी चुनौतियाँ है

बी राजाराम भट

मुर्गी पालन, रोटरी क्लब कलियाँपुर, रो ई मंडल 3182

सदस्यता अवरोधन एवं टीआरएफ में देने के लिए रोटेरियनों को प्रोत्साहन दो मुख्य चुनौतियां है जिनका सामना राजाराम भट द्वारा महामारी के समय किया गया। 83 क्लबों एवं 3,130 रोटेरियनों के साथ, ''मैंने कम से कम 300 सदस्यों को जोड़ते हुए 10 प्रतिशत की मामूली सदस्यता वृद्धि निर्धारित की है।'' जून के अंत तक, उन्हें मंडल में 4-5 क्लब शुरू करने की आशा है।

मंडल में लगभग 4,500 रोटरेक्टरों के साथ 50 रोटरेक्ट और 103 इंटरेक्ट क्लब है। ''मैं अधिक समुदाय-आधारित रोटरेक्ट क्लबों को अधिकृत करना चाहता हूं क्योंकि संस्था-आधारित क्लबों में सदस्य नियमित अंतराल पर क्लब छोड़ देते है'', वह कहते है।

यह देखते हुए कि केवल 25 प्रतिशत सदस्य टीआरएफ में दान कर रहे है, उन्होंने प्रत्येक रोटेरियन से संस्थान को हर साल कम से कम ₹2,000 का योगदान देने का आग्रह किया है। ''नारा - एव्री रोटेरियन एव्री ईयर (EREY) - मुझे बहुत प्रिय है'', वह कहते है, आगे यह कहते हुए कि TRF में मंडल योगदान का उनका लक्ष्य 200,000 डॉलर का है।

₹30 लाख के एक वैश्विक अनुदान के तहत कलियाँपुर के गोरेट्टी हॉस्पिटल में एक डायलिसिस केंद्र स्थापित किया गया था। ''हम चिकमंगलूरु जिले में जीएच, बेलहोन्नूर में एक डायलिसिस यूनिट स्थापित करने के लिए एक वैश्विक साझेदार की तलाश कर रहे है। उषा नर्सिंग होम, शिमोगा, में ₹37 लाख के वैश्विक अनुदान की सहायता से एक मैमोग्राफी यूनिट स्थापित की गई थी'', वह कहते है। मंडल ने प्रोजेक्ट ज्ञानदेवगे के तहत कक्षा 10 के छात्रों को 2,500 कंप्यूटर टैबलेट वितरित करने के लिए एक निजी चैनल के साथ साझेदारी की है।

भट 1985 में रोटरी क्लब कलियाँपुर में उसके चार्टर सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने व्यावसायिक मित्र नारायण शेट्टी से प्रभावित हुए थे। ''हालांकि मैं इस स्थान से बाहर चला गया हूँ और मैंने अपने व्यवसाय का विस्तार कर लिया है, फिर भी मैं अपने गृह क्लब में एक सक्रिय सदस्य बना हुआ हूं'', वह कहते है।

प्रोजेक्ट पाज़िटिव हेल्थ, उनकी प्राथमिकता

सुदीप मुखर्जी

खाद्य प्रसंस्करण उपकरण, रोटरी क्लब कलकत्ता लेंसडाउन, रो ई मंडल 3291

मंडल के 159 क्लबों में लगभग 3,920 रोटेरियन के साथ, सुदीप मुखर्जी को इस साल सदस्यता में 15 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि की उम्मीद है। ''कुछ सदस्यों ने महामारी के लॉकडाउन के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में आई कमी के कारण क्लबों को छोड़ दिया है'', वह कहते हैं।

हालांकि, वह इस बात को लेकर उत्सुक है कि छोटे क्लबों के साथ-साथ मध्यम क्लबों के लिए मंडल अनुदान परियोजनाएं अनेक बाधाओं के बावजूद भी प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुखर्जी समझाते है, ''हमनें सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण शिविर लगाए है, एक मोबाइल नेत्र जांच वैन को हरी झंडी दिखाई है, इसके साथ ही वंचितों के लिए खेड सर्जरियाँ एवं जरूरतमंद लोगों के लिए एक व्यावसायिक केंद्र स्थापित किया है।'' टीआरएफ में देने के लिए, उन्होंने 400,000 डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया है।

प्रोजेक्ट पॉजिटिव हेल्थ-नो योर नंबर्स को पूरे साल शहरी और ग्रामीण कोलकाता में क्लबों एवं RCCयों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। ''जबकि नौ विशिष्ट NCD शिविर अब तक आयोजित किए जा चुके थे, हमनें दो अन्य विशाल स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों में NCD के लिए परीक्षण किए है'', वह कहते है।

उनके पिता एस के मुखर्जी, जो रोटरी क्लब बालीगंज के अध्यक्ष थे, ने उन्हें 1981 में रोटरेक्ट में शामिल होने के लिए ट्यूशन दी और बाद में 2001 में उन्होंने रोटरी क्लब कलकत्ता लैंसडाउन का सदस्य बनने में उनकी मदद की। ''रोटरी में मेरे सलाहकार पीडीजी अंगसूमन बंद्योपाध्याय है'', वह मुस्कुराते है।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से संदेश

RF(I)-कोष का व्यय

पिछले पांच वर्षों से, दानकर्ताओं की उदारता की वजह से, रोटरी फाउंडेशन (इंडिया) के पास RF(I)-INR खाते से अनुदान भुगतान की अदायगी के लिए पर्याप्त मात्रा में धन है। पिछले दो वर्षों में, हम अनुदान गतिविधियों में वृद्धि को देखकर प्रसन्न है, और हमनें उपलब्ध विश्व कोष के साथ-साथ RF(I)-INR खाते में मौजूद धन को अप्रत्याशित तेजी के साथ पूरी तरह खर्च किया है।

भारत में स्थित रोटरी क्लबों एवं मंडलों को फॉरन कन्ट्रब्यूशन रेग्युलेशन ऐक्ट (FCRA) के तहत स्वयं को या उनके द्वारा पूरी तरह से नियंत्रित ट्रस्ट/सोसायटी को पंजीकृत करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वे टीआरएफ के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों या अन्य विदेशी स्रोतों से भी प्रत्यक्ष रूप से योगदान प्राप्त कर सके। जो क्लब FCRA के तहत पंजीकृत नहीं है, वे भारत के भीतर दिए गए योगदान से उपलब्ध INR कोष के आधार पर अनुदान भुगतान में देरी का अनुभव कर सकते है। इसके परिणामस्वरूप, अनुदानों को एक कतार में रखा जाएगा और उनका भुगतान पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा, जिससे उनकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी हो सकती है। FCRA में स्वयं को पंजीकृत करने के लिए क्लब अपने चार्टर्ड एकाउंटेंट से संपर्क कर सकते है। आप सीधे FCRA की वेबसाइट *https://fcraonline.nic.in/home/index.aspx* भी देख सकते है।

डिस्कवर रोटरी

पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के रूप में मौजूद एक उपयोगी संसाधन क्लब के सदस्यों के लिए उपलब्ध है, जिसका उपयोग भावी सदस्यों या गैर-सदस्यों के साथ बैठ/बातचीत करते समय किया जाता है। यह रोटरी का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है, जिसमें स्पीकर नोट्स शामिल होते है, और यह क्लब-विशिष्ट तस्वीरों या जानकारी को शामिल करने के लिए संपादन योग्य है। प्रेज़न्टैशन रोटरी के मूल्यों, इतिहास और सदस्यता के लाभों को कवर करता है और यह *https://www.rotary.org/myrotary/en/document/discover-rotary* पर उपलब्ध है।

क्लब बैनर्स

टीआरएफ क्लबों को अनुदान एवं कार्यक्रमों के अपने समर्थन के लिए मान्यता प्राप्त करने के कई अवसर प्रदान करता है। यहाँ रोटरी क्लबों के लिए मौजूद विभिन्न क्लब बैनरों की एक सूची उपलब्ध है: 100% फाउंडेशन गिविंग क्लब; 100% एव्री रोटेरियन, एव्री ईयर क्लब; 100% पॉल हैरिस फेलो क्लब (एक बार मिलने वाली मान्यता); टॉप थ्री पर कैपिटा इन एनुअल फंड गिविंग और 100% पॉल हैरिस सोसाइटी क्लब। रोटरी वेबसाइट *https://www.rotary.org/en/donate/recognition* पर मान्यता पृष्ठ देखिए। रोटरी नेतृवकर्ता **क्लब फाउंडेशन बैनर रिपोर्ट** का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए कर सकते है कि क्या उनका क्लब वर्तमान रोटरी वर्ष में ऊपर सूचीबद्ध वार्षिक मान्यता बैनरों को अर्जित करने के लिए आहर्ता प्राप्त करेगा या नहीं।

टीआरएफ में प्रमुख दानकर्ता मान्यता

ऐसे सभी व्यक्ति या युगल, जिनके संयुक्त दान 10,000 डॉलर तक पहुंच गए है, भले ही उनका दान पदनाम जो भी हो पर टीआरएफ द्वारा उनकी पहचान **प्रमुख दानकर्ता** के रूप में की जा रही है। यह मान्यता स्तर केवल व्यक्तिगत योगदान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, न कि किसी अन्य व्यक्ति, क्लब, मंडल या किसी अन्य संस्था या मान्यता अंकों द्वारा मिलान योगदान के माध्यम से। प्रमुख दानकर्ता प्रत्येक नए मान्यता स्तर की स्मृति के रूप में क्रिस्टल मान्यता मुद्रा और पिन प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते है। नाम की पहचान करना कोई ऑटोमैटिक प्रक्रिया नहीं है और क्रिस्टल के लिए नक्काशी के निर्देश रो ई कर्मचारियों को सूचित किए जाना चाहिए। प्रमुख दानकर्ताओं के नाम मेजर डोनर, आर्च क्लम्फ सोसाइटी और बीक्वेस्ट सोसाइटी रिपोर्ट में सूचीबद्ध किए जाते है।

मान्यता वस्तुएं इन स्तरों पर दान को स्मरण करती है:

- स्तर 1: 10,000 डॉलर से 24,999 डॉलर तक
- स्तर 2: 25,000 डॉलर से 49,999 डॉलर
- स्तर 3: 50,000 डॉलर से 99,999 डॉलर
- स्तर 4: 100,000 डॉलर से 249,999 डॉलर

2021 में क्लबों/मंडलों को उनकी सामाजिक मीडिया व्यस्तता को मजबूत बनाने के लिए कुछ सलाह

- सामाजिक मीडिया पर अपने क्लब/मंडल के लिए सबसे उपयुक्त मंच की पहचान कीजिए।
- सामग्री की गुणवत्ता की जांच तय कीजिए: सही तथ्य, सही व्याकरण, और उचित विडिओ एवं तस्वीरों का चुनाव
- सामाजिक मीडिया पर एक सामग्री कैलंडर बनाइये
- वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कीजिए एवं अपने दर्शकों को पहचानिए
- सतत पहुंच बरकरार रखने के लिए - पोस्टिंग के लिए एक व्यक्ति नियुक्त कीजिए
- मोबाईल के अनुकूल सामग्री का निर्माण कीजिए
- सोच-समझकर चैनल का चुनाव कीजिए और पोस्टिंग की आवृत्ती निर्धारित कीजिए
- अनलाइन पोस्ट करने के सबसे अच्छे समय की पहचान कीजिए
- अन्य गैर सरकारी सागठनों, साझेदारों, रो ई हैंडलों, प्रमुख स्थानीय संस्थाओं एवं विकास निकायों के सोशल मीडिया हैन्डल को फॉलो कीजिए।
- अल्पावधि के सामाजिक मीडिया अभियानों में निवेश कीजिए - ऑर्गेनिक रूप से या भुगतान करके
- अपने सामाजिक मीडिया कैलंडर को अपनी समग्र सार्वजनिक छवि के साथ संरेखित कीजिए
- अपनी सोशल मीडिया टीम स्थापित करने के लिए आप रोटरेकटरों की मदद ले सकते है
- अपने परिणामों को ट्रैक कीजिए, मापिए और साझा कीजिए
- हर जगह संघटित कीजिए ■

संगीत और माधुर्य

रवि शंकर

अद्वितीय सितारवादक

वी रामनारायण

वह 1946 की ठंड की एक सुबह थी। एक ऑस्टिन ए40 कार मैसूर में एक ठेठ माध्यम वर्गीय घर के सामने रुकी, जिसकी छत पर टाइल्स लगे थे, यह पुरानी वास्तु शैली में बना था जहां से स्पष्ट नजारा दिखता था, और घर के पिछले आँगन के दरवाजे के बाहर खड़े होने पर आपकी नजर घर के तीन या चार लिविंग क्षेत्रों पर पड़ जाती थी - एक वास्तविक *अग्रहरम* आवास। बढ़िया सफेद कुर्ता-पजामा पहने दो युवक, दोनों के हाथों में एक-एक संगीत वाद्ययंत्र, नीचे उतरते है और सामने की दरवाजे की ओर बढ़ने से पूर्व अपने हाथ-पैर फैलाते है। सामने वाले बरामदे में बैठकर तल्लीन होकर अखबार पढ़ता युवक चौंक कर उठ जाता है।

अंदर, सुबह की उनकी दैनिक *साधकम* करते उसके दादाजी मैसूर वसुदेवाचार्य थे, जो कर्नाटक संगीत के बड़े दिग्गज एवं उत्कृष्ट संगीतकारों में से एक थे। युवा कृष्णमूर्ति ताज्जुब एवं खुशी के मारे आवक् रह जाता है जब कार में बैठा तीसरा आदमी दो अन्य आगंतुकों का परिचय रवि शंकर और अल्लाह रक्खा के रूप में देता है, हिन्दुस्तानी संगीत के नभमंडल में दमकते दो सितारें, जो सीधा पिछली शाम शहर में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम के बाद यहाँ आए थे। फिर बाकि की सुबह मुंह खुला का खुला रह जाता है, क्योंकि सितार और तबला वादक न केवल वरिष्ठ कलाकार के प्रति सम्मान व्यक्त करते है, बल्कि उनके द्वारा उनके संगीत कार्यक्रम की जानकारी ना होने का अफसोस जताने के बाद वे उनके सामने बैठकर एक मधुर सुबह की राग भी बजाते है।

वसुदेवाचार्य के घर पर उनसे मिलने जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। पंडित रवि शंकर के मन में

पंडित रविशंकर



जॉर्ज हैरिसन, प्रसिद्ध बीटल्स के गिटारवादक के साथ।

मैं रवि के साथ बजाकर भयभीत हो जाता था। मुझे लगता था कि मैं किसी भी तरह से योग्य नहीं हूं।

येहुदी मेनुहिन

प्रसिद्ध शास्त्रीय वायलिनवादक

अभ्यासी के रूप में अपने ही देश में जितनी उनकी इच्छा थी उसके मुकाबले कम गंभीरता से लिया गया, इसके बावजूद वह अपनी कला के प्रति समर्पित बने रहे। भारतीय संगीत की महानता को दुनिया के सामने लाने में जितनी आलोचनाओं का सामना अपने जीवनकाल में रवि शंकर को करना पड़ा उतना शायद ही किसी और संगीत दिग्गज को करना पड़ा होगा। पश्चिमी दर्शकों को खुश करने के लिए भारतीय शास्त्रीय संगीत को धूमिल करने के लंबे समय तक लगाए गए आरोपों ने उस्ताद को बहुत ठेस पहुंचाई। फिर भी उनके सितार से उत्पन्न ध्वनि की शुद्धता, संगीतकार एवं रागों के रचनाकार के रूप में उनकी प्रतिभा, उनके विलक्षण संकलनवाद से कोई इनकार नहीं कर सकता जिसने दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत

दक्षिण भारतीय चीजों एवं लोगों के प्रति बहुत प्यार एवं सम्मान था। कर्नाटक संगीत की राग, उसकी लयबद्ध संरचना और उसकी कठोरता, टाइगर वरादचेरियर और वीनई धनम्मल जैसे कलाकारों से लेकर एम एस सुब्बूलक्ष्मी और टी बालसरस्वती तक, सभी के प्रति उनके मन में बहुत सम्मान था, यहाँ तक कि उनके जीवन के आखिरी दो दशकों में नियमित रूप से उनके द्वारा सुने गए युवा संगीतकारों को भी वह बहुत पसंद करते थे जब वे सैन डिएगो, उनका अपनाया हुआ कैलिफोर्निया का घर, में प्रस्तुति देते थे।

यह सच है कि वह शास्त्रीय संगीतकारों के बीच एक आदर्श थे, और शायद अपने रूप एवं आकर्षण की वजह से, उन्हें पारंपरिक कला के



अपनी बेटियों अनुष्का शंकर और नोरा जोन्स के साथ।



एक संगीत कार्यक्रम में उनकी बेटी अनुष्का के साथ।

के कुछ बेहतरीन विचारों एवं विशेषताओं को अपने उत्तर भारतीय समकक्षों तक पहुंचाया।

7 अप्रैल 1920 को वाराणसी में जन्में रवींद्र, जिनका नाम नोबेल पुरस्कार विजेता टैगोर के नाम पर रखा था, चार भाइयों में सबसे छोटे थे और एक विशेषाधिकार प्राप्त घर से थे। उनके पिता, एक बार-एट-लॉ, और रियासतों में से एक मंत्री, स्थानीय मंडली में शौकिया गायक थे, और परिवार में संगीत एवं नृत्य का अच्छा माहौल था। बड़े भाई उदय शंकर को एक विश्व प्रसिद्ध नर्तक बनना था और इसलिए वह पश्चिम में पूरे समय अपने भाई-बहनों सहित अपनी मंडली लेकर जाते रहते थे। एक और भाई राजेंद्र थिएटर में शामिल थे, और वह अपनी नाटक मंडली के संगीत वाद्ययंत्र घर पर रखा करते थे। रवि उन वाद्य यंत्रों को चुपके से बजाया करते थे।

श्रोताओं ने मेरे संगीत को चिंतनशील, आनंदमय, यहां तक कि आरोग्यकार भी पाया। शायद एक कलाकार को दूसरों के लिए स्वर्ग बनाने के लिए नरक से गुजरना पड़ता है।

पंडित रविशंकर

रवि ने पिता द्वारा परिवार को छोड़कर चले जाने, और उसके बाद उनकी माँ द्वारा अपने बेटों को पालने के आघात से लेकर – खुशनुमा समय का अनुभव किया जब भाई उदय शंकर अपनी भारतीय नृत्य मंडली के साथ पश्चिम में एक सनसनी बन गए। नौ साल की उम्र में पेरिस जाने, जहां उन्होंने ''बहुत कुछ, बहुत जल्द'' देखा और चल-पहल भरे प्रदर्शन दौरों और चमक-धमक में मस्त होने के बाद, रवि अपने भाई के भारतीय बैले में एक प्रशंसित नर्तक बन गए।

बीस साल की उम्र में भी वह संकोच कर रहे थे जब उन्होंने सितार की पुकार का जवाब देने के लिए स्टारडम को पीठ दिखाई, आराम का जीवन छोड़कर ग्रामीण मैहर में गए और महान बाबा अलाउद्दीन खान से शिक्षा ग्रहण करना शुरू की। वह दिन में 14 घंटे रियाज़ किया करते थे! हिंदुस्तानी गायक लक्ष्मी शंकर, रवि के भाई राजेंद्र की पत्नी – जिन्हें रवि द्वारा संगीत की शिक्षा तब दी गई जब बीमारी ने उन्हें भरतनाट्यम छोड़ने के लिए मजबूर किया – ने एक बार कहा था, ''मैंने उनकी उंगलियों से खून बहते देखा है।''

रविशंकर ने अपने इस कठोर कदम के पीछे का कारण बताया। ''जब मैं एक बच्चा था, मेरी माँ मुझे चंचल कहा करती थी, मेरे गुरु मुझे तितली कहते थे। मैंने शांता के उच्चतम अनुभव की तलाश में उस बेचैनी को उपयोग करने की कोशिश की है। श्रोताओं ने मेरे संगीत को चिंतनशील, आनंदमय, यहां तक कि आरोग्यकार भी पाया। शायद एक कलाकार को दूसरों के लिए स्वर्ग बनाने के लिए नरक से गुजरना पड़ता है।''

रवि शंकर ने अन्नपूर्णा देवी, अल्लाउद्दीन खान की बेटी, से विवाह किया और उन्हें सितार जैसे एक स्ट्रिंग वाद्य यंत्र सुरबहार का उपहार

शायद अपने रूप एवं आकर्षण की वजह से, उन्हें पारंपरिक कला के अभ्यासी के रूप में अपने ही देश में जितनी उनकी इच्छा थी उसके मुकाबले कम गंभीरता से लिया गया, इसके बावजूद वह अपनी कला के प्रति समर्पित बने रहे।

दिया। रविशंकर द्वारा अपनी पत्नी की श्रेष्ठ प्रतिभा के प्रति नाराजगी की खबरों से घिरे रहने के कारण, विवाह बहुत लंबे समय तक नहीं चला। अन्नपूर्णा देवी ने कॉन्सर्ट संगीत से संन्यास ले लिया और अक्टूबर 2018 में अपनी मृत्यु तक उन्होंने एक वैरागी का जीवन ही जीया।

जब वह 1950 के दशक में एक बार फिर सितारवादक के रूप में पश्चिम गए, तो दर्शक बहुत कम थे और वे भारतीय संगीत के प्रशंसक नहीं थे। उन्होंने इसे छोटी खुराक में उन्हें देना शुरू किया, धीरे-धीरे उन्हें शिक्षित किया। विश्वविद्यालय परिसरों में अनगिनत व्याख्यान-प्रदर्शनों द्वारा, उन्होंने अपने प्राकृतिक आकर्षण एवं अभिव्यक्ति के माध्यम से उन्हें जीत लिया। उन्होंने अपने स्वयं के संगीत कार्यक्रमों के साथ-साथ पश्चिमी संगीत के कुछ प्रमुख सितारों के सहयोगात्मक प्रयासों के साथ भारतीय संगीत को विश्व मानचित्र पर प्रस्तुत किया।

प्रसिद्ध शास्त्रीय वायलिन वादक मित्र एवं सहयोगी येहुदी मेनुहिन ने इस बात को कबूल किया, मैं रवि के साथ बजाकर भयभीत हो जाता था। मुझे लगता था कि मैं किसी भी तरह से योग्य नहीं हूं। बाँसुरी वादक जीन पॉल रामफल, कंडक्टर आंद्रे प्रेविन और संगीतकार फिलिप ग्लास जैसी हस्थियों को लगता था कि उन्हें उस्ताद द्वारा रचित असली संगीत पर काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बीटल जॉर्ज हैरिसन ने उनसे सितार के सबक लिए, एल्बम बनाए और उनके साथ दौरे किए, और उन्हें अपनी आत्मकथा का संपादन एवं परिचय दिया।

उस्ताद ने पूरी गंभीरता के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचार के अपने मिशन का रुख किया। 1950 के दशक के दौरान ब्राजील के एक दौरे में यह दिखाई देता है।

एक संगीत कार्यक्रम से अपने होटल में वापस आकार, उनकी मंडली, जिसमें तबले के जादूगर अल्लाह रक्खा शामिल थे, को बिजली चले जाने का सामना करना पड़ा। उन्हें सितार, तानपुरा, तबला और अन्य सामानों को लेकर 14वीं मंजिल स्थित उनके कमरे तक सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ीं। रविशंकर दूसरों को पीछे कहरता हुआ छोड़कर तेजी से ऊपर चले गए। दसवीं मंजिल पर, उनमें से कुछ लोग आगे नहीं चल पाने के कारण वहीं बैठ गए। उसके बाद रवि शंकर तीन या चार बार ऊपर-नीचे आए और अकेले पूरा सामान ऊपर ले गए, और अंत में अपने थके हुए साथियों को भी उनके कमरों तक पहुंचाया! उन्होंने उनसे कहा, ''क्या आपको एहसास नहीं है कि हमनें कितना महान काम किया है? हम रियो डी जनेरियो में है, ब्राजीलियाई लोगों के सामने हमारे संगीत का प्रदर्शन कर रहे है और उन्हें इससे प्यार करने के लिए विवश कर रहे है। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। हमारी सारी मुसीबतें मामूली है। हम अपने संगीत को दुनिया के हर



पंडित रवि शंकर और उनकी पत्नी सुकन्या।

प्रशंसित संगीतकार सर पॉल मेकार्टनी और बीटल्स के ड्रमर रिंगो स्टार के साथ युगले।

एक कोने तक ले जा रहे है, और केवल यहीं बात मायने रखती है।''

रविशंकर की शैली के कट्टर समर्थक, लक्ष्मी शंकर ने एक बार कहा था, ''उनका *बीनकर* घराना ध्रुपद शैली से आया था। यह कोई छोटी बात नहीं है, और उनके संगीत के खिलाफ की गई सारी आलोचनाओं के विरुद्ध है। यहाँ तक कि जब भी वह कोई ठुमरी या गत बजाते है, तब भी वह कड़ाई से शास्त्रीय होते है। उन्होंने हमारे संगीत के लिए पश्चिमी दर्शकों को आकर्षित करने के लिए कुछ प्रारूप परिवर्तन किए। यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया होता, तो पश्चिम में हमारे संगीत के लिए दरवाजे बंद हो चुके होते।''

दशकों तक की गई अथक यात्राओं एवं विविध प्रदर्शनों की वजह से, रविशंकर भारत के सबसे प्रसिद्ध संगीतकारों में से एक बन गए। 1999 में भारत रत्न से सम्मानित, उन्हें कुछ 15 मानद डॉक्टरेट, रेमन मैग्सेसे अवार्ड, दो ग्रैमी, दावोस से क्रिस्टल अवार्ड, जापान से फुकुओका ग्रैंड प्राइज़ अवार्ड और अनगिनत अन्य पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। उन्होंने अपने संगीत को वाराणसी और पुणे के जानकार दर्शकों से लेकर वुडस्टॉक एवं मोंटेरे पॉप संगीत

बीटल जॉर्ज हैरिसन ने उनसे सितार के सबक लिए, एल्बम बनाए और उनके साथ दौरे किए, और उन्हें अपनी आत्मकथा का संपादन एवं परिचय दिया।

समारोहों में आए अत्यधिक उत्साही प्रशंसकों के सामने प्रदर्शित किया। उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो के लिए भारतीय संगीत की रचना की, भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बैले एवं फिल्मों के लिए संगीत तैयार किए जिनमें सत्यजीत रे की *पाथेर पांचाली, गोदान, अनुराधा,* गुलज़ार की *मीरा* और रिचर्ड एटनबरो की *गांधी* शामिल है, और अली अकबर खान के साथ मिलकर उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक पूरी नई किस्म की शुरुआत की - जुगलबंदी।

वह एक समर्पित गुरु थे जिन्होंने युवा संगीतकारों की प्यार से देखभाल की, बिना इस बात की चिंता किए कि वे कहा से आए है। अपनी दूसरी शादी से हुई बेटी अनुष्का उनमें से केवल एक थी, हालाँकि उन पर कभी-कभी उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाता था। उनका प्रतिष्ठित गुरुकुल 'हेमांगना', जो 1973-74 में वाराणसी में बनाया गया था, में रवि शंकर इंस्टीट्यूट ऑफ म्यूज़िक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (RIMPA) चलता था। वहाँ, हर साल पूरे भारत से 20 से 25 छात्र आकर रविशंकर से सीखते थे, जो उन्हें अनेक माध्यमों से सिखाते थे - जिनमें वे खेल भी शामिल थे जिसे उन्होंने उनके शाम के मनोरंजन के लिए तैयार किए थे। सुबह में, वह बहुत सख्ती से सिखाते थे, एक पूर्णतावादी। ''क्या यह वहीं आदमी है जिसने कल रात हमारे साथ हंसी-मजाक किया था?'' छात्र आश्चर्य करते थे। हेमांगना में हुए एक वार्षिक उत्सव में, प्रख्यात संगीतकारों एवं नर्तकों ने अपना प्रदर्शन किया था, जिसमें रविशंकर के संगीत कार्यक्रम ने अंतिम प्रस्तुति दी थी।

खूबसूरती से डिज़ाइन किए गए इसके मेहराबों एवं छात्र निवासों, इसके खूबसूरत बगीचों के साथ हेमांगना का वातावरण शानदार था। एक बार सत्यजीत रे ने कहा था, ''मैंने कभी भी किसी चीज को इतना भारतीय महसूस नहीं किया है।'' हेमांगना को हालांकि तीन साल से अधिक समय तक बरकरार नहीं रखा जा सका, क्योंकि रविशंकर के बेचैन व्यक्तित्व के कारण उन्हें आगे बढ़ना पड़ा।

जब वह 92 वर्ष की आयु में गुजर गए, तो उनके पिता की रहस्यमय मौत, कम उम्र में यौन शोषण, बेटे शुभेंद्र के साथ उनके अशांत रिश्ते जो युवावस्था में गुजर गए थे, पर अनसुलझे सवाल पीछे छूट गए, लेकिन रविशंकर ने पृथ्वी पर उनके लंबे और नाटकीय जीवन के उतार-चढ़ाव के साथ समझौता कर लिया था। अपनी पत्नी और एंकर सुकन्या के मजबूत समर्थन और उनके जीवन की संध्या में उनकी अनेक सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं द्वारा दिए गए आनंद से, उन्होंने शांति प्राप्त कर ली थी।

लेखक श्रुति
पत्रिका के संपादक हैं।

बच्चों की चलने में मदद करना

जयश्री

जब आर्थोपेडिक सर्जन और फिजियोथेरेपिस्ट की टीम एक साथ हो जाती है तो क्या होता है? कुछ सुधारात्मक सर्जरियाँ जो छोटे बच्चों को उनके पैरों पर वापस खड़ा कर देगी, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर होगी। ऐसा सर्जन अब्दुल सलाम और कार्तिकेयन, और फिजियोथेरेपिस्ट सतीशकुमार, कार्तिश्वरन और मदनगोपाल - एक वर्षीय पुराने क्लब, रोटरी क्लब कोयम्बटूर मेरिडियन, रो ई मंडल 3201, के सदस्यों के एक साथ आने से संभव हुआ।

''मूल रूप से हम विभिन्न अन्य रोटरी क्लबों से है, जो इस क्लब को बनाने के लिए एक साथ आए है और अक्सर हम विभिन्न लोगों के अनुरोध पर सुधारात्मक सर्जरियाँ प्रायोजित करते थे। इसलिए जब हमने पिछली मार्च में इस क्लब का गठन किया, तो हम अपने ध्यानाकर्षण क्षेत्र को लेकर सुनिश्चित थे'', क्लब के अध्यक्ष डॉ सतीशकुमार कहते है।

क्लब रोटरी क्लब ग्रेटर कोलंबो, रो ई मंडल 3220, श्रीलंका और टीआरएफ के साथ एक वैश्विक अनुदान परियोजना पर काम कर रहा है ताकि शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को सर्जरी एवं फिजियोथेरेपी के बाद स्वयं के पैरों पर खड़ा किया जा सके। सुधारात्मक सर्जरियों को सुगम बनाने के लिए क्लब ने पिछले साल अपने चार्टर अध्यक्ष थमिलसेलवन और टीआरएफ अध्यक्ष श्रीनिवासन के नेतृत्व में एक वैश्विक अनुदान के लिए आवेदन दिया था। अब 36,000 डॉलर के वैश्विक अनुदान की मंजूरी मिलने और 10,600 डॉलर के क्लब के योगदान के साथ, इसका लक्ष्य शहर में और उसके आसपास के इलाकों में एक वर्ष के अंदर 75-100 बच्चों की सर्जरियाँ प्रायोजित करना है।

''सामान्य रूप से अस्पताल में भर्ती, सर्जरी, सहायक उपकरणों और चिकित्सा का खर्च 60,000-80,000 का आता है जिसे वंचित लोग वहन नहीं कर सकते। लेकिन हमारे क्लब के सदस्यों में से एक डॉ अब्दुल सलाम, जो कोयम्बटूर में वन केयर हॉस्पिटल्स के मालिक है, ने उदारतापूर्वक सर्वाधिक जरूरतमंद लोगों की नि:शुल्क सर्जरी करने की मंजूरी दी है'', वह कहते है। क्लब बुनियादी खर्चे और ''ऑपरेशन के बाद के खर्चों का ध्यान रखेगा जो एक सर्जरी का कम से कम ₹35,000 आता है।''

लाभार्थियों की पहचान शहर के विभिन्न हिस्सों में जांच शिविरों के माध्यम से की जाती है, जो कि डिफरेंटली एबल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किए जाते है। दो शिविरों से लगभग 70 बच्चों की छंटनी की गई है और अब तक 10 सर्जरियाँ की जा चुकी है।

विकृत पैर, टेढ़ी तांगे और घुमावदार पंजों जैसी विरूपता के लिए 1-18 साल के मरीजों का इलाज किया जाता है। ''अगर कम उम्र में सुधार किया जाए, तो वे सामान्य रूप से चल सकते है। दुर्भाग्य से, अधिकांश ग्रामीण सुधारात्मक उपचार से अनजान है और अक्सर यह कहते है कि ऐसा भगवान के अभिशाप के कारण होता है। न ही उनके पास इस तरह का उपचार कराने का साधन होता है'', वह कहते है, आगे यह कहते हुए कि मामूली से मध्यम विरूपता को फिजियोथेरेपी एवं खपच्ची के माध्यम से ठीक किया जा सकता है लेकिन गंभीर विकृतियों के लिए कोमल ऊतकों जैसे कि मांसपेशियों एवं स्नायु के साथ ही कभी-कभी हड्डियों में सुधार की आवश्यकता होती है। ■

रोटरी क्लब कोयंबटूर मेरिडियन के अध्यक्ष डॉ सतीशकुमार एक वार्ड में जहां एक बच्चे का विकृति का इलाज किया जा रहा है।

Wordsworld

Of shikaras and heaven on earth

Sandhya Rao

It's not uncommon for novels to find voice on the big and small screens, but a TV serial becoming a novel? That's surely unusual.

"All these relations originate from these houseboats of ours. Don't you see how many letters I receive? Letters come from far-off countries across the oceans, where I can never reach. Is there any corner of our own country where we don't have acquaintances? All this is possible because of these houseboats, which your brothers want to sell." This passionate and anguished voice belongs to Malla Khaliq, owner of three houseboats on Dal Lake in Srinagar, father of three grown sons and a daughter, belonging to the Hanji community of boating people in Kashmir. For generations his family has lived on water and this is where he sees his children's future as well. But it is the 1990s and Kashmir is changing. And even though tourism is the bread and butter of this beautiful state's economy, and houseboats its beating heart, even that is changing.

These sentiments expressed by Malla Khaliq synopsise the over 400-page-long novel by Pran Kishore called *Gul, Gulshan, Gulfam*, originally written in Kashmiri and translated into English by the well-known poet, Shafi Shauq. And there hangs a tale that's screaming to be shared. I had not heard of Shafi Shauq until I met him at the Frankfurt Book Fair in 2006 when India was invited to be the Guest of Honour. I was (and still am) ashamed of my ignorance because his is a very powerful voice in Kashmir's contemporary literary history. As a poet, fiction writer, linguist and critic, he has written in Kashmiri, English, Urdu and Hindi. I had the opportunity to listen to him reciting his poetry in Frankfurt. One of the pamphlets distributed there carried this poem in English translation:

Crossing a street

Crossing a street, I lower my head
in case of danger. Sometimes, it's
something's absence I sense —
nothing as tangible as rocket or gun.
I must be careful. I cross the street, to
find the house where I'd expected it
to be not there. I look around in case
I'm in a new neighbourhood. Easy to
lose your way. It's easy to lose your
way at home, to cross the street and
never look back. I lower my head
instinctively to protect myself from
what I can't see.

One evening, soon after arriving in Frankfurt, Shafi Shauq was taking a walk by the river Main when he was accosted by an official-looking stranger who demanded to see his 'documents'. Intimidated by his demeanour and unfamiliar with local practice, Shauq obliged. In a trice, the stranger made off with his wallet. By the time he could gather his wits and report the incident, Shauq's bank account in Srinagar had been drained of all funds.

When I saw Shafi Shauq's name as translator, I went online and discovered something Amit Chaudhuri had written in an *Indian Express* article dated December 2, 2019, entitled 'The actual Shafi Shauq': 'Among those I met was a small, suited Kashmiri poet called Shafi Shauq. The term "Kashmiri poet" carried a mild voltage. I was speechless for an instant, then said, "Hello!" Not that a Kashmiri poet is an impossibility, but that Shafi Shauq represented a concatenation of impossibilities, to do with his presence here, with a resolution to the problem being found, and peace ever being regained. I wanted to study him closely and ask him for forgiveness. He was diffident, as non-Anglophone writers — especially poets — are. Kafka-like, he'd adopted the guise of normalcy — I mean his 20th-century appearance, the black suit, meant to sidestep attention. He was fair; his eyes shone gently. He had lost hair, like a Jewish intellectual.' He went on, in the

article, to refer to the very same wallet-snatching incident.

This is a digression, but it is a digression that connects; it shows how people are attached to each other in a myriad ways, how even a disconnection is a connection because there cannot be a split without a joining to begin with. I came to this novel late; my mother had read it at least a couple of years earlier, perhaps one of the last novels she read before she died. She had loved it; I could see it in the way her eyes shone when she returned the book to me. 'Very nice,' she said, adding that she loved reading about things she had known nothing about. 'And the people are so real,' she said. So true, I think as I read. *Gul Gulshan Gulfam* is that rare book that elaborates on the ordinary lives and relationships of ordinary people engaged simply in the business of eking out a living in the only way they know, in the only place they know. To those outside that milieu, this is exotica, but to the Hanji people, this is life, another 'India' even if 'India' itself is 'other' for them.

The extraordinary thing is that this novel was born as a television serial telecast on Doordarshan. In recent times, there have been occasions when films, particularly for children, have been written up as novels. But *Gul Gulshan Gulfam* is something else, it's so big that it's worth recounting

the details from something that Pran Kishore himself wrote in an article appended to the book (and published online). The article is titled 'The Dal formed an indelible imprint on my mind…' Kishore was a well-known name in theatre circles but he nursed a desire to write a novel because he felt books had a greater impact. His first novel, *Sheen Ta Vatapod*, published in 1987, had received the Sahitya Akademi Award. He was all ready to write his second.

For this he recalled a time in the 1940s when he 'rented a small boat at the rate of one rupee per day from the quay of my native place, Chinkral Mohalla, in the city of Srinagar. Taking my childhood friends along, I roved through the Maer Canal of the old city and reached Gagribal in the Dal Lake. It was during this journey that the Dal formed an indelible imprint on my mind and I took an interest in the dwellers of the Dal.' A few years on, Pran Kishore had the happy fortune of meeting Haji Abdul Samad Kotroo who owned a chain of houseboats in the Dal. As Kishore writes, 'My interactions with this exceptional human being and his family members inspired me to write about the lives of the boatmen of the lake who have been mingling the sweat of their toil with the waters of the lake for generations. Being a father figure, Kotroo Sahib was venerated by not only the boatmen but also the vegetable growers who dwelt in the marshes around the lake. He had continued the tradition that his father had set — of treating the tourists who would often come to escape the maddening city life to stay in his houseboat, as his own kith. Similarly, Malla Khaliq is conscientious of his duties of making his guests feel at home. This is how the seed of the novel *Gul Gulshan Gulfam* was sown in my mind…'

Whichever Kashmir comes to your mind, the Kashmir of Hindi films, honeymoons and photo ops, or the Kashmir of terrorism, militancy and separatism, it is nowhere near the whole story. Pran Kishore's book gives readers a chance to peep into that inner world in which flesh and blood people lead strenuous lives enmeshed in a web of relationships and events in a region of incredible beauty that has been under tremendous political, social and economic pressure for uncountable numbers of years. He gets as close to the life breath of Kashmiris as he possibly can, eschewing along the way the many stereotypes and misconceptions, preconceived notions and historical aberrations that have come our way over the years.

But our story for this column is not yet done because here, now, filmmakers Sunil Mehta and Prem Kishen make their entry. In Kashmir to shoot their film *Nai Shirvaani* based on a Russian short story called 'The Overcoat', they heard Pran Kishore narrate to them the story of *Gul Gulshan Gulfam*, and promptly purchased its broadcasting rights. Before long, the serial was out and airing, its title song echoing in every Hindi-speaking home, with Parikshit Sahni heading a wonderful team of actors and Ved Rahi directing. *Muskurati subha ki aur gungunati shaam ki, yeh kahani Gul ki hai, Gulshan ki hai, Gulfam ki* apparently went on to win the Best Title Song Award from the Radio, Television Producers' and Advertisers' Association!

Shafi Shauq calls the novel the 'quintessential *mahaakaaviya* (prose epic) of contemporary Kashmir. In following the lives of characters belonging to three successive generations of post-Independence Kashmir, and paying proportionate attention to the actions and moral

choices of each individual living under specific and sometimes limiting socio-economic and cultural conditions, *Gul Gulshan Gulfam* emerges as a novel at the cusp of Indian economic liberalisation and Kashmiri identity in flux.'



It's a tremendously visual narrative, and we now understand why. There are no chapters in the book, only a tiny ink sketch of a shikara or boat, indicating pauses in the telling, thus reflecting the episodic nature of serials. You see how the weather impacts the tourist season, and how tourism is a mainstay. You see competition, exploitation, the pull of traditional practices and nuances of relationships. You see the Khalistan trouble in neighbouring Punjab reducing footfalls into Kashmir. When Khaliq's eldest grandson returns home from studying medicine in Jaipur, his decision to practice 'on land' as against on the lake, deals a body blow to his grandfather. 'Nisar Ahmed is going to leave this house today and live on land,' he cries to his childhood friend, Narayan Joo. When the latter urges him to understand that times have changed, Khaliq says, 'It is easy to lecture. But only the suffering person knows his pangs.' And there's suffering in large doses, as also happy events such as births and marriages. There are wonderful descriptions of Srinagar: the majestic Zabarwan mountains rising above the Dal lake, the different parts of the lake each with its own character, the network of houseboats and shikaras, the waterways, the Jhelum, the Mughal Gardens…

The words 'If there be paradise (heaven) on earth, it is this, it is this, it is this' generally ascribed to Hazrat Amir Khusrau are widely believed to describe Kashmir when in fact, they're a comment on Delhi. Hard to believe, but this is what Rana Safvi tells us in her book *Shahjahanabad: The Living City of Old Delhi*. These words are inscribed in the Diwan-i-Khas at Red Fort: *Agar Firdaus bar ru-ye zamin ast / Hamin ast-o hamin ast-o hamin ast*. Yet, despite the heavy militarisation, there is little doubt that the beauty of the land and the people of this much maligned region will meet the expectations of this couplet. In the final analysis, that's exactly what *Gul Gulshan Gulfam* does, despite the somewhat shoddy editing. For those more interested in the TV serial, do take a look at Rayan Naqash's article, 'Why tourists still look for 'Gul Gulshan Gulfam' when they visit the Dal lake in Srinagar' in *scroll.in*. You must have guessed by now: these are the names of Malla Khaliq's three houseboats.

The columnist is a children's writer and senior journalist.

Designed by Krishnapratheesh

भुसावल में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए साइक्लोथॉन

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब भुसावल रेलसिटी, रो ई मंडल 3030 ने 'हरित भुसावल, प्रदूषण-मुक्त भुसावल' विषय के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए नगर परिषद भुसावल के साथ मिलकर साइक्लोथॉन का आयोजन करने के लिए हाथ मिलाया। 5, 10 और 20 किमी की तीन रैलियों को एक साथ रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में 4 से 70 वर्ष आयु वर्ग के 600 प्रतिभागी थे। इनमे से हर एक को मगूडी-बैग्सफ बांटे गए, जिनमें एक-एक टी-शर्ट, कैप, मास्क, पेन, डायरी, राइटिंग पैड, कीचेन और कुछ अन्य स्मृति चिन्ह शामिल थे।

कार्यक्रम के अंत में, रैलीकारियों ने एकत्रित होकर भुसावल को स्वच्छ व हरा-भरा रखने की शपथ ली।■

रोटरी क्लब आदर्श अहमदाबाद ने ज़ाम्बिया में एक क्लब अधिकृत किया

जयश्री

रोटरी क्लब चिंगोला मेट्रो के सदस्यों के साथ पीडीजी रवि देवालिया और डीजी लूसी कसांगा।

क्या आपने कभी एक भारतीय रोटरी क्लब द्वारा विदेश में एक क्लब को प्रायोजित करते हुए देखा है? ज़ाम्बिया में रोटरी क्लब चिंगोला मेट्रो, रो ई मंडल 9210, को अधिकृत करके रोटरी क्लब आदर्श अहमदाबाद, रो ई मंडल 3054, राजस्थान, ने ठीक ऐसा ही किया है।

''इसकी शुरुआत तब हुई जब कुछ साल पहले ज़ाम्बिया में एक चिकित्सीय मिशन के लिए मैं रो ई मंडल 9210 के PDG रवि देवालिया के साथ समन्वय कर रहा था, रोटरी क्लब आदर्श अहमदाबाद के प्रशिक्षक कपिल भवसार कहते है। इसके बाद वह मई 2019 में देवालिया से तांबे के खनन के लिए मशहूर ज़ाम्बिया के शहर चिंगोला में तब मिले जब वह अपनी भतीजी चेतना अवडेकर से मिलने गए हुए थे। भावसार वहां मौजूद खराब चिकित्सीय स्थितियों को देखकर व्यथित थे और उन्होंने लोगों की मदद करने के लिए एक रोटरी क्लब शुरू करने के साथ ही एक मल्टी स्पैशलिटी अस्पताल बनाने का विचार अपनी भतीजी के साथ साझा किया, और उन्होंने अपने क्लब द्वारा सारी मदद किए जाने का वादा किया। उनकी भतीजी ने तुरंत काम करना शुरू कर दिया।''

''देवालिया ने रोटरी क्लब लुसाका मालुबा, रो ई मंडल 9210, के पूर्व अध्यक्ष मूसा कासोनका को चेतना से परिचित कराया और जुलाई 2020 में उन्होंने एक सदस्यता अभियान चलाया'', भावसार कहते है। कासोनका चार्टर अध्यक्ष और चेतना क्लब सचिव बने। तीन हफ्तों में, उन्हें स्थापना के समय तक 53 नए सदस्य मिले, जिससे ''यह मंडल का चौथा सबसे बड़ा क्लब बन गया।'' अक्टूबर 2020 में रोटरी क्लब आदर्श अहमदाबाद ने नया क्लब अधिकृत किया। वह गति जारी रही और इस क्लब में अब 62 सदस्य है - जो रोटरी क्लब लिलोंग्वे के 67 रोटेरियनों के बाद तीसरा सबसे बड़ा क्लब है।

देवालिया अब सदस्यता अवरोधन पर काम कर रहे है। वह सदस्यों को व्यस्त रखने और रोटरी में उनकी रुचि को बनाए रखने के लिए विभिन्न तरीकों से क्लब का समर्थन कर रहे है। दोनों क्लब कुछ संयुक्त सेवा परियोजनाओं को लागू करने की योजना बना रहे है। चिंगोला और उसके आस-पास शौचालय उपलब्ध कराना एक प्राथमिकता है और भावसार ने एक निर्माता की पहचान की है जो ₹26,000 की मूल लागत के बजाय ₹19,000 में प्री-फैब्रिकेटेड शौचालय देने के लिए सहमत हो गया है। ''मेरा क्लब शौचालय भेजने के लिए अफ्रीकी क्लब के साथ समन्वय कर रहा है। हम अस्पताल निर्मित करने के लिए भी जल्द ही एक योजना पर काम करेंगे'', वह कहते है।

डीजी लूसी कसांगा, रो ई मंडल 9210, क्लब के विकास से बहुत खुश है। भवसार कहते है: ''जब किसी समुदाय में एक रोटरी क्लब स्थापित होता है, तो उसे एक दिल मिलने के साथ-साथ देखभाल करने वाले ऐसे पुरुषों एवं महिलाओं का समूह भी मिलता है जो क्षेत्र को एक बेहतर जगह बनाने के लिए एक साथ काम करते है।'' ■

सुविधाओं से वंचित महिलाओं को सिलाई मशीनें दान की गईं

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब बुरहानपुर, रो ई मंडल 3040, ने सुविधाओं से वंचित रोटरी महिलाओं को किश्तों पर सिलाई मशीनें प्राप्त करने में मदद की ताकि इन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्म-निर्भर बनाया जा सके। इस परियोजना के तहत मशीन हासिल करने के लिए, लाभार्थी को ₹1,250 का एक शरुआती भुगतान करना पड़ता है और बाकी की राशि ₹370 प्रति माह की किश्त के रूप में प्राप्त की जाती है। ''उनकी मशीनों के लिए स्वयं भुगतान करने पर ही उनमें स्वामित्व एवं गौरव की भावना का जन्म होगा। हमारे क्लब के कुछ सदस्य उन महिलाओं की मदद के लिए आगे आए जो शुरुआती किश्त नहीं दे पा रही थीं'', क्लब अध्यक्ष रिज़वान अब्बास ने कहा, आगे कहते हुए कि क्लब ने पिछले माह भी 10 सिलाई मशीनें प्रदान की थीं। ■

एक ऑनलाइन रोटरी-सीएसआर संगोष्ठी

RISAO स्टाफ एवं गैर-रोटरी पेशेवरों के साथ बातचीत करने के लिए रोटेरियनों को एक अवसर प्रदान करने हेतु EMGA सुरेश हरी और उनके दल ने जल, स्वच्छता एवं सफाई पर एक ऑनलाइन सीएसआर संगोष्ठी आयोजित की। न्यासी गुलाम वाहनवटी ने 'TRF कनेक्ट' पर एक स्वागत सम्बोधन दिया और इसके बाद कंपनी अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरणों की एक शृंखला पेश की गई जिनमें गिव इंडिया के अध्यक्ष ई आर अशोक कुमार, सोनी इंडिया के क्षेत्रीय सीएसआर प्रमुख देबराज एस रॉय, और कॉग्निजेन्ट के कर्मचारी स्वयंसेवा कार्यक्रम के वैश्विक प्रमुख दीपक प्रभु मत्ती शामिल थे।

टीआरएफ के एरिया ऑफ फोकस-गिफ्ट इनिश्यटिव के सदस्य पीडीजी रमेश अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया कि कैसे रोटरी WASH के माध्यम से समुदाय में परिवर्तन ला रहा है। रोटेरियन पंकज पटेल ने एक बड़ी जल संरक्षण परियोजना के लिए टाटा टेक्नॉलजीस के साथ रोटरी की साझेदारी पर प्रकाश डाला। यह एक सफल वैश्विक अनुदान परियोजना थी जिसे कुशल नियोजन एवं ज़ोन के क्लबों के सहयोग से पूरा किया गया था, उन्होंने कहा।

रोटरी बैंगलोर ऑर्चर्ड्स के पूर्व अध्यक्ष, रविशंकर दकोजु ने टीआरएफ में अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत दान दिया है और उन्होंने पूर्व में रिकार्ड की गई एक वीडियो बातचीत के माध्यम से बताया कि क्यों देने के लिए रोटरी उनकी पहली पसंद थी। EMGA जे बी कामदार, RRFC जॉन डेनियल और RRFC लक्काराजू सत्यनारायण ने इसे एक सफल वेबीनार बनाने के लिए हरी के साथ साझेदारी की। ■

District Wise TRF Contributions as on December 2020

(in US Dollars)

District Number	Annual Fund	PolioPlus	Endowment Funds	Other Funds	Total Contributions	EREY Donors (in numbers)	EREY %
India							
2981	37,517	3,571	10,923	0	52,011	173	3.5
2982	22,591	15,992	20,770	43,358	102,710	70	2.3
3000	23,575	15,896	20	8,700	48,191	48	0.9
3011	29,310	9,558	40,653	171,064	250,585	81	2.2
3012	10,706	2,480	0	8,532	21,718	46	1.3
3020	121,690	50,169	32,000	2,726	206,585	240	5.9
3030	18,221	2,284	21,243	128,275	170,024	63	1.2
3040	3,180	116	0	406	3,702	15	0.7
3053	9,733	2,593	0	92,289	104,615	28	1.0
3054	70,285	1,637	0	113,519	185,441	257	4.2
3060	38,125	(186)	32,641	56,375	126,955	669	15.3
3070	16,978	100	0	22,988	40,066	127	4.0
3080	42,053	12,083	0	(19,761)	34,376	88	2.7
3090	20,593	500	0	(736)	20,357	45	2.0
3100	43,392	252	0	4,224	47,868	150	6.7
3110	14,003	200	0	0	14,203	31	0.8
3120	1,055	1,769	0	(1,769)	1,055	3	0.1
3131	77,290	38,688	109,000	332,264	557,242	461	9.0
3132	13,759	2,582	0	963	17,305	42	1.3
3141	293,949	42,056	69,568	726,090	1,131,662	532	10.0
3142	147,612	7,472	101	(8,578)	146,607	393	12.3
3150	34,912	3,690	48,030	34,212	120,844	369	11.1
3160	10,075	6,951	16	0	17,042	33	1.3
3170	12,232	20,905	1,240	121,401	155,778	63	1.1
3181	25,453	2,775	0	7,050	35,278	95	2.8
3182	34,793	4,295	0	7,265	46,352	126	4.1
3190	45,356	35,012	25,000	112,074	217,442	412	8.2
3201	35,511	20,410	0	159,362	215,283	281	5.0
3202	26,887	19,295	8,468	20,272	74,923	99	1.8
3211	6,827	3,414	0	121,870	132,110	51	1.1
3212	13,691	32,054	14	108,733	154,492	18	0.4
3231	(249)	359	0	7,356	7,467	5	0.1
3232	17,160	33,242	2,000	361,364	413,766	108	1.9
3240	60,420	20,606	0	43,955	124,980	154	5.1
3250	9,179	713	0	93	9,986	138	3.7
3261	13,668	1,108	0	2,833	17,609	28	1.1
3262	23,710	2,500	0	0	26,211	68	1.9
3291	14,837	7,207	10,149	51,550	83,743	61	1.7
India Total	**1,440,078**	**424,353**	**431,837**	**2,840,320**	**5,136,587**	**5,671**	**3.8**
3220 **Sri Lanka**	69,460	17,130	26,000	15,015	127,605	165	8.7
3271 **Pakistan**	6,206	64,691	0	246,533	317,430	3	0.2
3272 **Pakistan**	39,367	10,131	0	1,168	50,666	171	10.2
3281 **Bangladesh**	119,573	5,445	29,000	150,549	304,567	361	5.1
3282 **Bangladesh**	45,434	5,707	0	7,770	58,911	91	2.2
3292 **Nepal**	114,934	9,063	0	188,061	312,058	**1,226**	24.8
South Asia Total	**1,835,051**	**536,520**	**486,837**	**3,449,416**	**6,307,823**	**7,688**	**4.5**
World Total	**58,398,648**	**14,412,464**	**15,173,768**	**15,315,772**	**103,300,652**		

Source: RI South Asia Office

अमरता की भूमि की ओर जा रहे है?

भरत और शालन सवुर

जब आप मधुकर तलवलकर की लंबी, बलिष्ठ काया को देखते है और उनकी मजबूत, स्पष्ट आवाज को यह घोषणा करते हुए सुनते है कि, 'मैंने अभी एक शानदार जीवन के 87 साल पूरे किए है,' तो आप पूरी तरह भौचक्के रह जाते है। फिर आप उन्हें सहज रूप से कैलिसिथिक्स करते हुए देखते है और आप अवाक रह जाते है। वह लोकप्रिय जिम तलवलकर्स के संस्थापक है। यह सुप्रसिद्ध भौतिक संस्कारी, क्या अपनी बातों पर खरा उतरता है!

कभी देर नहीं होती। खुद को बदलने के लिए कभी भी बहुत जल्दी या बहुत देर नहीं होती है, वह कहते हैं। कृपया अपना आज ध्यान रखिए। यदि आप युवा है, तो अभी से शुरुआत करें, आप भाग्यशाली है। यदि आप प्रौढ़ है, तो आप अभी भी भाग्यशाली है, आज से ही शुरुआत करें। यदि आप वृद्ध है, तो आप अत्यधिक भाग्यशाली है, आप समझदार है, आज से ही शुरूआत करें, वह आग्रह करते है। बस फिटनेस को समय दीजिए। वह कहते है, एक आदमी के लिए यह कितनी शर्म की बात है यदि वह उसकी उम्र बढ़ने के साथ वह उसके शरीर की सुंदरता और उसकी ताकत का कभी अनुभव ना कर पाए! आज, मेरा स्वास्थ्य बहुत बढ़िया है। मेरे शरीर ने कभी किसी चीज के बारे में शिकायत नहीं की है, मेरे घुटनों ने मुझे कभी परेशान नहीं किया है, मेरी पीठ के निचले हिस्से ने मुझे कभी परेशान नहीं किया है। मेरा दिल अपनी सबसे अच्छी अवस्था में है। मैं स्वास्थ्य के मामले में परिपूर्ण व्यक्ति हूँ!

वह एक प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक बात कहते हुए विदा लेते है, अपने शरीर से प्यार करो! अपने शरीर के हर एक सेंटीमीटर का ख्याल रखो! अपने स्वास्थ्य, व्यायाम, भोजन, नींद और अपने मन का ख्याल रखो फिर कोई भी चीज आपको परेशान नहीं कर सकती।

पचास के बाद 25! निश्चित रूप से, यह रोमांच का समय है। चीजें उस गति से बदल रही है जिस गति से हमारी धड़कनें भी नहीं चल पा रही है। लेकिन इस बात से आप परेशान ना हो। जैसे कि एक कविता है:

Don't let anyone steal your spirit,
Let it soar and fly on high.
Don't let anyone slow your progress
As you stretch and touch the sky.

इज़राइल मेडिकल सेंटर से डॉक्टर आमिर हडानी हमें बताते हैं कि बेशक जीवनशैली में सुधार और व्यायाम मदद करते है, पर जिस ऑक्सीजन-उपचार पर वे काम कर रहे है वह और भी अधिक प्रभावी है। तेल अवीव विश्वविद्यालय के डॉक्टर हडानी और डॉक्टर शैई एफराती ने पाया है कि तीन महीने तक एक चैम्बर में उच्च दबाव में ऑक्सीजन का संचालन करने से शरीर के टेलोमेरेस (जैसे-जैसे वह छोटे होते जाते है, हम बूढ़े होते है) लंबे हो जाते है और वास्तव में कोशिकाओं को 25 साल की उम्र का बना देते हैं। इस बात को अंकों में कहे तो - एक 50-वर्षीय व्यक्ति एक 25 वर्षीय की तरह उछल-कूद कर सकता है - यह सुनने में अद्भुत लगता है, है ना?

मंद आंखों में रोशनी: डेविड सिनक्लेयर, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में आनुवंशिकी के प्रोफेसर, द्वारा किया गया महान वादा काबिले तारीफ है। उनकी टीम के एतिहासिक आयुर्वृद्धि रोधक उपचार के आधार पर, सिनक्लेयर और उनकी टीम ने चूहों में नेत्र-ज्योति बहाल की है। मैं उत्साहित हूँ कि मैं उम्र बढ़ने और बीमारी, विशेषरूप से मनोभ्रंश जैसी बीमारियाँ जिनका कोई प्रभावपूर्ण इलाज नहीं होता है, के कारण खराब होने वाले ऊतकों को फिर से जीवित कर पाया... हमें उम्मीद है कि दो वर्षों में हम मानव मरीजों में मोतियाबिंद का इलाज कर पाएंगे, वह कहते है।

वास्तव में उन्होंने क्या किया? संक्षिप्त में कहे तो, उन्होंने जढ्ढ - तीन युवावस्था-लौटाने वाले प्रोटीन्स का मिश्रण - ऐसे चूहों की रेटिना नाड़ीग्रन्थि



कोशिकाओं में इन्जेक्ट किया जिनकी ऑप्टिक-तंत्रिका खराब हो रही थी और फिर नसें मस्तिष्क की ओर वापस से बढ़ने लगी: पुरानी कोशिकाएं युवा जीवंत कोशिकाओं में बदल गई और मंद आँखों में फिर से रोशनी प्रकाशित हो गई।

एंड्रयू हुबरमैन सीधे तौर पर सिनक्लेयर के अनुसंधान में शामिल नहीं है, लेकिन वह उत्सुकता से इसका अवलोकन कर रहे है। वह स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में एक न्यूरोसाइंटिस्ट है और वह नेचर में लिखते है, दशकों से यह तर्क दिया गया है कि सामान्य तंत्रिका विकास संबंधी प्रक्रियाओं को समझने से एक दिन हम उम्रदराज या क्षतिग्रस्त मस्तिष्क की मरम्मत फिर से कर पाएंगे... (यह) कार्य स्पष्ट करता है कि वह युग अब आ गया है।

यह मुझे एक और पुराने युग में वापस ले जाता है ... जब मैंने खुद को एक ऐसी दुनिया में पाया, जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा था - कश्मीर घाटी में बर्फ की खामोशी में लिपटी एक दुनिया। मैं उसकी सफ़ेद, विशाल भूमि में खो हो गया और जब मैं वापस अपने होश में आया, तो भीतर सन्नाटा पसरा हुआ था ... और वह गुनगुना रहा था! मैं स्तब्ध था। युवावस्था और स्वास्थ्य अज्ञात ताकतों के वादे एवं शक्ति के साथ बढ़ते उत्साह के अमृत है। आज, 50 साल बाद, मुझे उसी उत्साहित आशा का आभास हो रहा है, जैसे रात के अंधेरे को चीरकर दिन हमारे क्षितिज पर स्वर्णिम रोशनी का प्रकाश बिखेर रहा हो।



अपनी किताब द पावर ऑफ माइंड में, डॉक्टर जोसेफ मर्फी एक सज्जन के बारे में लिखते है जो उनकी बात खत्म होने के बाद उनके पास आकार कहते है, ङमैं 84 साल का हूं। मैं हर सुबह काम करता हूं, दोपहर में मरीजों को देखता हूं, और शाम को मैं चिकित्सा एवं अन्य वैज्ञानिक पत्रिकाओं के लिए लिखता हूं।ङ डॉक्टर मर्फी के अनुसार, उनका रवैया ऐसा था कि जितना वह स्वयं को उपयोगी समझते थे उतने वह थे और जितने युवा उनके विचार थे उतने ही वह भी थे। उन्होंने मुझसे कहा, ङएक व्यक्ति जितना सोचता है उतना ही वह शक्तिशाली होता है, और जितना वह स्वयं का मूल्य समझता है उतना ही मूल्यवान होता है। यदि मैं कल गुजर जाऊ, तो मैं स्वयं को अगले आयाम में लोगों की मदद करते एवं उन्हें ठीक करते हुए पाऊँगा, किसी सर्जन की छुरी से नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक सर्जरी से।फ और डॉक्टर मर्फी अपनी बात यह कहकर समाप्त करते है, इस सर्जन ने बढ़ती उम्र के सामने घुटने नहीं टेके। वह जानते है कि वह अमर है।

अमरत्व की सांस: क्या हम पहले से ही उस अगले आयाम की दहलीज पर आ पहुंचे है जिसकी बात सर्जन कर रहे थे? क्या वह अगला आयाम यहीं पृथ्वी पर है? क्या हमारी मृत्यु नहीं होगी? ऐसा इसलिए क्योंकि आनुवंशिक इंजीनियर लुईस कॉरडेरो और कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के गणितज्ञ डेविड वुड ने दी डेथ ऑफ डेथ लिखकर अमरत्व पर उनका वैज्ञानिक तथ्य प्रस्तुत किया है। उन्हें उम्मीद है कि 2045 तक उम्र बढ़ने को रोके जा सकेगा और मृत्यु वैकल्पिक हो जाएगी। इंसानों की मृत्यु केवल दुर्घटनाओं से होगी, और कभी भी वे प्राकृतिक कारणों या बीमारी की वजह से नहीं मरेंगे, वे कहते है।

नैनोटेक्नॉलजी की सहायता से, उन्हें शरीर के अंगों को 3डी प्रिन्ट करने की उम्मीद है। यह केवल नए अंगों के प्रत्यारोपण के बारे में नहीं होगा, बल्कि स्वस्थ जीनों के साथ अस्वास्थ्यकर जीन को, जीवित कोशिकाओं के साथ मृत कोशिकाओं को बदलने, स्टेम सेल्स की सहायता से क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की मरम्मत करने के साथ-साथ और भी बहुत कुछ किया जाएगा। 10 वर्षों के भीतर, कैंसर के साथ-साथ अन्य बीमारियों का इलाज संभव होगा, वे कहते है। और अगर हम ऐसा सोच रहे है कि यह सब अत्यधिक महंगा होगा, और केवल अत्यधिक धनी व्यक्ति ही इसे करवा सकेंगे, तो कॉरडेरो और वुड के पास इसका जवाब भी है। शुरुआत में, यह महंगा होगा, लेकिन एक प्रतिस्पर्धी बाजार होने के कारण, कीमत धीरे-धीरे कम हो जाएगी क्योंकि मांग बढ़ेगी और सभी को लाभ होगा। दोनों इंजीनियरों को उम्मीद है कि इन सभी आयुर्वृद्धि रोधक, मृत्यु-रोधक ट्रीटमेंट का खर्च केवल एक नए स्मार्टफोन जितना ही होगा! सच्चाई यह है: हमारे स्मार्ट दिमाग में सभी प्रकार के बटन दबाए जा रहे हैं क्योंकि विज्ञान चमत्कारी इलाज एवं समाधान सामने ला रहा है, जिसमें अमरत्व भी शामिल है। क्या हमारी उत्कृष्ट मानवीय संवेदनाएँ इस तकनीकी प्रगति में अपना दम तोड़ देंगी या वे हमारा और भी अधिक परिष्कृत संस्करण बन जाएगी? मगर फिर भी, मैं खुद को रोक तो नहीं सकता पर महसूस कर सकता हूँ कि हमारे प्राचीन योगियों ने हिमालय की जड़ी-बूटियों एवं इसकी शुद्ध हवा में इस तरह के चमत्कारी लगने वाले इलाज खोजे थे। क्या अमरत्व के हमारे मिथक कल के सत्य के साथ नृत्य करते नजर आएंगे? इसी बीच, जड्ख, युवा-प्रोटीन कॉकटेल हमारी प्रयोगशालाओं में शान से मौजूद है, एक रोग मुक्त जीवन एक कोने में खड़ा हमारी आंखों के सामने हमारा इंतज़ार कर रहा है, हम इस नए को आदर्श बनता देख सकते है। यह समय को परिवर्तित कर देने वाले कार्यक्रम में कदम रखने जैसा है। अजीब, लेकिन अद्भुत।

एक आदमी के लिए यह कितनी शर्म की बात है यदि वह उसकी उम्र बढ़ने के साथ वह उसके शरीर की सुंदरता और उसकी ताकत का कभी अनुभव ना कर पाए! आज, मेरा स्वास्थ्य बहुत बढ़िया है।

लेखक फिटनेस फॉर लाइफ, *और* सिम्पली स्पिरिचुअल-यू आर नैचुरली डिवाइन *के लेखक है और फिटनेस फॉर लाइफ कार्यक्रम के शिक्षक है।*

मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब आडुदुराई - रो ई मंडल 2981

एक स्थानीय दवाई की दुकान के साथ साझेदारी में हृदय के साथ फेफड़े की जांच का शिविर आयोजित किया गया था। क्लब अध्यक्ष एम पी मनोहरन ने शिविर का समन्वय किया जिससे 300 लोग लाभान्वित हुए।

रोटरी क्लब देवास - रो ई मंडल 3040

क्लब द्वारा आयोजित किए गए एक विशाल नेत्र शिविर में 62 बुजुर्ग मरीजों की मोतियाबिंद सर्जरियाँ की गई।

रोटरी क्लब करमबाकुड़ी - रो ई मंडल 3000

क्लब अध्यक्ष ए सेंथिल के नेतृत्व में वीरादीपट्टी गाँव स्थित एक मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। क्लब सदस्य वी एम एस वीरप्पन ने परियोजना का समन्वय किया।

रोटरी क्लब अहमदाबाद अस्मिता - रो ई मंडल 3054

विश्व AIDS दिवस पर, क्लब ने गांधीनगर के सिवल अस्पताल में HIV पाज़िटिव बच्चों के पोषण स्तर में वृद्धि करने के लिए उन्हें प्रोटीन पाउडर वितरित किए।

रोटरी क्लब दिल्ली वेस्ट - रो ई मंडल 3011

मैग्सेसे पुरस्कार विजेता रवि कालरा द्वारा चलाए जा रहे परित्यक्त लोगों के घर, अर्थ सेवीयर्स, में क्लब ने ₹2 लाख की चिकित्सीय सामग्रियाँ एवं फल वितरित किए।

रोटरी क्लब तारापुर - रो ई मंडल 3060

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद मेमोरियल, वडोदरा, और वन विभाग के अधिकारियों की वित्तीय सहायता से जरूरतमन्द लोगों को राशन किटें वितरित की गई।

मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब अमृतसर नॉर्थ - रो ई मंडल 3070

नेत्रहीन लड़कियों के एक स्कूल को एक वाशिंग मशीन दान की गई। सदस्यों ने विद्यार्थियों को नाश्ता एवं जूस वितरित किए। कुछ नकद दान भी किया गया।

रोटरी क्लब खुर्जा शक्ति - रो ई मंडल 3100

यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने क्लब का दौरा किया और रोटेरियनों से बातचीत की। AG सिद्धार्थ सिंघल ने रो ई थीम वाली लेपल पिन उन्हें प्रस्तुत की।

रोटरी क्लब रुड़की - रो ई मंडल 3080

बच्चों का प्रतिरक्षण करने हेतु उन्हें पोलियो की बूंदें पिलाते हुए रोटेरियनों के साथ पोलियो दिवस मनाया गया।

रोटरी क्लब कुशीनगर - रो ई मंडल 3120

क्लब द्वारा गांधी चौक, कसिया, में कम इस्तेमाल किए गए गरम कपड़ों को एकत्रित करके उन्हें जरूरतमन्द परिवारों में बांटने के लिए एक स्टॉल स्थापित किया गया।

रोटरी क्लब पदमपुर - रो ई मंडल 3090

एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब ने शिविर से 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया जिसमें उप-प्रभागीय न्यायाधीश सुभाष कुमार भी शामिल हुए थे।

रोटरी क्लब बिबवेवड़ी पुणे - रो ई मंडल 3131

प्रोजेक्ट *एक निश्चय* के तहत, क्लब ने एस जी एनालिटिक्स के साथ साझेदारी में चार महीनों में 8,000 प्रवासी परिवारों को राशन किटें दान की।

मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब बर्शी - रो ई मंडल 3132

क्लब ने कक्षा 9-10 के छात्रों के लिए विभिन्न स्कूलों में सभाओं का आयोजन किया। रोटेरियनों ने छात्रों को रोटरी के मूल्यों, वैश्विक गतिविधियों से अवगत करवाया और उनकी इन स्कूलों में विभिन्न परियोजनाएं करने की योजना है।

रोटरी क्लब करकला - रो ई मंडल 3182

क्लब ने एक पाइप कॉमपोस्टिंग करने के लिए करकला नगरपालिका के साथ हाथ मिलाया। क्लब अध्यक्ष रेखा उपाध्याय और उनकी टीम ने सब्जी, घरेलू कचरे को जैविक खाद में बदलने की आवश्यकता पर जागरूकता पैदा की।

रोटरी क्लब अम्बरनाथ ईस्ट - रो ई मंडल 3142

50 अशक्त लोगों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं वितरित की गईं। गवर्नर के प्रमुख सहयोगी सरजेराओ सावंत इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

रोटरी क्लब बैंगलोर विद्यापीठा - रो ई मंडल 3190

नयाचेतना ट्रस्ट को दो बिजली से चलने वाले गीज़र दान किए गए। क्लब अध्यक्ष संदीप निजागल ने परियोजना का समन्वय किया और पानी के गीज़रों को लिए धन की व्यवस्था की।

रोटरी क्लब निपानी - रो ई मंडल 3170

व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूकता पैदा करने के लिए ग्लोबल हैंडवाशिंग डे की पूर्व संध्या पर माध्यमिक विध्यालय के छात्रों के लिए निबंध एवं चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

रोटरी क्लब कोयम्बटूर सैटलाइट - रो ई मंडल 3201

क्लब ने निगम आयुक्त श्रवण कुमार जाटवथ को ₹1.5 लाख के फेस मास्क सौंपे।

Rotary PEOPLE OF ACTION

मंडल गतिविधियाँ

रोटरी क्लब राजपलायम - रो ई मंडल 3212

कक्षा के शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक सरकारी स्कूल को ₹1.15 लाख की एक डिजिटल कक्षा दान की गई।

रोटरी क्लब रायगढ़ स्टील सिटी - रो ई मंडल 3261

निवासियों की सुविधा के लिए गवर्नमेंट पालूराम धननिया कॉलेज के पास ₹1 लाख की लागत से एक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया।

रोटरी क्लब वेल्लोर नॉर्थ - रो ई मंडल 3231

काटपदी के समीप कारिगीरी स्थित SIHR & LC अस्पताल को तिपहिया साइकिल और बैसखियाँ दान की गई।

रोटरी क्लब बालासोर - रो ई मंडल 3262

स्टेशन चौक पर शहर के बीचोंबीच ₹10 लाख की लागत से एक ट्रैफिक पोस्ट वाले रोटरी क्लॉक टॉवर का निर्माण किया गया।

रोटरी क्लब आलंदूर - रो ई मंडल 3232

जावधु पहाड़ियों पर 55 रोटरेक्टरों के लिए दो दिवसीय RYLA का आयोजन किया गया जिसमें नेतृत्व सत्र और एक वन यात्रा प्रमुख आकर्षण थे।

रोटरी क्लब बेलूर - रो ई मंडल 3291

निगम पार्षद सुष्मिता भट्टाचार्य, डीजी सुदीप मुखर्जी, पीडीजी रवि सहगल की उपस्थिति में दक्षिण एवं मध्य कोलकाता में एक पोलियो जागरूकता कार रैली का आयोजन किया गया।

वी मुत्तुकुमारण द्वारा संकलित

मेरे कॉलेज की यादों का सफर

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

पिछले महीने हम दोस्तों के छोटे समूह ने दिल्ली विश्वविद्यालय स्थित हमारे भूतपूर्व कॉलेज भ्रमण का फैसला किया, हिंदू कॉलेज जो चर्चा में कम रहता है लेकिन शैक्षणिक दृष्टि से देश के प्रमुख संस्थानों में एक सम्मानित कॉलेज है। इसने कुछ पुरानी अद्भुत यादें ताज़ा कर दीं । जैसा कि नाम से ही प्रतीत होता है, 1899 में इस कॉलेज की शुरुआत एक राष्ट्रवादी कॉलेज के रूप में हुई थी। कॉलेज की पुरानी पत्रिकाओं में उस समय के घटनाक्रम पर बहुत सारी सामग्रीदर्ज है। अंग्रेज कॉलेज को नापसंद करते थे।

जुलाई 1967 में हमारे इस छोटे से ग्रुप ने इस कॉलेज के साथ साथ इस के हॉस्टल में भी प्रवेश ले लिया था। हम में से ज्यादातर छात्र सिर्फ 16 साल के थे। सोचिए, सिर्फ 16! कुछ 17 के भी थे। सबसे अधिक सिर्फ 21 की उम्र के थे, वे एमए की पढ़ाई कर रहे थे लेकिन कुल मिलाकर उनकी संख्या मुश्किल से 15 प्रतिशत थी। सीनियर्स ने एक महीने तक फ्रेशर्स की रैगिंग की थी। फिर 15 अगस्त को हमारे लिए भव्य रात्रिभोज का आयोजन भी उन्होंने ही किया था। रैगिंग के पहले सप्ताह में बहुत कष्ट होता था, लेकिन होता था बाद में उसकी आदत पड़ गई थी क्योंकि यह ज़्यादा बुरी नहीं होती थी। उसमें से एक तो मुझे आज भी अच्छे से याद है कि मुझे हर समय हाथ में एक ऐशट्रे लिए अपने सीनियर के आस पास ही रहना पड़ता था ताकि वह इसमें अपनी सिगरेट की राख झाड़ सके। मुझे बोलने की अनुमति नहीं थी लेकिन कक्षा में जाने की अनुमति थी।

एक बार वही सीनियर एक फिल्म में पांच फ्रेशर्स को साथ ले गए। उसी ने उनके टिकटों का भुगतान किया और ठीक उनके पीछे की पंक्ति में बैठ गए-और फ्रेशर्स से कहा कि फिल्म के दौरान उनका चेहरा पीछे रहेगा, पूरी फिल्म पीछे मुड़ कर उसकी शक्ल देखनी है और फिर डिनर पर फिल्म की कहानी सुनानी है। इसमें ज़्यादातर मज़ा आता था और कोई नुकसान भी नहीं होता था ।

खैर, 1967 का वर्ष 54 साल पहले की बात है और यह देखकर अच्छा लगा कि उस समय से आज तक, नए पाठ्यक्रमों और अधिक छात्रों को समायोजित करने के लिए कुछ नई इमारतों के अलावा, कॉलेज में कोई ज़्यादा बदलाव नहीं हुआ था। छोटी कक्षाएं देख कर हमें आश्चर्य हुआ, जिसमें 25 छात्र बैठ सकते थे। पहले वर्ष में मेरी कक्षा 14 छात्रों के साथ शुरू हुई थी और तीन साल बाद जब हम स्नातक बन कर निकले, 10 के साथ समाप्त हुई थी। शिक्षण बहुत आरामदायक थी क्योंकि कक्षाएं अगर छोटी थीं, तो ट्यूटोरियल के समूह उससे भी छोटे थे, 3-4 छात्रों के। इसके अलावा, अधिकांश संकाय परिसर में ही रहते थे और ट्यूटोरियल उन्हीं के ड्राइंग रूम में कभी-कभी चाय और समोसे के साथ आयोजित किए जाते थे। यह सब बहुत ही शिष्ट और सभ्य था।

जब आप 16 साल के होते हो और 120 अन्य लड़कों के साथ घर से दूर रहना पड़ता है, तो आप हमेशा के लिए लिए बदल जाते हैं - मुख्यतः क्योंकि आप को हमेशा भूख लगती रहती है। ऐसा नहीं है कि हॉस्टल में भोजन की कमी हो । फर्क सिर्फ इतना था कि हम बड़े हो रहे थे और बहुत एक्टिव थे। महीने के अंत तक पॉकेट मनी को बचा कर रखना पड़ता था क्योंकि फिल्म जैसी और भी चीजें भी होती थी,जिसकी वजह से हममें से ज़्यादातर भूखे रहते थे। और निश्चित रूप से, नई स्वतंत्रता का सीधा मतलब था कि हम सब धूम्रपान करते हैं। 10 चारमीनार सिगरेट के एक पैकेट की कीमत 30 पैसे थी जिसका मतलब था ₹9 महीने या कुल पॉकेट मनी का एक चौथाई भाग। भूख लगना स्वाभाविक था।

हालाँकि, अब हॉस्टल काफी जर्जर हो चला है क्योंकि कॉलेज को फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं है। हम सब के पास एकल कमरे थे, लेकिन यह देखकर बहुत दुख हुआ कि अब एक कमरे में चार छात्रों को ठहराया जाता है । मुझे उम्मीद है कि आधुनिक गर्ल्स हॉस्टल की तर्ज पर जल्द ही नये हॉस्टल का पुनर्निर्माण किया जाएगा।

कॉलेज के दिनों में हमारा मुख्य स्थल खेल का मैदान हुआ करता था। यह लगभग पांच एकड़ में फैला घास का एक विशाल आयताकार मैदान है। इसके बीच में क्रिकेट की पिच थी और किनारे पर टेनिस कोर्ट बने हुए थे, जो अब नहीं रहे। क्रिकेट पहले भी आकर्षण का मुख्य केंद्र हुआ करता था और आज भी है। 1960 के दशक के उत्तरार्ध में कॉलेज की टीम में चार नियमित रणजी ट्रॉफी और दो दिलीप ट्रॉफी स्तर के खिलाड़ी खेलते थे । इस कॉलेज ने 1955 से तीन - चार टेस्ट स्तर केखिलाड़ी भी दिए हैं। मैंने भी कॉलेज की टीम के लिए खेलने की कोशिश की थी, पर उतना बढ़िया नहीं खेलता था ।

नादानी,बचपना,निराशाएँ, सफलताएँ, दीवानापन और इन सबसे ऊपर, वो दोस्त जो कॉलेज की किसी भी चीज़ से ज़्यादा महत्व रखते हैं, इस यात्रा ने हम सभी के लिए कुछ ना कुछ अद्भुत यादें दिला/लौटा दीं।

लौटते हुए सब चुप थे, सब यादों में खोये हुए थे, कोई बात नहीं कर रहा था, पर चारों तरफ पसरा हुआ सन्नाटा सब कुछ बयाँ कर रहा था। ■

शानदार नेतृत्व

इंस्टिट्यूट के संयोजक कमल संघवी और अध्यक्ष संजय खेमका।

2021–22 के DG

ठखझए शेखर मेहता और राशी, रो ई निदेशक भरत पांड्या, माधवी, रो ई निदेशक कमल संघवी, ढठक्ष ट्रस्टी गुलाम वाहनवती, ठखऊए महेश कोटबागी, अमिता, ठखऊए ए एस वेंकटेश, विनीता, झठखऊ मनोज देसाई, झउक्ष रंजन ढींगरा और झउक्ष टी के रूबी के साथ उक्षड़ी।

रशीदा भगत

Regn. No. TN/CCN/359/2021-2023 | Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: `35
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/21-23
Registered with Registrar of News Papers for India TNHIN/2001/05271 Rotary Samachar Published on 1st of every month